संसेक्स 71,355.22 ▼ -670.93
डॉलर 83.125 ▼ -0.066

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 13.0 | 14.0 |
| धनबाद | 23.0 | 13.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 13.0 | 20.0 |
| पलामू | 22.0 | 13.0 | 14.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | रांची, मंगलवार, 09 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 332, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



संपादकीय — क्यों जरुरी है बांग्लादेश में हसीना की ...8

9 फरवरी को आर्या के रूप में 'अंतिम वार'... 12 — देश-विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 78,000

## एक नजर

### मेकॉन के साथ 85 लाख के फर्जीवाड़े की जांच करेगी सीबीआई

**रांची।** मेकॉन लिमिटेड के साथ किए गए 85 लाख के फर्जीवाड़े मामले की जांच सीबीआई करेगी। सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार इस मामले को सीबीआई ने टेकओवर करते हुए कांड संख्या आरसी 024202 ए 0001 दर्ज किया है। इस मामले का आईओ सीबीआई एसीबी रांची के डीएसपी ब्रजेश कुमार को बनाया गया है। मेकॉन लिमिटेड से ओडिशा की हॉक्स सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिये 85 लाख रुपये का फजीर्वाड़ा किया गया था। इस मामले में एक जनवरी 2019 को मेकॉन लिमिटेड की ओर से डोरंडा थाना में फजीर्वाड़ा का मामला दर्ज कराया गया था। आरोप है कि सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से जानबूझकर और बेईमानी से मेकॉन लिमिटेड रांची द्वारा दिए गए कार्य आदेशों के संदर्भ में जाली बैंक गारंटी तैयार की और इस तरह से मेकॉन लिमिटेड को 85 लाख रुपये का नुकसान हुआ था।

### चक्रधरपुर में 27 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले की चक्रधरपुर पुलिस ने 27 पुड़िया ब्राउन शुगर ड्रग्स के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक का नाम अभि कुमार है और चक्रधरपुर के रामदास भट्टा का रहने वाला है। पकड़ा गया युवक छात्र है। छुट्टियों में अपने घर आया हुआ था। जानकारी के अनुसार आरोपित युवक रामदास भट्टा के पास ब्राउन शुगर की छोटी-छोटी पुड़िया ड्रग्स का नशा करने वालों को बेच रहा था। चक्रधरपुर पुलिस ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह रामदास भट्टा के पास ड्रग्स के नशे का खुलेआम कारोबार कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और मौके से ड्रग्स बेचते रंगेहाथ आरोपित को पकड़ लिया। उसके पास से कुल 27 पुड़िया ब्राउन शुगर की बरामद हुई।

# झारखंड का बजट प्राथमिकता-आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करे : हेमंत सोरेन

■ लघु-कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगारपरक योजनाओं पर जोर ■ खेल गतिविधियों को बढ़ावा-महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 2024-25 का बजट झारखंडवासियों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, पानी, सड़क, आवास योजना और सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन राशि, स्कूल एवं कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर विशेष फोकस होना चाहिए। वह सोमवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बजट 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव भी उपस्थित थे।



▶▶ उच्चस्तरीय बजट पूर्व बैठक

बैठक में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, योजना एवं विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गांव, कृषि, किसान पर विशेष फोकस रहे

सीएम ने कहा कि बजट में जन-कल्याण और सर्वांगीण विकास पर जोर रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, इस निमित्त निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। झारखंड कई क्षेत्रों में तेज गति से प्रगति भी कर रहा है। गांव, कृषि, किसान और नौजवान पर फोकस करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बजट में रोजगार तथा स्वरोजगार के प्रावधानों में वृद्धि पर जोर दें। आनेवाले समय में भी इन्हें और मजबूत किए जाने के लक्ष्य के साथ कार्य योजनाएं राज्य सरकार बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट 2024-25 में दूरदर्शिता के साथ प्रावधानों को समाहित करें। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिले इस सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

### जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, मनरेगा के लिए प्रावधान, रोजगार तथा स्वरोजगार बढ़ाने, खेल गतिविधियों को बढ़ावा, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार, बच्चों के पोषण में सुधार सहित अन्य सभी जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने का निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बजट में एक नई और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

## 2002 के गुजरात दंगे के दौरान सामूहिक दुष्कर्म व सात की हत्या का मामला

# बिलकिस बानो केस में गुजरात सरकार का फैसला निरस्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले 11 आरोपियों की रिहाई खारिज कर दी गई है। मालूम हो कि गुजरात में वर्ष 2002 में दंगे के दौरान बिलकिस के साथ नृशंस सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। यहीं नहीं, बिलकिस के आंखों के सामने उसके परिवार के 7 लोगों की हत्या भी कर दी गई थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के फैसले को रद्द किया और फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा आदेश देने के लिए राज्य सरकार बिल्कुल भी 'सक्षम नहीं' थी और फैसले को बिना दिमाग लगाए पारित कर दिए गए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोषियों को दो सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया हैं। सजा में छूट को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को सुनवाई योग्य मानते हुए पीठ ने कहा कि गुजरात सरकार छूट का आदेश पारित करने के लिए उपयुक्त सरकार नहीं है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि राज्य, जहां किसी अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, वह दोषियों की माफी याचिका पर निर्णय लेने में सक्षम है। दोषियों पर महाराष्ट्र द्वारा मुकदमा चलाया गया। दरअसल, मुंबई में हाईकोर्ट की एक विशेष अदालत ने इस मामले में 2008 में 11 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी इस फैसले पर अपनी मुहर लगाई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'कानून के शासन का उल्लंघन हुआ है क्योंकि गुजरात ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर




### कब क्या हुआ

- दोषियों को गुजरात सरकार ने छूट दी और 15 अगस्त, 2022 को सभी को रिहा कर दिया
- बांबे हाईकोर्ट की एक विशेष अदालत ने 2008 में 11 आरोपियों को उम्र कैद की सजा दी थी
- 2002 दंगे में बिलकिस के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ व उसके सामने उसके परिवार के 7 लोगों की हत्या कर दी गई
- एक न्यायिक पीठ के 13 मई, 2022 के आदेश को भी सुप्रीम कोर्ट ने 'अमान्य' करार दिया
- इसमें गुजरात सरकार से दोषियों की सजा माफी की याचिका पर विचार करने को कहा गया था

### एससी के तीखे बोल

- आदेश देने के लिए गुजरात सरकार 'सक्षम नहीं' थी यह महाराष्ट्र सरकार का अधिकार क्षेत्र
- गुजरात सरकार ने फैसले बिना दिमाग लगाए पारित कर दिया
- राज्य सरकार का फैसला अदालत के साथ धोखाधड़ी, अदालत के सामने फैक्ट छिपाए गए
- कानून के शासन का उल्लंघन हुआ, क्योंकि गुजरात सरकार ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया
- यह एक क्लासिक मामला, अदालत के आदेश का इस्तेमाल छूट देकर कानून के नियम का उल्लंघन के लिए किया गया

### भारत ने मालदीव के उच्चायुक्त को तलब किया, जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** भारत ने मालदीव के मंत्रियों के पीएम को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी को गंभीरता से लिया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने मालदीव के उच्चायुक्त को तलब किया है। मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब दिल्ली के साउथ ब्लॉक में विदेश मंत्रालय पहुंचे। भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मालदीव के मंत्रियों की अशोभनीय टिप्पणियों पर सख्त नाराजगी जताई। उल्लेखनीय है कि मालदीव की महिला मंत्री मरियम शिउना ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसके बाद यह टिप्पणी वायरल हो गई। इस मुद्दे को भारत ने मालदीव की मोहम्मद मुइज्जू सरकार के सामने उठाया।

## राजस्थान में 10 दिन पहले बने थे मंत्री

# उपचुनाव हार गये सुरेंद्रपाल

**एजेंसी। जयपुर**

10 दिन पहले 30 दिसंबर को मंत्री पद की शपथ लेने वाले सुरेंद्र पाल सिंह टीटी करणपुर सीट से उपचुनाव हार गये। उन्हें प्रतिद्वंदी कांग्रेस नेता रूपिंदर सिंह ने 11 हजार वोटों से हरा दिया। रूपिंदर सिंह कांग्रेस के तत्कालीन विधायक गुरमित सिंह कूनर के बेटे हैं। बता दें कि पिछले महीने चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस उम्मीदवार और तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह कूनर का निधन हो गया था। इस वजह से करणपुर सीट पर मतदान को स्थगित कर दिया गया था। जिसके बाद उपचुनाव की घोषणा हुई थी। जिसमें कांग्रेस ने कूनर के बेटे रूपिंदर सिंह को उम्मीदवार बनाया था। 30 दिसंबर को बीजेपी ने अपने फैसले से सबको चौंका दिया था क्योंकि बिना चुनाव जीते ही सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री पद की शपथ दिला दी थी। मंत्री बनने के बाद टीटी उपचुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त हो गये थे। उन्होंने कहा था कि श्रीकरणपुर के मतदाता बहुत समझदार हैं, वे चुनाव जरूर जीतेंगे। उन्होंने कहा था कि पार्टी ने उनके माध्यम से सिख समाज को सम्मानित किया है।



## तीन वर्ष से अधिक समय से जमे अधिकारियों का होगा स्थानांतरण

# झारखंड राज्य आवास बोर्ड में 70 से अधिक अधिकारी व कर्मी वर्षों से जमे हैं

**रवि चंद कपूर। रांची**

लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी है। चुनाव कराने के लिए आयोग द्वारा सभी स्तर पर प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए वैसे अधिकारियों और कर्मियों को पदस्थापित जिला से हटाकर अन्य जिला में स्थांनातरित किया जाता है। जो अपने गृह जिला या फिर तीन साल या उससे अधिक समय से पदास्थापित हो। भारत चुनाव आयोग ने झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत अपने गृह जिला अथवा पदस्थापन स्थान में विगत 4 वर्षों में तीन वर्ष पूरा करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में कट ऑफ डेट 30 जून, 2024 निर्धारित की गई है। पत्र में निर्देश दिया गया है कि यथा शीघ्र स्थानांतरण से संबंधित परिपक्व मामलों की समीक्षा करते हुए 31 जनवरी, 2024 के पूर्व स्थानांतरण व पदस्थापन की प्रक्रिया को पूरा किया जाय।

**आरएनएम एक्सक्लूसिव**

**बोर्ड में कई पदों पर कार्यरत कर्मी चार वर्ष से लेकर 33 वर्षों तक एक ही स्थान पर जमे हुए हैं**

(संबंधित खबर पेज-4 पर)

# झारखंड विस अध्यक्ष के मामले में हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबींद्रनाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका की सुनवाई हुई। मामले में प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो की ओर से दायर प्रारंभिक आपत्ति पर बहस हुई। प्रारंभिक आपत्ति पर दोनों पक्षों की सुनवाई सोमवार को पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो के अधिवक्ता अरविंद लाल ने कोर्ट से आग्रह किया कि इस चुनाव याचिका को निरस्त किया जाए क्योंकि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। पिछली सुनवाई में प्रारंभिक आपत्ति पर सुनवाई के दौरान रबींद्रनाथ महतो की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उक्त चुनाव याचिका में कई त्रुटियां हैं। याचिकाकर्ता ने कोई ऐसा बिंदु नहीं दिया है जिससे इस चुनाव याचिका पर सुनवाई हो सके। इस चुनाव याचिका से एक तरफ कोर्ट का समय बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ रबींद्रनाथ महतो को भी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। याचिकाकर्ता ने चुनाव याचिका में कहा है कि रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव के दौरान एक पैम्फलेट छपवाया था, जिसमें उनके खिलाफ चुनाव में दुष्प्रचार किया गया, जिससे उनका जनाधार खत्म हुआ है। इसलिए रबींद्रनाथ महतो का निर्वाचन रद्द किया जाए।



### जेट स्ट्रीम के चलते राज्य में बढ़ी कनकनी

**रांची।** सोमवार को रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मध्यम से घने कोहरे का असर देखा गया। इसको देखते हुए भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है। जनवरी में रांची समेत मध्य भाग में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। दो से तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि व प्रौद्योगिक विवि की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि 13 राज्यों के ऊपर जेट स्ट्रीम गुजर रहा है। झारखंड अभी घने कोहरे की आफत का सामना कर रहा है। इसी के कारण शनिवार को रांची समेत राज्य के कई जिलों में धूप नहीं निकली।

**अगले दो दिनो तक रहेगी कड़ाके की ठंड...**

## इंडिया

# जीतने वालों के लिए उम्र एक आंकड़ा होता है



सुनील बादल

*भारत* में 60 साल मतलब सठियाना बहुत प्रचलित रहा है जिसे प्राचीन शास्त्रों में वानप्रस्थ कहा जाता था क्योंकि तब आधुनिक चिकित्सा विज्ञान बहुत विकसित नहीं था और हैजा, चेचक जैसी सामान्य हो चुकीं बीमारियां तब महामारी मानी जातीं थीं। आज शुद्ध पेयजल, जागरूकता, आधुनिक वैज्ञानिक शोध, सफल टीकाकरण और प्राचीन योग तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा के मेल से भारत एक ऐसे स्थान पर पहुंच चुका है जहां पूर्व के शहरी कृशकाय वृद्धों, बीमारियों से खोखला शरीर या संघर्षों से निस्तेज हो चुके चेहरों के बजाय उम्र को धोखा देते लोग बढ़ते जा रहे हैं जिनके लिए उम्र सिर्फ एक संख्या बनकर रह गया है। पीएम मोदी, फिल्मों के महानायक अमिताभ बच्चन से लेकर हमारे आसपास ऐसे शांत, सुसंयत अनेक लोग मिल जाएंगे जो गांवों में कठोर परिश्रम से लेकर बड़े-बड़े पदों पर काम कर रहे हैं। इन्हें बूढ़ा या बुजुर्ग कहलाना भी पसंद नहीं और लाचार या मजबूर कहलाना भी पसंद नहीं। क्या है उस ऊर्जा या शक्ति का स्रोत जो उन्हें आयु के विपरीत जीवंत बनाए रखता है?

फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एंटोनियो टेरासियानो के अनुसार, 'जब वैज्ञानिक पूछते हैं, 'आप दिन के ज्यादातर वक्त खुद को कितनी उम्र का महसूस करते हैं?' तब लोग इस सवाल का जो जवाब देते हैं, वह उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को दर्शाता है।' जो लोग खुद को अपनी उम्र से कम का महसूस करते हैं, वे सामान्यतः उन लोगों की तुलना में ज्यादा स्वस्थ होते हैं, जो खुद को ज्यादा उम्र का महसूस करते हैं। 2018 में दक्षिण कोरिया में हुए एक अनुसंधान में 68 स्वस्थ बुजुर्गों के दिमागों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि जो लोग खुद को युवा महसूस करते हैं, उनमें वृद्धावस्था के लक्षण कम ही दिखे। सवाल उठता है कि क्या युवा महसूस करना लोगों को स्वस्थ बनाता है, या फिर जो लोग पहले से स्वस्थ हैं, वे युवा महसूस करते हैं। एजिंग एंड मेंटल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक चीनी अध्ययन में पाया गया कि लोगों ने याददाश्त संबंधी कार्य में बेहतर प्रदर्शन किया, जब उन्हें बताया गया कि वे अपनी उम्र के अन्य लोगों की तुलना में ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर



## एक नजर

### पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने बैठक कर बीडियो को सौंपा ज्ञापन

**मांडर।** मांडर प्रखंड सभागार में सोमवार को पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अलताफ अहमद ने किया। इस दौरान सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने अपनी बातों को रखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार को ज्ञापन सौंपा। सभी की बातों को सुनते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने कहा कि आप सभी स्वयं सेवक पंचायत में विकास योजनाओं में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाते है और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम भी करते है। इस लिए ये हक आप लोगों को ही मिलना चाहिए।

### बाघवार अकादमी के बच्चों ने किया दशम जलप्रपात का भ्रमण

**चान्हो।** शनिवार को बाघवार अकादमी चान्हो के बच्चों को दशम जलप्रपात का भ्रमण कराया गया। बच्चों के लिए यह यात्रा काफी यादगार रहा। उन्होंने प्रकृति के मनोरम दृश्य का लुत्फ उठाया। इस शैक्षणिक यात्रा से लौटकर बच्चों ने अपने अनुभव को बताया और कहा कि इस तरह की यात्रा से काफी कुछ सीखने को मिलता है। हमें प्रकृति के रहस्यों को जानने का मौका मिलता है। साथ ही साथ हमें यह सीखने को मिला कि हमारे झारखंड में बहुत सारी खूबसूरत जगह हैं।

### रास्ते की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने की विधायक से फरियाद

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड मुख्यालय के पीछे बसे शांति नगर के ग्रामीणों ने रास्ते की मांग को लेकर विधायक से फरियाद की। सोमवार को विधायक कोचे मुंडा ने शांति नगर के ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन से मिलकर किसी न किसी रूप से एक वैकल्पिक रास्ता बनाया जाएगा, ताकि ब्लॉक के पीछे रहनेवालों ग्रामीणों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। विधायक ने बीडीओ और सीओ से मिल कर ग्रामीणों के आने जाने के लिए कोई रास्ता निकालने को कहा।

## उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक सोमवार को आयोजित हुई। इस दौरान मत्स्य, गव्य विकास, पशुपालन, उद्यान, भूमि संरक्षण आदि विभागों से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने और आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग के माध्यम से गाय, बकरी, सुअर, बत्तख आदि के वितरण की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की प्रगति के क्रम आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मत्स्य पालन विभाग के माध्यम से मछली पालन प्रशिक्षण और सरकारी अनुदान पर मछली फिंगरलिंग प्रदान करने की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि जिले में मत्स्य पालन पर भी विशेष जोर देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कांग्रेस ने मनाई वीर शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह की शहादत दिवस

# शहीदों की कुर्बानियों से सीख लेने की जरुरत : शिल्पी नेहा तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर ब्लाक के फोरेस्ट मैदान में सोमवार को रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की समेत सभी अतिथियों ने शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शेख भिखारी और टिकैट उमराव सिंह के द्वारा किए गए कार्यों को हम सब को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने ने ये भी कहा की अपने आने वाले पीढ़ियों को शहीदों की जीवनी बतानी चाहिए। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, और योजना का लाभ लेने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी आरिफ हसन ने कहा कि शहीदों की कुर्बानियों को हमें बेकार नहीं जाने देना चाहिए। शहीदों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर देश को आजाद दिलाए ताकि हमारे आने वाले पीढ़ी अमन व चैन की जिंदगी बिता सके। परंतु हम आज अंग्रेजों से आजाद हो गए लेकिन हमारे समाज सिस्टम में काफी खामियां हैं। जिसे सुधारने की जरूरत है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। लोगों की हितों का ख्याल रखा जाना चाहिए। लेकिन सरकारी व्यवस्था ऐसा है कि आज अधिकारियों के सामने आम जनता को बेइज्जत होना पड़ता है। ऐसी व्यवस्था से भी हमें आजाद होना चाहिए। वहीं आबिद अंसारी ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शहीदों को हर मल्यार्पण कर देने मात्र से श्रद्धजलि नहीं होती। बल्कि उनके सपनों को साकार करना ही अच्छी और सच्ची श्रद्धांजलि है। उनकी जो चाहत थी वह हमारे समाज तक पहुंचे यही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम को मजकुर सिद्दीकी, मो मोजीबुल्लाह समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया गया। मौके पर विधायक तथा युवा कांग्रेस के अमित खलखो, हसीब खान और मो इश्तियाक समेत अन्य सदस्यों के तरफ से कम्बल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने किया।

## विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करें कार्यकर्ता: नीलकंठ

**खूंटी।** खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता की जिम्मेवारी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इस बात पर विशेष ध्यान दें कि केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ जरूरतमंदों को मिले। विधायक सोमवार को विकसित संकल्प यात्रा को लेकर खूंटी के नामकोम बस्ती में भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री की संकल्प भारत यात्रा के संबोधन को इएलईडी के माध्यम से सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक गांवों का विकास नहीं होगा, तब तक विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मौके पर सुरेश जायसवाल, अर्जुन पाहन, जनार्दन मिश्रा, लव चौधरी, किशु तिवारी, सीताराम महतो, मनोज गोप, प्रशांत कुमार, चमरा महतो आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### एकदिवसीय मेला सह फुटबॉल खेल का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पिस्का पंचायत के कुसुमटिकरा मैदान में एक दिवसीय स्वर्गीय डॉक्टर सुखदेव बेदिया चैंपियंस ट्रॉफी सह मेला का आयोजन हुआ। एकदिवसीय मेला का संचालन संतोष महतो ने किया। मेला में अलग अलग महिला वर्ग फुटबॉल एवं पुरुष वर्ग फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया था जिसमें महिला वर्ग फुटबॉल की विजेता एस टी स्पॉटिंग कुसुमटिकरा एवं उपविजेता महादानी क्लब बिसिरिया रही। वही पुरुष फुटबॉल वर्ग के विजेता महावीर ब्रदर्स टेटेबांधा और उपविजेता एल एक्स क्लब असुरकोडा रहा। खिलाड़ियों ने खेल का उम्दा प्रदर्शन किया जिससे दर्शकों के तालियाँ की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा। मेले में पाता नाच का भी आयोजन हुआ जिसे दर्शकों ने काफी सराहा एवं मुर्गा लड़ाई देखने के लिए बच्चे, बूढ़े एवं युवा की काफी भीड़ लग गई। मेले में कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक लोकगीत एवं नागपुरी गीत गाया गया जिसका दर्शकों ने लुफ्त उठाया। विजयी टीमों को पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, पंचायत समिति सदस्य अनिल मांझी ने सम्मिलित रूप से ट्रॉफी को प्रदान किया। मेले का समापन मुखिया सोमरा मांझी ने किया। मौके पर रामस्वरूप मंडल, संतोष मंडल, आदेश महतो समेत कई गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

### विश्व हिंदू परिषद सदस्यों के द्वारा निमंत्रण पत्र बांटा गया



मुरी। सोमवार की शाम विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों द्वारा अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर छोटा मुरी में घर घर जाकर निमंत्रण पत्र और अक्षत दिया गया। साथ ही इस शुभ दिन के अवसर पर अपने अपने घरों में संध्या को दीप जला कर घरों को दीपक से जगमग करने का आग्रह भी किया। इसके अलावे 22 जनवरी की शाम माँ वैष्णवी दुर्गा मन्दिर में होने वाले भजन कीर्तन में शामिल होने का नेवता भी दिया।अयोध्या का निमंत्रण पाकर रिटायरमेंट् कॉलोनीवासी काफी उत्साहित होकर जय श्री राम के जोर जोर से खूब नारे लगाए।

# नागेश प्रसाद की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा विद्यालय में झलकती है : शशिकांत सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के लतरातु पंचायत अन्तर्गत सरसा संकुल के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेतरा में पूर्व प्रधानाध्यापक नागेश प्रसाद को उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिवार ने सोमवार को भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक व शिक्षाविद शशिकांत सिंह ने कहा कि नागेश प्रसाद की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा विद्यालय में झलकती है। सुदूरवर्ती तेतरा जैसे गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री, भवन, कैंपस सहित बेहतर एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा ही नागेश प्रसाद की पहचान रही है। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के प्रधान शिक्षक प्रकाश उरांव तथा उत्तम कुमार मंडल ने कहा कि नागेश प्रसाद 24 घंटे हर किसी के मदद के लिए तैयार रहते हैं। उनका कुशल व्यवहार, मधुर वाणी और सरलता हर किसी को आकर्षित करती है। वहीं संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि नागेश प्रसाद अपने संघर्ष और कर्त्तव्यनिष्ठा से अपने विद्यालय का कायाकल्प किया। यह बड़ी बात है। सेवानिवृत होने वाले नागेश प्रसाद ने कहा कि शिक्षक को अपनी व्यक्तिगत परेशानी को छोड़कर बच्चों के हितों में काम करना ही उनकी सच्ची कसौटी है। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका ओनिला होरो, सहायक अध्यापक संजीव कुमार खलखो, फलेश्वर उरांव, चन्द्रमणी कुमारी तथा लालु उरांव सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने नागेश प्रसाद को सम्मानित किया एवं भावभीनी विदाई दी। इस दौरान नागेश प्रसाद की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी, पुत्री रिंकी कुमारी, पुत्र अविनाश कुमार, पोती मुस्कान कुमारी, खुशी रानी, पोता आर्यन राज को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक रिपुसूदन ओझा ने किया। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि सहायक शिक्षक राजेश कुमार, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के राणा जितेंद्र, राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा के उपेंद्र सिंह, कथकुंवारी के संजय कुमार सिंह, अजप्टा के प्रखंड सचिव जुबैर अंसारी, चम्पाडीह की सागेन होरो, आगुस्टीन लकड़ा, हरिपाल उरांव, ककरिया के सूरज प्रसाद सिंह, कालीचरण चौधरी, जितेंद्र उरांव, मो समीउल्लाह हक, सरसा की सुषमा गोरेती धान, संध्या कुमारी, विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया। इसके पूर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत एवं विदाई गीत प्रस्तुत कर लोगों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान सुकरा उरांव, समाजसेवी उप मुखिया सीमा देवी, सोमरी उराईन, सुकरो उराईन, गोमती उराईन, सका उराईन सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गांवों के विकास से ही मजबूत भारत का निर्माण होगा : कोचे मुडा

**खूंटी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जरियागढ़ में सोमवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को एलईडी वैन के माध्यम से देखा गया। अपनी अस्वस्थता के बावजूद विधायक कोचे मुंडा ने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री के सबोधन को सुना। मौके पर विधायक ने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कई लाभुकों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। विधायक ने कहा कि हस्तकला और कामगारों के लिए विश्वकर्मा योजना बहुत सुनहरा अवसर है। वे अपने छोटे-छोटे काम को बड़े स्तर पर कर पाएंगे। महिलाएं और ज्यादा साशक्त बनेगी और गांव का विकास होगा।

# समाज में बदलाव के लिए जिम्मेदारी का एहसास जरूरी : प्राचार्या



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

रांची विश्वविद्यालय,रांची के एनएसएस समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने सोमवार को बिरसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एनएसएस से संबंधित कई जानकारियों से रूबरू कराया। एनएसएस का मोटो मैं नहीं आप(नॉट मी बट यू) के महत्व को समझाते हुए सहयोग के महत्व को बताया और समाज से व्यक्तिगत प्रयास से कैसे जुड़ा जाता है, की तस्वीर रखी। मौके पर विद्यार्थियों ने कई सवाल भी किए, जिसके जवाब उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया। इसमें बिरसा कॉलेज के एनएसएस प्रोग्रामिंग ऑफिसर डॉ पुष्पा सुरीन और तारीफ लुगुन ने बच्चों को कॉलेज में एनएसएस द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी और वॉलिंटियर बनने के लिए प्ररितकिया। पूर्व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो जया भारती कुजूर ने अपनी कार्यवधि में हुए कार्यों की महत्ता और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए एनसीसी के साथ इसकी तुलना की तथा बताया कि कार्यशैली में अलग होते हुए भी इनका महत्व एक सा है।

# इंग्लिश ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल प्लस टू स्कूल के बच्चों का उम्दा प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित इंग्लिश ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मूरी के 10 बच्चो ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जिसमे कक्षा प्रथम से आनन्द मार्ग तिर्की, कक्षा 9 वी से पुनम महतो, शालु महतो, अकिता रक्षित, हर्षिता पाल, सुभद्रा कुमारी, अस्नेहा दत्ता, अकिता डे एवम् कंगना कश्यप शामिल है। इन सभी बच्चों ने स्वर्ण पदक लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रांगण में आज सभी विजेता बच्चो को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक राकेश कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के परीक्षा छात्र छात्राओ के स्वर्णिम विकास में सहायक होते हैं। उन्हें खुद को बेहतर साबित करने का मौका भी मिलता है।स्कूल के प्रधानाचार्य सीएल प्रजापति ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिए तथा कहे की जितना अधिक आप प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेंगे, उतनी ही अधिक आप अपने छिपी प्रतिभा को निखारेंगे और आपको अधिक सफलता मिलेगी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए श्वेता भेगरा, मनीषा सिंह, वि. वेंकट राव, किशोर कुमार, अजय चिक बराई, सुशील कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# 12 एकड़ में लगी लहलहाती फसल को देखकर अभिभूत मांडर के किसान



नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो तकनीकी प्रबंधक गोपाल महतो ने मांडर प्रखंड के 30 किसानों के दल को बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव के लकड़ाफाड़ा के समीप अरविंद महतो के 12 एकड़ के क्षेत्र में पानी की बचत से की जा रही खेती का परिभ्रमण कराया। किसानों का दल 20 फीट लंबे चौड़े और 10 फीट गहरा डोभा से पानी की कम खपत पर की जा रही 12 एकड़ के क्षेत्र में लगी लहलहाती फसल को देखकर अभिभूत हो गए। वर्तमान में अरविंद महतो ने खेतों पर मटर,बैगन,तरबूज व कद्दू का फसल लगभग 5 एकड़ में लगा रखा है। वहीं उन्होंने तीन से चार एकड़ में तरबूज का फसल लगाना शुरू कर दिया है। इधर बेड़ो प्रखंड के प्रगतिशील और युवा किसान अरविंद कुमार महतो ने कहा कि पानी की बचत से कर पा रहा हूं ज्यादा एरिया में खेती। वहीं मांडर प्रखंड के बीटीएम गोपाल महतो ने किसानों को भ्रमण के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि बीज के किस्मों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने किसानों को पानी की कम खपत पर उन्नत तकनीक के तहत की जा रही खेती की जानकारी दिया। जिससे किसान बेहद प्रभावित हुए। वहीं मौके पर किसानों में गंदूरा उरांव, बिनोद उरांव व चरवा उरांव समेत अन्य 27 किसान मौजूद थे।

## एसएसबी की 26वीं वाहिनी कैंप में मत्स्यपालन प्रशिक्षण संपन्न

**रांची।** तमाड़ प्रखंड के बासुकोचा गांव में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 26वीं वाहिनी के तत्वावधान में मत्स्यपालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिसके बाद प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर वाहिनी कमांडेंट एसडी सेरखरे, सुमन गोराई, सहायक कमांडेंट, सिद्धार्थ आर के साथ संजय कुमार गुप्ता, उप मत्स्य निदेशक, प्रशांत कुमार दीपक, मुख्य अनुदेशक, स्वर्णलता मधु लकड़ा, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, आशीष कुमार उपस्थित थे। मौके पर सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र तथा टूल किट वितरित किये गये। श्री सेरखरे ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि मत्स्य पालन को रोजगार के रूप में अपनाकर अपनी आमदनी तो करते ही हैं। साथ में अपने गांव में अन्य लोगों के लिए रोजगार के साधन भी उपलब्ध करा सकते है। इसलिए मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन एवं डेयरी पालन रोजगार के अन्य साधन हैं। जिसे अपनाकर किसान गरीबी को दूर कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों को साझा किया।


## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा।

### आम सूचना

"आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम अन्तर्गत अबुआ आवास योजना के लाभुकों से प्राप्त आवेदनों का पंजीकरण एवं सत्यापन के उपरांत ग्राम सभा से पारित सूची का प्रकाशन सभी ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में किया गया है। जिन लाभुकों को ग्राम सभा से पारित सूची के विरूद्ध आपत्ति दर्ज करना है, वैसे लाभुक दिनांक 18.01.2024 तक कार्यालय अवधि पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक संबंधित प्रखण्ड कार्यालय में हाथो–हाथ अथवा निम्नांकित मोबाईल नम्बर एवं ईमेल के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर सकते है:–

| क0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | मोबाईल नम्बर | ईमेल |
|---|---|---|---|
| 1 | बानो | 8877143003 / 8804938874 | banoblock@rediffmail.com |
| 2 | बाँसजोर | 7903027016 / 8409892633 | bdo_bansjor@rediffmail.com |
| 3 | बोलबा | 8709831143 / 6207307014 | po_bolba@rediffmail.com |
| 4 | जलडेगा | 7992218507 / 9835551917 | block_jaldega@rediffmail.com |
| 5 | केरसई | 8709831143 / 7541933640 | bdokersai@gmail.com |
| 6 | कोलेबिरा | 9955621075 / 7979858857 | kolebirabdo@gmail.com |
| 7 | कुरडेग | 8292383386 / 7992346500 | kurdegbdo@gmail.com |
| 8 | पाकरटांड़ | 9472733375 / 8340656356 | bdopakartand@gmail.com |
| 9 | सिमडेगा | 9546585828 / 8340512072 | po_simdega@rediffmail.com |
| 10 | ठेठईटांगर | 7992218507 / 9123108113 | pottanger@gmail.com |

दिनांक 18.01.2024 के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त,
सिमडेगा।

PR 315417 (Rural Development) 23-24 (D)

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त लोअर बाजार थाना काण्ड सं0–138/18 दिनांक 21.04.18 धारा 147/148/149/323/307 भा0द0वि0 एवं आर्म्स एक्ट के प्रा0 अभि0 मो0 सलाउदीन उर्फ संजु पे0 स्व0 हाजी असलम सा0 गुदरी चौंक पथलकुदवा रोड थाना लोअर बाजार जिला रॉची का द0प्र0सं0 की धारा 82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इतेहार निर्गत किया गया है।

Court of Sri Kamlesh Behra
J.M-XI, Ranchi

Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED — Lower Bazar-138/2018
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
Md Salauddin @ Sanju S/O Late Hazi Aslam R/O- Gudri chowk Pathalkudwa Road P.S.- Lower Bazar, Dist. Ranchi

2. कियाहै या करने का उस पर शुवहा है। — जोव–मुजिब दफा के सजा के लायक है(2) — मजमूअए तावीरात हिन्द

3. नाम — औरव–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जाजारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3) जब

4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि(3) जब

4. मोकाम।
U/S-147/148/149/323/307 IPC and 27 of Arms Act — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5) अ–हजुर(6)

6. इस अदालत व रूबरू मेरे। — ब–तारीख 17.01.2024 माह नालिश–मजकुर 11.00 ए0एम0 को जवाब देही के लिए हाजिर हो आज तारीख 29.11.2023

Sd/-Kamlesh Behra
J.M. Ranchi

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्रा0 अभि0 Md Salauddin @ Sanju कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/ Court of Sri Kamlesh Behra J.M-XI, Ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रॉची। —9431706139
थाना प्रभारी, लोअर बाजार, रॉची। —9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉची

PR 315395 Police(23-24).D

## एक नजर

### युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी इलाके में पलामू की रहने वाली श्रुति श्रीवास्तव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। श्रुति श्रीवास्तव पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। बताया जाता है कि युवती दुपट्टा से फंदा लगाकर आत्महत्या की है। युवती सुखदेव नगर के इंद्रपुरी रोड नंबर-12 में नारायण प्रसाद के यहां मकान लेकर किराए पर रह रही थी। सोमवार को मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है। फिलहाल अब तक इस आत्महत्या की सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रांची।** रांची के होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ है। प्रशिक्षण 12 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स के तहत जांच प्रक्रियाएं और अपराधों पर एक अवलोकन विषय पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में राज्य के सभी जिले से दो सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। पांच दिनों तक यह प्रशिक्षण सुबह दस बजे से चार बजे तक चलेगी। वहीं दूसरी ओर अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में एक एयरपोर्ट सुरक्षा से संबंधित और सीआईडी की ओर से ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित भी ट्रेनिंग चल रही है।

### संत जोसेफ विद्यालय कांके के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह

**रांची।** कांके के संत जोसेफ विद्यालय के 1979 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह कांके रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 30 छात्रों ने सपरिवार भाग लिया। समारोह के संयोजक एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ एके चक्रवर्ती ने बताया कि सभी ने विद्यालय में बिताए गए अपने बचपन के पुराने दिनों को याद किया। पिछले चार दशकों के अपने अकादमिक और प्रोफेशनल जीवन के अनुभवों को साझा किया। सभी ने अपना जीवन निर्माण करने वाले विद्यालय के शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया और जो शिक्षक एवं बैचमेट नहीं रहे उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर सहभोज का भी आयोजन किया गया।

### एमपीएल में गुमला स्ट्राइकर्स बनी विजेता

**रांची।** माहेश्वरी प्रीमियर लीग-2024 का समापन विकास विद्यालय ग्राउंड में हुआ। माहेश्वरी युवा संगठन प्रत्येक वर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करती है। इसमें रांची के अलावा झारखंड के अन्य जिलों से भी खिलाड़ी भाग लेते हैं। इस वर्ष कुल 8 टीम जिनमें 104 खिलाड़ी थे ने कुल 19 मैच खेले। फाइनल मुकाबला मारू स्टनर बनाम गुमला स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया। जिसमें गुमला स्ट्राइकर्स ने चैंपियनशिप जीती।

## बीएयू में विस्तार विधियां व प्रेरणा कौशल पर प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और विस्तार शिक्षा संस्थान हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में बीएयू के कृषक भवन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक, प्रसार शिक्षा डॉ जे उरांव एवं विशिष्ट अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने किया। डॉ उरांव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण अधिकारियों के लिए विस्तार, विधियां एवं प्रेरणा कौशल विषय पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राज्य के कृषि विज्ञान केंद्रों एवं विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों का मुख्य कार्य कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई। तकनीकों को किसानों तक पंहुचाने का होता है। ताकि किसानों का विकास के साथ आय में वृद्धि हो सके। इस प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि विज्ञानिकों को नई तकनीकों को



किसानों तक पंहुचाने के लिए नई विस्तार विधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण के संयोजक डॉ अनिल कुमार रोहिला, सहायक प्रोफेसर, विस्तार शिक्षा संस्थान, हरियाणा ने बताया कि उनकी संस्थान वर्ष 1959 से कृषि विज्ञानिकों एवं विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। डॉ रोहिला ने कहा कि यह संस्थान चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज के नेतृत्व एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मंडल के दिशा निर्देश में काम कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ रंजय कुमार सिंह ने किया।

## उच्च शिक्षा के लिए झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय एक वरदान : कुलपति

**फिलहाल विश्वविद्यालय में 1100 से अधिक विद्यार्थी कर रहे हैं पढ़ाई**

**कुलपति प्रो (डॉ) त्रिवेणी नाथ साहु जेपीएससी सदस्य सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपयोगी शिक्षा आज के समय की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार की ओर से झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की शुरूआत की गई है। यहां अमीरी और गरीबी से कोई वास्ता नहीं है। पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए यह एक उपयोगी जगह साबित हो रही है। वर्तमान में पहला बैच अपने अंतिम सेमेस्टर पूरी करने की ओर है। जिसमें कुल 1100 से अधिक विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। कुछ दिनों बाद सभी का प्लेसमेंट उचित जगह पर होने की बात झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) त्रिवेणी नाथ साहु के द्वारा कही गई है। ऐसे में लोग जानना चाहते हैं कि यह यूनिवर्सिटी कैसे लोगों के लिए और किस प्रकार से कोर्स की सुविधा उपलब्ध करा रही है। हम बताना चाहेंगे कि यूनिवर्सिटी के द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स और पीजी डिप्लोमा कोर्स की सुविधा दी गई है।



### रांची विवि का प्रोक्टर भी रह चुके हैं डॉ. साहु

**झारखंड रत्न से सम्मानित प्रो(डॉ.) त्रिवेणी नाथ साहु 2016 से 2019 तक रांची यूनिवर्सिटी में टीआरएल के एचओडी रहे। इसके बाद 2019 से 2021 तक जेपीएससी बोर्ड के सदस्य रहें। 2021 से 2022 तक टीआरएल के डीन के रुप में सेवी दी। इसके बाद एक साल के लिए रांची यूनिवर्सिटी का प्रॉक्टर रहें। उनकी कार्य कुशलता को देखते हुए उनहें 5 जुलाई 2022 से ओपन झारखंड यूनिवर्सिटी के कुलपति बनाया गया। बता दें कि इनके साथ उनहें हजारीबाग मारखम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में बेस्ट कोऑर्डिनेटर का अवार्ड मिल चुका है।**

कुलपति ने यूनिवर्सिटी खोलने को लेकर सरकार की मनसा स्पष्ट करते हुए बताया है कि यहां उपलब्ध कोर्स वैसे विद्यार्थियों के लिए है जो पढ़ने में रुचि रखते हैं या डबल एम में करना चाहते हैं और यदि किसी कारणवश उनकी पढ़ाई पूरी नहीं हुई है तो वे भी इसके माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। इसमें उम्र की बाध्यता को दूर रखा गया है। इस संदर्भ में कुलपति बताते हैं कि यूनिवर्सिटी ने कम समय में अपनी एक पहचान वैसे लोगों के बीच बना लिया है। जो शिक्षा लेकर अपने भविष्य को सवारना चाहते हैं। यूनिवर्सिटी हर तरह के उपयोगी कोर्सेज उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही झारखंड के एसी और एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृति भी दिया जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था को काफी काफी सरल बनाया गया है। यहां डिस्टेंस एजुकेशन के माध्यम से पढ़ाई कर अपने कोर्स पूरी कर सकते है। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्य सहित झारखंड के सभी छात्र यहां दाखिला लेकर अपने घर से पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। इसके लिए राज्य भर में 145 सेंटर खोले गए हैं। अपने साक्षात्कार में कुलपति ने बताया कि यहां पर पढ़ाई का खर्च काफी कम है। अन्य कॉलेज के मुकाबले यहां 25% का खर्च होता है। यह शिक्षा वैसे लोगों के लिए है जो उच्च शिक्षा से वंचित है या नौकरी पेसा में लग चुके हैं। क्योंकि यहां सड्डी कोर्स टेक्निकल है इसलिए प्लेसमेंट की संभावना अधिक बनती है।

## बरियातु : असामाजिक तत्वों ने भगवान की प्रतिमा की क्षतिग्रस्त, लोगों में घोर आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बरियातु थाना क्षेत्र में डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने स्थित राम जानकी मंदिर में असामाजिक तत्वों ने भगवान की चार प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया है। घटना की जानकारी सोमवार सुबह हुई, जब मंदिर पुजारी रामदेव पांडे पूजा करने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी आसपास के लोगों और पुलिस को दी। स्थानीय लोगों ने बरियातु डीएवी के पास घटना के विरोध में सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान केवल एंबुलेंस को आने जाने का रास्ता दिया जा रहा था। सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी सदर प्रभात रंजन बरवार सहित रांची के कई थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा कर लगभग पांच घंटे बाद जाम हटावाया गया। मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक समरी लाल

**लोगों ने किया घंटो तक सड़क जाम**

**सनातानी को एक साथ खड़े होने की है जरुरत : सीपी सिंह**

**साक्ष्य जुटाए जा रहे है 24 घंटो में होगी गिरफ्तारी : सिटी एसपी**





### युवा कांग्रेस ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप की जांच की मांग

**रांची।** युवा कांग्रेस ने बरियातु में मंदिर में प्रतिमा श्री रामजानकी मंदिर में प्रतिमा तोड़े जाने की घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। युवा कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिला महासचिव रोहित सिन्हा के नेतृत्व में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से मिला। ज्ञापन में बरियातु स्थित श्री रामजानकी मंदिर में प्रतिमा तोड़ने एवं चोरी मामले की उच्च स्तर जांच करने की मांग और असामाजिक तत्वों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग किया है।

सहित कई लोग मौजूद थे। सिटी एसपी, सांसद और विधायक ने अपने खर्चे से मूर्ति की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा करवाने का आश्वासन दिया है। साथ ही पुलिस ने 24 घंटे में घटना को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने की बात कही है। सिटी एसपी ने कहा कि एसआईटी टीम का गठन किया गया है। एफएसएल टीम ने मंदिर के अंदर से कई फिंगर प्रिंट्स के नमूने एकत्र किए हैं। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिला है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### दोबारा मूर्ति स्थापित करने सिटी एसपी देंगे एक माह का वेतन

**रांची।** लोगों के आक्रोश को देखते हुए रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है। इसलिए उनकी तरफ से मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए वह अपने एक माह के वेतन का दान करेंगे। इसके अलावा जो भी आरोपी है उसको जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं सदर डीएसपी प्रभात कुमार ने आश्वासन दिया कि जैसे ही सड़क जाम समाप्त होगा, वैसे ही पुलिस की टीम आरोपी की गिरफ्तारी में जुट जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हो गया है। जिसके आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

**कई जनप्रतिनिधि भी लोगों को समझाने में जुटे रहे:** वहीं लोगों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, प्रतुल, भैरव सिंह, जय सिंह यादव सहित कई लोग मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत कराया।

### दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिये विधानसभावार नोडल पदाधिकारी नियुक्त

**रांची।** आगामी लोकसभा आम चुनाव के निमित दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिये मतदान की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये एक नोडल पदाधिकारी नामित किये गये हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन उपायुक्त द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग को नोडल पदाधिकारियों की विवरणी उपलब्ध कराई गई है। जिन नोडल पदाधिकारियों को विधानसभा की जिम्मेवारी दी गयी है, उनमें तमाड़ के लिए कुमारी प्रभावती 9304188119, सिल्ली आभा कुमारी चौधरी 8986749192, खिजरी रवि शंकर मिश्रा 8074315586, रांची आराधना 9431103925, हटिया रानी कुमारी 9431369144, कांके मालती पुष्पा बेक 9199957470 और मांडर विधानसभा के लिए सुजाता कुमारी 9304276401 को नामित किया गया।

### खुशी मानव का मूल गुण और शृंगार : निर्मला बहन

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरी बगान में जिन्दगी की खुशियों का सूत्र राजयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विचार अभिव्यक्त करते हुए ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि खुशी मानव का मूल गुण है, उसका श्रृंगार है, आत्मा की खुराक है। भगवान का दिया हुआ विरासत है, जिसे हम दोनों मुठियों में कसकर बंद किये हुए संसार रंगमंच पर आते हैं। लेकिन धीरे-धीरे ये बंद मुठियां खुलती जाती है और खुशी बिखर जाती है। फिर शुरू होता है खुशी को खोजने का निरर्थक दौर। व्यक्ति, वस्तु, वैभव, प्रकृति, इन्द्रियों के विषयों से लेकर समस्त भौतिक जगत को खंगालने पर भी वो मनुष्य से दूर भागती नजर आती है। ब्रह्माकुमारी इंदू बहन ने कि कहा खुशी नहीं, खुशी की स्मृति खो गई। खुशी आत्मा के अन्दर है और खुशी का शाश्वत स्रोत परमात्मा शिव हैं। कार्यक्रम में कुमुद कुमार झा, प्रभात रंजन, बिन्दु प्रसाद, एल विश्वकर्मा ने भी अपने अपने विचार रखे।

### घर-घर पूजित अक्षत पहुंचाने का अभियान शुरू

रांची। 22 जनवरी को अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में के भूतल गर्भगृह मे प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। इसको लेकर हिंदू संगठनों के साथ सामूहिक रूप से दलादिली चौक हनुमान मंदिर व दुर्गा मंदिर में पूजा किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में घर घर पूजित



अक्षत, मंदिर की चित्र व पत्रक पहुंचाने का अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सभी राम भक्तों के साथ लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को सभी लोग अपने अपने घरों के नजदीकी मंदिरों को श्री अयोध्या जी की मंदिर मानकार दिन के 11 बजे से 2 बजे तक सामूहिक रूप से पूजन करें। अभियान में एसएन शर्मा, जनार्दन ओझा, अर्जुन पाठक, ओझा जी, बिरेंद्र सिंह, रौशन जी, रोबिंन जी, लोकनाथ सहदेव, लक्ष्मण सहदेव, गौतम राय, बबंन सिंह, अमरजीत सिंह, अनूप सिंह एवं निरंजन यादव शामिल थे।

### शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह का दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड के वीर सपूत स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह शहादत दिवस पर अनगड़ा के महेशपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मो नौशाद खान एवं जलेंद्र महतो के अलावा विशेष अतिथि



जयशंकर मुंडा, अनवर खान, कंचन दास, मकसूद आलम, कुमार साहब एवं शहनाज ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने दोनों शहीदों के बलिदान को याद किया। इस दौरान गांव के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। मौके पर रिसोर्स पर कई गनमैन लोगों ने समिति की सदस्यता भी ग्रहण किया।

## कल से 28 फरवरी तक चलेगा ईवीएम जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार 10 जनवरी से 28 फरवरी तक राज्य में ईवीएम एवं वीवीपैट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सीईओ ने कहा कि हाल ही में कराए गए कैप सर्वे में यह तथ्य सामने आया था कि आम लोगों में ईवीएम और वीवीपैट को लेकर जो जागरूकता का स्तर होना चाहिए। वह अपेक्षा के अनुसार नहीं मिला। इसलिए उन्होंने राज्य के मतदाताओं के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के सदस्यों से भी अपील की है कि वे इस ईवीएम जागरूकता अभियान का न केवल व्यापक प्रचार प्रसार करें बल्कि सक्रिय सहभागिता भी निभाएं। उन्होंने बताया कि उक्त जागरूकता कैंप सभी जिलों एवं सभी अनुमंडलों के स्तर पर आयोजित किए जाने हैं। इतना ही नहीं हर जिले के सभी बूथों पर मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन भी जाएंगीं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान नागरिकों को ईवीएम मशीन, मतदान प्रक्रिया तथा वीवीपैट के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

## 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेने झारखंड की टीम नासिक रवाना

**12 से 16 तक है महोत्सव, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक महाराष्ट्र के नासिक में किया जा रहा है। जिसमे झारखंड से कुल 83 युवा भाग ले रहें हैं। इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित किये जाएंगे। जिसमें फोक डांस (एकल) डिक्लीमेशन, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी, स्टोरी राईटिंग, फोक डांस (समूह), थिमेटिक, फोक सॉग (एकल) तथा युवाकृति का आयोजन किया जा रहा है। युवाकृति प्रतियोगिता में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थी मो अजरुद्दीन अंसारी, तनुजा परवीन, रूपांजली भारती, रंजन कुमार यादव, उर्कष कृष्णा, अंकित कुमार तथा गगन कुमार




वांकीड़ा भाग ले रहें हैं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रांगण में डॉ बीके झा, कार्यक्रम समवयक, राष्ट्रीय सेवा योजना डीके रूसिया सह अधिष्ठाता, कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय तथा डॉ प्रवीण कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी, पशुचिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा झंडा दिखाकर प्रतिभागी दल को रवाना किया गया। मोराहाबादी प्रांगण से प्रतिभागियों के प्रस्थान की व्यवस्था पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा की गयी थी। झारखंड के दल का नेतृत्व अविनाश कुमार त्रिपाठी, जिला खेल पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम और हेमलता बीन, जिला खेल पदाधिकारी, बोकारो कर रहें है।

## एटीएस की रिपोर्ट पर उपायुक्त ने गृह विभाग से मांगी अभियोजन चलाने की स्वीकृति

# अमन श्रीवास्तव सहित 8 पर यूएपीए के तहत कारवाई की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एटीएस थाना कांड संख्या 10/2023 के प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध धारा-16/17/20/21 अनलॉफुल एक्टिविटी एक्ट (यूएपी एक्ट) के अंतर्गत अभियोजन स्वीकृति का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा प्रधान सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड को पत्र लिखा गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, झारखंड रांची से प्राप्त प्रस्ताव की मूल प्रति संलग्न कर भेजते हुए अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने की दिशा में कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। एटीएस थाना कांड संख्या 10/2023 दिनांक 20 जुलाई, 2023 में 8 प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने का अनुरोध उपायुक्त द्वारा किया गया है। जिसमें अमन श्रीवास्तव, पिता स्व सुशील श्रीवास्तव, हण्टरगंज, चतरा वर्तमान पता प्रेसटिंग आईटी पार्क बंगलोर। खलारी के आजादनगर निवासी फिरोज खान, खलारी के मुस्लिम मुहल्ला महावीर नगर के जहीर अंसारी, खलारी के राय निवासी मो



महमूद आलम उर्फ नेपाली, खलारी के ही एजाज अंसारी के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा पतरातु के मिंकु खान उर्फ शहरियार, कुज्जू नयाबाजार निवासी रवि सरदार उर्फ रविन्द्र सिंह सलुजा उर्फ राजा सरदार और मांडू निवासी सुरेन्द्र कुमार पर यूएपी एक्ट के अंतर्गत अभियोजन स्वीकृति का अनुरोध उपायुक्त ने प्रधान सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से मांगी है।

### तीन अभियुक्तों पर आर्म्स एक्ट में अभियोजन की स्वीकृति

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने चान्हो एवं एटीएस थाना से संबंधित मामले में शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। जिसके खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी गयी। उनमें चान्हो थाना कांड संख्या 171/2023 में चोड़ा गांवा निवासी अलीम अंसारी, चामा गांव के रहने वाले लक्ष्मण गंझू के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-बी)ए/26/35 के तहत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जबकि एटीएस झारखंड रांची थाना कांड संख्या 11/2023 में प्राथमिकी अभियुक्त बालूताथ के अभिमन्यु कुमार साव के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-बी)ए/25(6)/25(7)/26 के अन्तर्गत उपायुक्त द्वारा अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

### हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**रांची ।** रांची की लोअर बाजार थाना पुलिस ने नगर निगम की पानी टंकी के पास से एक बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश का नाम मोहम्मद आसिफ अंसारी बताया गया है। वह डोरंडा थाना क्षेत्र के हाथीखाना का रहने वाला है। उसके पास से एक देशी कट्टा, एक गोली और एक ब्लू रंग की स्कूटी बरामद की गई है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश जो ब्लू रंग का जैकेट और ब्लू जिस पहना हुआ है, वह ब्लू रंग का स्कूटी से और वह लोअरबाजार थाना के नगर निगम पानी टंकी के बगल से जाने वाले रास्ते में अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के बाद लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम जैसे ही नगर निगम पानी टंकी के पास पहुंची तो बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे टीम ने पकड़ लिया।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# तैयार हो रही लंबे समय से जमे लोगों की सूची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार विभागों से अधिकारियों व कर्मियों का नाम, पदस्थापन की तिथि, स्थान व अवधि का व्यौरा मांगा गया है। इस निर्देश के बाद गृह जिला या फिर एक ही जिला में तीन वर्षो से जमे अधिकारियों और कर्मियों का सभी विभागों और कार्यालयों में सूची तैयार की जा रही है।

## आवास बोर्ड में जमे हैं 70 से अधिक कर्मी

भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश का पालन किया गया, तो झारखंड राज्य आवास बोर्ड के करीब 70 अधिकारियों और कर्मियों पर गाज गिर सकती है। जो वर्षो से ही नहीं बल्कि एक दशकों से अपने पदस्थापन वाले स्थान पर जमे हुए है। बोर्ड के अधीन कार्यरत कई लोग अपनी ऊंची पहुंच के कारण हर बार चुनाव आयोग के निर्देश को धत्ता बताते हुए अपने अपने स्थान पर ही जमे हुए है। आवास बोर्ड में कार्यालय अधीक्षक, लेखापाल, कप्यूटर आपरेटर, चालक सहित अन्य पदों पर कार्यरत कर्मी चार वर्ष से लेकर 33 वर्षो तक एक ही स्थान पर जमे हुए है। बहुत से अधिकारी व कर्मी तो ऐसे है, जो वर्षो तक जमे रहने के बाद रिटायर हुए और फिर संविदा पर कार्य कर रहे है। इन पर आज तक न तो चुनाव आयोग के निर्देश का असर हुआ और न ही पदस्थापना की बैठक में इन्हें कोई हिला सका।

| क्र सं | नाम | पद का नाम | पदस्थापन स्थान | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रदीप कुमार | कार्यालय अधीक्षक | बोर्ड मुख्यालय | 2 वर्ष (सेवानिवृत्ति के बाद) |
| 2 | बासुदेव लागुरी | कार्यालय अधीक्षक | बोर्ड मुख्यालय | 2 वर्ष (सेवानिवृत्ति के बाद) |
| 3 | शंकर गोप | उच्च वर्गीय लिपिक | बोर्ड मुख्यालय | 16 वर्षो से |
| 4 | समर गुप्ता | उच्च वर्गीय लिपिक | बोर्ड मुख्यालय | 10 वर्षो से |
| 5 | अनिल कुमार | उच्च वर्गीय लिपिक | बोर्ड मुख्यालय | 13 वर्षो से |
| 6 | मनोज कुमार | निम्न वर्गीय लिपिक | बोर्ड मुख्यालय | 10 वर्षो से |
| 7 | शशि मिश्रा | निम्न वर्गीय लिपिक | बोर्ड मुख्यालय | 15 वर्षो से |
| 8 | संजीव कुमार | निम्न वर्गीय लिपिक | बोर्ड मुख्यालय | 10 वर्षो से |
| 9 | अरशद हैसन | कंप्यूटर ऑपरेटर | बोर्ड मुख्यालय | 20 वर्षो से |
| 10 | रमेश कुमार | कंप्यूटर ऑपरेटर | बोर्ड मुख्यालय | 19 वर्षो से |
| 11 | दिलीप पांडेय | चालक | बोर्ड मुख्यालय | 9 वर्षो से |
| 12 | अजय साह | निम्न वर्गीय लिपिक | रांची प्रमंडल | 12 वर्षो से |
| 13 | संजीव कुमार | कंप्यूटर ऑपरेटर | रांची प्रमंडल | 13 वर्षो से |
| 14 | अशोक पासवान | अनुसेवक | रांची प्रमंडल | 33 वर्षो से |
| 15 | हरेंद्र कु भट्ट | निम्न वर्गीय लिपिक | जमशेदपुर प्रमंडल | 18 वर्षो से |
| 16 | अजय कुमार | निम्न वर्गीय लिपिक | जमशेदपुर प्रमंडल | 18 वर्षो से |
| 17 | कार्तिक कुमार | कंप्यूटर ऑपरेटर | धनबाद प्रमंडल | 11 वर्षो से |

# अब विस्थापित ट्रिब्यूनल बनने का रास्ता हुआ साफ

## सीसीएल प्रबंधन ने कोयला मंत्रालय से की अनुशंसा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विस्थापित ट्रिब्यूनल के गठन का रास्ता साफ हो गया है, अब शीघ्र विस्थापितों को न्याय मिल सकेगा। सीसीएल प्रबंधन ने विस्थापित ट्रिब्यूनल बनाने की अनुशंसा कोयला मंत्रालय से की है। प्रबंधन ने इसे लेकर 28 दिसंबर को कोयला मंत्रालय के सचिव को पत्र भेजा है। यह ट्रिब्यूनल पूर्णकालिक होगा। विस्थापित ट्रिब्यूनल ही समस्याओं का समाधान करेगा। विस्थापित ट्रिब्यूनल का गठन अंडर सेक्शन 14 (2) ऑफ डीबीए एक्ट 1957 के तहत होगा।

आजादी के बाद विस्थापित ट्रिब्यूनल मूर्त रूप लेने जा रहा है। सोमवार को दरभंगा हाउस में आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के साथ विस्थापितों व सीसीएल प्रबंधन की त्रिपक्षीय बैठक में यह जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व विधायक डॉ लंबोदर महतो के साथ बैठक कर सीसीएल सी एम डी को विस्थापित ट्रिब्यूनल गठन को लेकर जरूरी प्रक्रिया को पूरा कर कोयला मंत्रालय को अनुशंसा भेजने का निर्देश दिया था। इस आलोक आज यह त्रिपक्षीय बैठक हुई।

### विस्थापितों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने व एक करोड़ का कार्य विस्थापितों को सोसाईटी बनाकर देने पर बनी सहमति




### सीसीएल प्रबंधन के साथ सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक डॉ लंबोदर महतो व विस्थापितों के साथ हुई त्रिपक्षीय बैठक

बैठक में यह भी सहमति बनी कि सीएसआर फंड विस्थापितों के हित में खर्च किया जाएगा और इसको लेकर सात सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा।

समिति में एक महिला, एक - एक अनुसूचित जनजाति या जनजाति एवं अन्य लोग शामिल रहेंगे। समिति प्रत्येक एक माह पर विस्थापितों के हित में किए कार्यो की समीक्षा करेगी। इसके बाद प्रत्येक तीन माह पर सांसद व स्थानीय विधायक समीक्षा बैठक करेंगे। इस क्रम में एक करोड़ का कार्य विस्थापितों को एक सोसाईटी बनाकर देने पर सहमति बनी। परियोजना प्रभावित क्षेत्र के लोगों की बीच टैप कार्ड का वितरण किया जाएगा। इसके लिए शिविर लगाया जाएगा। प्रथम चरण में 21 से 31 जनवरी तक शिविर लगाया जाएगा। आगे भी शिविर चलता रहेगा। प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र में स्कूली बच्चों को नामांकन में व कौशल विकास के तहत भी छात्र-छात्राओं को नामांकन में प्राथमिकता मिलेगी। विस्थापित परिवार को चिकित्सा एवं जांच मुफ्त में होगी। बैठक में विस्थापित आंदोलन के दौरान विस्थापितों पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने पर भी सहमति बनी।

बैठक में सीसीएल के निदेशक (पीएंडपी) बी साई राम, निदेशक (पर्सनल) हर्षनाथ मिश्रा, महाप्रबंधक (सीएसआर )लाडी बालकृष्णन, महाप्रबंधक (बीएंडके) कृष्णन, महाप्रबंधक (पीएंडआई आर) नवनीत, एचओडी (वेलफेयर) रेखा पांडे, एचओडी (रिक्रूटमेंट) कविता गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (एलएंड आर)शंकर कुमार झा के साथ-साथ साथ-साथ कथारा, ढोरी और बीएंड के एरिया के अधिकारी, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता शलामुल अंसारी, अखिल झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी, काशीनाथ सिंह, संतोष महतो, मुकेश सिन्हा, गिरिजा देवी, सीमा देवी, गीता देवी, विनोद बावरी, महादेव महतो, नरेश प्रजापति, बालेश्वर यादव, बुच्चू सिंह,जानकी महतो, दीपक महतो, जितेंद्र यादव, नारायण महतो, सचिन महतो, राजेश रजक, घनश्याम महतो, छेदी महतो, सुनील महतो, जितेंद्र महतो, दौलत महतो, धनेश्वर महतो, प्रफुल्ल ठाकुर एवं जुगल कुमार आदि शामिल थे।

## लोस चुनाव के लिए महिलाएं सशक्त तरीके से तैयारी करे : राजेश ठाकुर



**रांची।** महानगर महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पुराना विधानसभा में लोकसभा महिला कांग्रेस मैत्री महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता रांची महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू देवी ने की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए हम सभी को सशक्त रहना होगा। महिला कांग्रेस पार्टी का सशक्त विंग है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़कर आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पहल करनी है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि मैत्री सम्मेलन में उपस्थित सभी महिला बहनों को मिशन 2024 को लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। सम्मेलन में सुन्दरी तिर्की, पिंकी सिंह, मेरी तिर्की, पूजा कुमारी, मीनू सिंह, पार्वती सिंह, विघा खलखो, रीता देवी, मालती कुमारी, रेणु पाल, सबिना खातून, रीना यादव, कविता देवी, राधा देवी, रीना सांगा, मधु, रोज तिर्की, मीना मुंडा, रेश्मा गुलशन, शीला लकड़ा, संध्या देवी, सुनीता देवी, लडली खातून सहित अन्य कांग्रेस नेत्री शामिल थीं।

## फोटो जर्नलिस्ट माणिक बोस के साथ थानेदार ने की अभद्र व्यवहार



**रांची।** सीनियर फोटो जर्नलिस्ट माणिक बोस के साथ लालपुर थाना प्रभारी अदिकान्त महतो ने अभद्र व्यवहार किया। इस घटना की सूचना के बाद शहर के पत्रकारों में आक्रोश है। आक्रोशित पत्रकार देर शाम लालपुर थाना का घेराव किया। घटना के लिए लालपुर थाना प्रभारी ने सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती मानते हुए पत्रकारों से माफी मांगी। कहा कि आगे ऐसा व्यवहार पत्रकारों के साथ नहीं होगी। इसका मैं आश्वासन देता हूं, जो भी हुआ उसके लिए थाना प्रभारी ने खेद प्रगट किया है। दरअसल, सोमवार को हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में फोटो लेने के दौरान फोटो जर्नलिस्ट से थानेदार ने अभद्र व्यवहार किया। जबकि फोटो जर्नलिस्ट ने परिचय दिया कि वे एक अखबार के फोटोग्राफर है। फिर भी थानेदार ने नहीं सुना और उनके साथ गलत व्यवहार किया।

## पीआईएल कैश कांड में ईडी के गवाह विष्णु अग्रवाल की हुई गवाही

**रांची।** पीआईएल मैनेज करने के लिए कैश लेने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह विष्णु अग्रवाल का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया। उनका बयान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने दर्ज करवाया। अपने बयान में विष्णु अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता जाने के लिए उन्होंने ही फ्लाइट की टिकट करवाई थी और ऐसा उन्होंने दो बार किया। ईडी की ओर से बयान दर्ज होने के बाद अब बचाव पक्ष की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन करने के लिए 23 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। 31 जुलाई 2022 को झारखंड हाई कोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार की कोलकाता से गिरफ्तारी हुई थी।

## जॉयदीप मुखर्जी की किताब चेका द रोड ऑफ बोन्स हुई लॉन्च




**रांची।** रांची प्रेस क्लब में चेका, द रोड ऑफ बोन्स का विमोचन सोमवार को किया गया। चेका द रोड ऑफ बोन्स का लक्ष्य उस अंधेरे पर प्रकाश की किरण फेंकना है जो अभी भी नेताजी सुभाष चंद्र बसु की मृत्यु से घिरा हुआ है। लेखक जॉयदीप मुखर्जी भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वकील और अखिल भारतीय कानूनी सहायता फोरम और अखिल भारतीय बार एसोसिएशन के महासचिव हैं। जॉयदीप मुखर्जी की पुस्तक भूले हुए नायक के भाग्य का रास्ता बताती है। लॉन्च की गई भव्य पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में लेखक जॉयदीप मुखर्जी सहित समाज के सभी क्षेत्रों के गणमान्य लोग मौजूद थे। ब्रिटिश शासन के दौरान एक निजी एजेंसी के जरिये यह घोषित किया गया है कि सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु 18 अगस्त 1945 को ताइहोकू विमान दुर्घटना में हुई थी, लेकिन विमान दुर्घटना का कोई ठोस सबूत नहीं है।

## मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के साथ पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की सकारात्मक बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुलाकात कर अपनी मांगों से उन्हें अवगत कराया। सीएम के प्रधान सचिव व प्रतिनिधिमंडल के बीच सकारात्मक वार्ता हुई। चौबे ने संघ के सदस्यों के लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान जल्द किए जाने का आश्वासन दिया। ये भी सहमति बनी कि पंचायत सचिवालयों में हेल्प डेस्क ऑपरेटर का चयन संबंधित पंचायतों के पंचायत स्वयंसेवक संघ के बीच से किया जाए। वार्ता के दौरान कहा गया कि पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्य पंचायत स्तर पर जो कार्य पहले से करते आ रहे हैं, वे सभी कार्य आगे भी करेंगे। इस संदर्भ में सरकार की ओर से आदेश निर्गत किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों से कहा कि आपकी सभी उचित मांगों पर राज्य सरकार सकारात्मक विचार करेगी। उन्होंने सभी सचिवालय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों से धरना-प्रदर्शन समाप्त करते हुए अपने कार्य पर लौटने की अपील की है।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव, गरीब, किसान की यात्रा'

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सोमवार को गिरिडीह जिलांतर्गत धनवार प्रखंड के ग्राम पंचायत बलहारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरांडी ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में गांव,गरीब, किसान,वंचित, युवा, महिला, आदिवासी, दलित,सभी वर्गों को मोदी सरकार ने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा।

उन्होंने कहा कि चाहे इज्जत घर के रूप में करोड़ों शौचालय का निर्माण हो, प्रधानमंत्री आवास में पक्का घर हो, किसानों के खाते में प्रतिवर्ष 6हजार रूपए किसान सम्मान निधि हो, जनधन खाता हो, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5लाख रुपए तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा की गारंटी हो, पेंशन योजनाएं हो, गैस सिलेंडर, चूल्हा हो, प्रति व्यक्ति 5किलो चावल की व्यवस्था हो,सभी ने आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि आज भी बहुत सारे लोग योजना से जुड़ नही पाए हैं,जिसका समाधान विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूरा किया जा रहा है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त है राज्य सरकार : अन्नपूर्णा देवी



**कोडरमा।** ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है और राज्य में भ्रष्ट तंत्र काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इशारे पर घोटाले पर घोटाले किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार बालू, पत्थर, शराब समेत राज्य के खनिज संपदा का अवैध रूप से दोहन कर रही है। इसमें मुख्यमंत्री सीधे तौर पर दोषी पाये जा रहे हैं। कई घोटालों में सीएम का नाम प्रत्यक्ष रूप से शामिल भी है।

## शेख भिखारी और टिकैत उमरांव की शहादत हमेशा हमारे दिलों में रहेगी : सुदेश महतो

### शहादत दिवस पर विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

स्वतंत्रता सेनानी झारखंड के अमर वीर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर सोमवार को चुटूपालू घाटी स्थित प्राचीन वट वृक्ष शहादत स्थल पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शहादत स्थल पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद शेख भिखारी और टिकट उमरांव सिंह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। आज उनके शहादत दिवस पर आजसू पार्टी श्रद्धा सुमन अर्पित करने आई है। हमारा संकल्प है कि इस पूरे क्षेत्र का विकास कर इस इलाके में ग्राम संसद की स्थापना की जाए, जहां पर इन दोनों शहीदों की मूर्ति स्थापित हो।

आज पूरा राज्य इन दोनों अमर शहीदों को याद कर रहा है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को गोल बंद करने वाले शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह ने उस वक्त अंग्रेजी हुकूमत की हर नीति विफल कर दी थी। आज उनके शहादत स्थल को सुंदर बनाया गया है। लेकिन उनके गांव में लोग उनको याद रखें और उनके परिवार को पूरा सम्मान मिले, इसके लिए भी सरकार को पहल करने की आवश्यकता है।



### देश और राज्य का निर्माण शहादत के बदौलत ही हुआ है : राजेश कश्यप

शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे खिजरी विधायक राजेश कश्यप ने कहा कि देश और राज्य का निर्माण शहादत के बदौलत ही हुआ है। शहादत स्थल का सौंदरीकरण तो हो गया है, लेकिन इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी को जमीन चिन्हित करने के लिए कहा गया है। उस जमीन पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कई चीजे बनाइ जाएंगी। आज इस स्थान पर आने वाले लोग अमर शहीदों की पूरी कहानी नहीं जानते हैं। लेकिन जब उनके बारे में यहां बताया जाएगा तो पूरा झारखंड ही नहीं, देश के हर इलाके से आने वाले लोग उनकी बहादुरी के किस जानेंगे।

### ऐतिहासिक स्थल को आने वाली पीढ़ी भी रखेंगे याद : चंद्रप्रकाश चौधरी

चुटूपालू घाटी जैसी मनोरम स्थल पर अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह का यह शहादत स्थल हमारी आने वाली पीढ़ी भी याद रखेगी। इस ऐतिहासिक स्थल का विकास बड़े पैमाने पर होना चाहिए, इस स्थल के बारे में आने जाने वाले लोगों को भी जानकारी होनी चाहिए।

### विज्ञान से लेकर कला कौशल तक सरकारी स्कूलों के बच्चे रच रहे कीर्तिमान

# बदल रही है झारखंड में शिक्षा की सूरत हर क्षेत्र में बच्चे बना रहे उत्कृष्ट पहचान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सरकारी स्कूलों में बड़ा बदलाव आया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निरंतर प्रयास का नतीजा है कि राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चे अब पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों, विज्ञान से लेकर कला कौशल तक हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। बच्चे अपनी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से लगातार नयी बुलंदियों को हासिल कर रहे हैं। हर बच्चे की प्रतिभा अब प्रतिस्पर्धा का आकार लेती जा रही है, जहां हर बच्चा अपने कौशल और ज्ञान से एक नया कीर्तिमान स्थापित करने को तैयार है।




**अंकिता बनी 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की ब्रांड एंबेसडर**

सरायकेला की अंकिता राय ने अपनी डांस प्रतिभा की बदौलत अमिट पहचान बनाई है। 11वीं साइंस की छात्रा अंकिता बताती है कि उसे बचपन से ही डांस का शौक है। उसकी मां को भी डांस का शौक था, मगर घर के हालात की वजह से उन्हें कभी डांस का मौका नहीं मिला। रूढ़िवादी मानसिकता को पीछे छोड़कर अंकिता ने डांस से अपनी पहचान बनाई और आज 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर चुनी गयी है। अंकिता ने साबित किया कि अगर बेटियां चाहे तो सामाजिक रूढ़िवादी बंधनों की बेड़ियां तोड़कर समाज में अलग मुकाम हासिल कर सकती हैं। रांची के टीवीएस 2 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा सात में पढ़ने वाले सुतत्व ॠजु ने गंगोत्री से देवघर तक 2500 किलोमीटर साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व शांति का संदेश दिया है। सुतत्व के पिता अपने बेटे की उपलब्धि पर बताते हैं कि सुतत्व ने मात्र 12 साल की उम्र में ही 7500 किलोमीटर साइकिलिंग का रिकॉर्ड बना लिया है।

## हाई कोर्ट से उग्रवादी नागेश्वर गंझू को मिली एक केस में बेल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी) के उग्रवादी नागेश्वर गंझू की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने नागेश्वर गंझू को आर्म्स एक्ट के एक मामले में जमानत की सुविधा प्रदान कर दी। हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी नागेश्वर फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ सकता, क्योंकि उसपर कई अन्य गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं। न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। नागेश्वर गंझू तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी का सब जोनल कमांडर था। उसने करीब तीन वर्ष पहले आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं। नागेश्वर पांच लाख रुपये का इनामी उग्रवादी था।

# बुक बैंक दो लाख 75 हजार से अधिक पुस्तकों का कर चुका वितरण : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सांसद सेठ ने कहा किसी भी संगठन से जुड़कर राजनीति करना एक लक्ष्य है और राजनीति को समाज सेवा के रूप में बदलना बड़ा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति और सत्ता को सेवा का माध्यम बनाया, वह हम सबके लिए प्रेरणा पुरुष हैं। सोमवार को सांसद अरगोड़ा स्थित कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को लेकर मेरे जरिये स्थापित नमो बुक बैंक की स्थापना को तीन वर्ष पूर्ण हुए। वर्ष 2020 के अंतिम माह में बुक बैंक की स्थापना की गई थी। उस समय युवाओं ने इस बात की मांग रखी थी कि उनके लिए पुस्तक उपलब्ध कराई जाए।

### वर्ष 2020 के अंतिम माह में की गई थी बुक बैंक की स्थापना



### 20 पुस्तकों के साथ शुरू हुआ था बैंक

उन्होंने कहा कि महज 20 पुस्तकों के साथ शुरू हुआ यह बुक बैंक 2 लाख 75 हजार से अधिक पुस्तकों का वितरण कर चुका है। 19000 से अधिक परिवारों ने बुक बैंक के लिए पुस्तक दी है। सुखद यह भी है कि बुक बैंक के माध्यम से 80000 से अधिक विद्यार्थी सीधे मुझसे जुड़े हैं। यह बुक बैंक सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, चतरा, रामगढ़, खूंटी, गुमला, सरायकेला, पलामू, लातेहार जैसे जिलों के विद्यार्थियों के लिए भी बड़ा सहयोगी साबित हुआ है।

## एक नजर

### महाकाल का हुआ भव्य श्रृंगार रूद्राभिषेक में उमड़ी लोगों की भीड़



**रामगढ़।** गैर राजनीतिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से सोमवार को स्थानीय सुभाष चौक स्थित मां विघ्नहर्णेश्वरी विघ्ननेश्वरी मंदिर प्रांगण में बाबा भोलेनाथ महाकाल का आकर्षक दरबार सजाकर भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही रुद्राभिषेक, महाआरती एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया। पूजन के दौरान जिला में सुख समृद्धि एवं शांति के लिए प्रार्थना की गई। इससे पूर्व बतौर यजमान धनंजय कुमार पुटूस को पुजारी आचार्य संजय गुरु ने विधि-विधान के साथ पूजन संपन्न कराया। वहीं, मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक संपन्न कराया।

### दस तक स्वीकार किए जायेंगे आपत्ति आवेदन : बीडीओ



बरही । आवास से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या आपत्ति के लिए आगामी दस जनवरी तक प्रखंड कार्यालय में आवेदन लिया जा सकेगा। इसके बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति या शिकायत पर कोई कारवाई नहीं की जायेगी। उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदिवार ने दिया। उन्होंने बताया कि आए दिन अबूआ आवास की सूची को लेकर शिकायते मिल रही थी। उन्होंने आम लोगो से भी इस संबंध में आपत्ति या गलत होने की जानकारी मिली हो तो इसकी लिखित शिकायत निर्धारित तिथि तक देने की कही है। उन्होंने बताया कि यह अंतिम मौका है। आवेदक के शिकायत के आधार पर उचित कारवाई की जायेगी। बाद में किसी भी प्रकार का दावा निराधार होगा।

### फहीमा एकेडमी में मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण



हजारीबाग। फहीमा एकेडमी में भारत का विरासती मार्शल आर्ट्स गतका और लगोरी का प्रशिक्षण विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को दिया गया यह प्रशिक्षण झारखंड राज्य गतका संघ के महासचिव प्रिंस कुमार मिश्रा और खेलो इंडिया यूथ गेम के खिलाड़ी अंशु कुमार और नेशनल गेम्स गोवा के राष्ट्रीय लगोरी खिलाड़ी मिथलेश कुमार ने दिया, महासचिव प्रिंस मिश्रा ने बताया की इसी महीने बरही रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता आयोजित किया गया

---

अयोध्या से आये पूजित अक्षत का किया गया वितरण

# बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रांची रोड महतो टोला में सोमवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण किया गया। वितरण से पूर्व जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस के दौरान लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। साथ ही लोगों ने वहां स्थित दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में पूजा अर्चना किया गया । इस दौरान कहा की यह सौभाग्य की बात है की लंबे प्रयास के बाद श्रीराम लला राम मंदिर में विराज रहे हैं। कहा की इसको लेकर आगामी 22 जनवरी को हम सब दिपावली बनाएंगे क्योंकि श्रीराम लला उस दिन राम मंदिर में विराजेंगे। मौके पर शिव महतो, अरूण महतो, विशाल यादव, अमित शर्मा, अतीराज शर्मा, संध्या शर्मा, रीना देवी, किरण देवी, नीलम सिंह, प्रभा देवी, मंजू देवी, रीतू देवी, जानकी देवी, सविता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### अयोध्या से आए पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरूप भेजा जा रहा गांव-गांव



**कटकमदाग (हजारीबाग)।** प्रखंड में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या राम जन्मभूमि से भेजे गए कलश में पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरूप हर गांव के हरेक हिंदू तक भेजने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के निमित्त रविवार को यह अभियान प्रखंड के दामोडीहा से ढेंगुरा तक गाजे बाजे के साथ शुरू की गई। मौके पर उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद के परियोजना प्रमुख उमेश साव ने कहा इस अभियान को महा अभियान का रूप देंगे और अंतिम हिंदू परिवार तक इस पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरूप पहुंचाएंगे। 22 जनवरी को प्रत्येक घरों में दिया जलाकर दिवाली मनाने का आग्रह किया। समीप के मंदिरों में अयोध्या की भांति ही पूरे धूमधाम से पूजा-पाठ गीत संगीत के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाने का आह्वान किया। मौके पर विहिप के योगेन्द्र साव, पवन यादव, भोला साव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

ओपन एम्फी थियेटर का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

# अनेकों कलाकृतियों को समेटे हुए है ओपन एम्फी थियेटर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर का उद्घाटन संपन्न हुआ। उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आप में यह ओपन एम्फी थियेटर अनेकों कलाकृतियों को समेटे हुए है। झील के किनारे स्थित होने के कारण यहां का नजारा बहुत ही मनोरम है। इस मंच की परिकल्पना को जमीं पर उतारना एक ड्रीम प्रोजेक्ट जैसा था जो कि सफल हुआ है। युवा वर्ग को एक ऐसा सार्वजनिक मंच प्रदान करना प्रशासन की सोच थी जो साकार हुई है। उन्होंने कहा मेरी अपील है कि जिलेवासी इस धरोहर को बचा कर सुरक्षित रखें। इस अवसर पर डीडीसी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के निर्माण के पीछे युवा पीढ़ी को एक मंच प्रदान करना है जिसके माध्यम से कलाकार अपनी कला को खुले वातावरण में प्रदर्शित कर सकें। गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट का जिक्र करते हुए कहा कि हजारीबाग की प्रसिद्ध झील के किनारे निर्मित ओपन एम्फी थियेटर से बिलकुल वैसा ही नजारा देखने का एहसास होता है।

---

पचास लाख की लागत वाले कब्रिस्तान की बाउंड्री का विधायक ने किया शिलान्यास

# हर समुदाय के लोगों का विकास जरूरी, आपसी सद्भाव बनाये रखें



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
चार लाख निन्यानबे हजार नौ सौ सत्तर रुपए की लागत से कोनरा और हजारीबाग रोड स्थित कब्रिस्तान के बाउंड्री का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। सोमवार को दोनों स्थलों पर विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जानकारी के अनुसार दोनों का निर्माण कार्य अल्पसंख्यक कल्याण मद से किया जायेगा। जिसमें बरही हजारीबाग रोड में 24 लाख 90 हजार 800 रूपए की और कोनरा बाईपास के पास 24 लाख 98 हजार 900 रुपए के मद आवंटित है। दोनों जगहों पर विधायक का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। शिलान्यास समारोह में बोलते हुए विधायक ने लोगों से आपसी सौहार्द बनाने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि हर एक समुदाय का विकास हो और आपसी सद्भाव बनी रहे। ऐसा प्रयास होनी चाहिए। शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, मुखिया शमशेर आलम, पंसस जीतू ठाकुर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मन्नान वारसी, जामा मस्जिद सचिव अब्दुल कयूम, मदीना मस्जिद सदर मो मुश्ताक, अशोक सिंह, बिरेंद्र यादव, मो शहाबुद्दीन, शशि जायसवाल, लाभुक समिति अध्यक्ष रिजवान अली, सचिव मो मुमताज आलम, उप मुखिया गजाला प्रवीन, इजहार अंसारी सहित सैंकड़ों कई लोग उपस्थित थे।

---

पीडीएस डीलरों की हड़ताल से कार्डधारी परेशान

# विष्णुगढ़ प्रखंड के 134 पीडीएस दुकानों में लटके ताले



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर एक जनवरी से पीडीएस डीलकरों की हड़ताल जारी है। विष्णुगढ़ प्रखंड के 134 पीडीएस दुकानों में ताले लटके हुए हैं। दुकानों के बाहर बेमियादी हड़ताल के पोस्टर लगे हैं। इससे पीएच, अंत्योदय और हरा कार्डधारी परेशानी में हैं। हड़ताल की वजह से उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। सात सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल की गयी है। जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की मृत्यु पर पूर्व की भांति अनुकंपा का लाभ देने, आयु सीमा की बाध्यता समाप्त करने, दुकानदारों को नवंबर 2021 से दिसंबर 2022 तक का बकाया कमीशन का भुगतान करने, ग्रीन कार्ड का जनवरी से अप्रैल 2023 तक का बकाया कमीशन का भुगतान करने, दुकानदारों को एक रुपये की जगह तीन रुपये प्रति किलो कमीशन देने, सभी दुकानदारों को प्रतिमाह तीस हजार रुपये मानदेय देने और ई पॉश मशीन टू जी से फाइव जी करने की मांग की जा रही है। हड़ताल की वजह से राशन वितरण के साथ-साथ राज्य सरकार की दाल वितरण योजना ठप पड़ गई है।

---

बारलोंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन

# लोगों को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत 8 जनवरी को को रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत 8 जनवरी के बारलोंग पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई । मौके पर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ लोग उठा रहे हैं। उन्होंने कहा की जो लोग वंचित है वह इस योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। वहीं, रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी ने केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं आयुष्मान योजना के लाभुक से बात की।

### राजनीति विज्ञान विभाग में प्रथम समसत्र में नामांकित विद्यार्थियों का इंडक्शन मीट का आयोजन

**हजारीबाग।** बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्रथम समसत्र में नामांकित विद्यार्थियों का इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए विभागअध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने विश्वविद्यालय एवं विभाग के परंपराओं एवं परिपाटियों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि विद्यार्थी वर्ग में अपनी उपस्थिति को नियमित रखें। विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला, संगोष्ठी एवं व्याख्यान आदि कार्यक्रमों में बढ़-कर कर भाग ले। पठन-पाठन, पुस्तकालय, कला-संस्कृति, खेलकूद आदि विषयों की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने से वह सीधे विभाग के अध्यक्ष या शिक्षक से संपर्क करें। इस अवसर पर प्राध्यापक प्रो. बीपी सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अजय बहादुर सिंह एवं डॉ. रोशन कुमार भी अपने विचार रखें। विभाग में फेलोशिप के अंतर्गत शोध कर रहे शक्ति, रुखसाना, धर्मेंद्र, महेंद्र, रवि एवं इंस्पायर फेलो श्वेता ने विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।

---

# विश्वकर्मा समाज के पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला के सदर प्रखण्ड कमेटी स्थानीय जगन्नाथ धाम मन्दिर, सिलवार में सदर प्रखण्ड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज का कार्यक्रम का आयोजन जगन्नाथ धाम मन्दिर, सिलवार में किया गया। इस कार्यक्रम में सदर प्रखण्ड के सभी 23 पंचायतों से विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए और विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा, जिला महासचिव बृजलाल राणा, जिला सचेतक महावीर राणा, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार शर्मा, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष उमेश राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामगढ़ त्रिवेणी राणा उपस्थित हुए ! कार्यक्रम की अध्यक्षता डुमर के भुवनेश्वर राणा ने किया तथा मंच संचालन देवनाथ शर्मा ने किया ! कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 18 फरवरी को राँची के मोरहाबादी मैदान में विश्वकर्मा अधिकार रैली का आयोजन होगा।

---

जेबीकेएसएस की बैठक में कमेटी का हुआ विस्तार

# टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने का संकल्प




नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की सोमवार को पतरातू प्रखंड अन्तर्गत बीचा पंचायत में कमेटी विस्तार के लिए बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप बेदिया अध्यक्षता एवं संचालन आर्यन टोप्पो ने किया। बैठक में जिला संयोजक मंडली के सदस्य, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड कोर कमेटी के सदस्य, पंचायत कोर कमेटी के सदस्य एवं सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। सभी ने टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने की बात कही। कहा गया की सभी पंचायतों में जल्द कमेटी विस्तार किया जायेगा। पतरातु प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बीचा पंचायत में जेबीकेएसएस की नीतियों को लेकर लोगों ने कहा की हमें टाइगर जयराम महतो की नीति पसंद है। इसलिए हम उनका समर्थन करते हैं। पंचायत वासियों ने कहा कि जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नहीं एक विचारधारा हैं, जिनकी सोच अच्छी है, विचार अच्छा है और झारखंड हित की बात करते हैं। बीचा पंचायत कमेटी में संरक्षक आर्यन उरांव, अध्यक्ष दिलीप कुमार बेदिया, उपाध्यक्ष सुनील ऊरांव, झमन महतो, सचिव कृष्णा बेदिया, सह सचिव बलराम महतो, एटवा ओरांव, प्रकाश महतो, लक्ष्मी नाथ महतो, धनेश्व सिंह को सर्वसम्मति से बनाया गया।

### नीतीश के जोहार यात्रा की जोरदार तैयारी में जुटा जदयू

हजारीबाग। अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की रामगढ़ में प्रस्तावित जोहार यात्रा को सफल बनाने के लिए जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने विभिन्न पार्टी पदाधिकारियों का मनोनयन कर उन्हे कई जिम्मेदारियां दी है।जिसमे तैयारी समिति के संयोजक के साथ-साथ जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, अविरल बिहारी लाल और भीम मेहता को जिला सहसंयोजक, जिला महासचिव सुरेश वर्मा और बसंत मेहता को जिला सहसंयोजक जिला सचिव संजय राम, मनिरूदिन अंसारी भुनेश्वर ठाकुर, नजरुल्लाह अंसारी को सहसंयोजक बनाया गया है ।सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष को जिला सह संयोजक बनाया गया है ।सभी प्रखण्ड अध्यक्ष हजारीबाग नगर अध्यक्ष को अपने अपने प्रखण्ड का कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है।जिले के पदाधिकारियों को विधानसभा के अनुरूप कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है ।आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ के सिध्धू, कान्हू मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के प्रचार प्रसार एवं सभा को सफल बनाने में जदयू के नेता और कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

---

ओएनजीसी परियोजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

# भू अर्जन की समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक करने को कहा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला अंतर्गत संचालित ओएनजीसी परियोजनाओं में भूमि संबंधित मामलों को लेकर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान ओएनजीसी के प्रतिनिधियों द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं उनके द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में भूमि संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने परियोजनावार आ रही समस्याओं की समीक्षा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ एवं संबंधित अंचल अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ बैठक आयोजित कर समस्या के समाधान सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, तकनीकी समस्याओं को लेकर उपायुक्त ने मैनेजर आईटी को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने ओएनजीसी द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी भी ली एवं सीएसआर के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, भू अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, संबंधित अंचल अधिकारियों, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, ओएनजीसी के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### एक सप्ताह में दस हजार परिवार तक पहुंचे रामभक्त, दिया आमंत्रण



**बरही।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर पूरे देश में युद्ध स्तर पर अक्षत वितरण सह आमंत्रण जारी है। बरही भी इससे अछूता नहीं है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और सनातनी अखाड़ा के राम भक्त इस कार्य को पूरे तन मन और धन से समर्पित होकर कर रहे हैं। 22 जनवरी रामलल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे प्रखंड में दीपोत्सव मनाने और खुशियां बांटने की तैयारी जोरों पर है। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने बताया कि 1 जनवरी से प्रारंभ हुई आमंत्रण सह अक्षत वितरण कार्यक्रम में बरही के रामभक्तो ने लगभग दस हजार सनातनी परिवार तक अक्षत सह आमंत्रण दे चुके है। करियातपुर, रसोईया धमना, करसो आदि कई पंचायतों में अक्षत वितरण पूरा किया जा चुका है। प्रखंड के शेष पंचायतों में वितरण जारी है। जिसे 15 जनवरी के अंदर पूरा कर लिया जायेगा।

### दही चूड़ा कार्यक्रम को लेकर पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक



**बरकट्ठा।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दही चुड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव और संचालन पुर्व पंसस महेंद्र प्रसाद ने किया। मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया ।वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के हर व्यक्ति को दही चुड़ा कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया जा रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से अपने कार्यकताओं से मिलने का अवसर प्राप्त होता है।

### सूर्यकुण्ड उत्सव सह सम्मान कार्यक्रम किया गया स्थगित

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सूर्यकुण्ड धाम परिसर में 10 जनवरी को आयोजित होने वाली सूर्यकुण्ड उत्सव सह सम्मान कार्यक्रम स्थगित कर दी गई है। इसकी जानकारी जिला ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार ने पत्र जारी कर दी। पत्र में कहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया पर कार्यक्रम का विरोध करने की बात सामने आई जिसके कारण कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा ।बताया के जेबीकेएसएस के कुछ लोगों द्वारा सूर्यकुण्ड उत्सव में कलाकार खसारी लाल के आने का लेकर विरोध किया गया जिसके कारण यह तत्काल प्रभाव से कार्यक्रम स्थगित किया गया है। बताया कि कार्यक्रम अवश्य होगा।

### बंडासिंगा के पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बड़ासिंगा में अयोध्या से आए पूजित अक्षत के निमंत्रण को लेकर शोभा यात्रा निकालते हुए शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम बंड़ासिंगा मोड़ से पतालसूर धाम होते हुए बाराडीह से वापस पुनः गांव के शिव मंदिर होते हुए नीचे टोला जलहिया, सिमराटांड़ बेलकपी ,सूर्यकुंड नवाडीह और बड़ासिंगा मोड़ बजरंगबली मंदिर तक शोभायात्रा का भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में भक्ति गीतों से क्षेत्र गूंजायमान हो गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ,बेलकपी पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, बेलकपी दक्षिणी पंचायत समिति सदस्य विकास पांडेय, समाजसेवी सुरेंद्र साव, राजकुमार यादव, राजकुमार यादव समेत दर्जनों ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

### धमना मोड़ पर शेख भिखारी और टिकैत उमराव का मनाया गया शहादत दिवस, लिए गए कई निर्णय



**बरही।** रसोईया धनिया मोड पर झारखंड के दो शहीदों शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी व प्रदेश प्रधान महासचिव प्रजातांत्रिक मंच झारखंड के तौकीर रजा की अगुवाई में आयोजित की गई। उपस्थित लोगो ने दोनो शहीदों को याद किया और श्रद्धांजलि दिया। साथ ही उनकी जीवनी पर चर्चा करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए कई निर्णय लिए गए। जिसके अंतर्गत राज्य तथा देश ने अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे भेदभाव को बंद करने व उत्थान हेतु कार्य करने, दोनो शहीदों के नाम से उर्दू अरबी विश्वविद्यालय की स्थापना, अल्पसंख्यक आयोग और झारखंड वक्फ बोर्ड का गठन, सभी 186 मदरसा में 7वा वेतनमान लागू करने, अलसंख्यक बहुल क्षेत्र में अल्पसंखयक सामुदायिक भवन का निर्माण, सभी कार्यालय में उर्दू ट्रांसलेटर नियुक्त करने व एनसीईआरटी की किताबो में दोनों शहीदों की जीवनी से संबंधित पाठ लागू करने हेतु सीएम से अपील की।

### एससी, एसटी सरकारी शिक्षक संघ की हुई बैठक

**कटकमदाग (हजारीबाग )।** अनुसूचित जाति, जन जाति शिक्षक एवं सरकारी कर्मी संघ की बैठक रविवार को हिंदू प्लस टू विद्यालय हजारीबाग में कार्यकारी महासचिव रामविलास पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ के बायोलॉज तैयार करने हेतु पांच सदस्य कमेटी बनाई जाए। कानूनी सलाहकार सदस्यों के साथ मिलकर संघ की रजिस्ट्रेशन कराई जाएगी। संघ का अंतिम रूप फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च में की जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष राजेश्वर कुमार, धीरज कुमार, महेंद्र राम, राजेंद्र कुमार दास, मनोज कुमार दास, कालीचरण राम, बसंत कुमार दास, संजय चंद्रा, राजाराम रवि, दीपक कुमार मुंडा, किशोर कुमार, प्रदीप कुमार, बालेश्वर रविदास, विजय रविदास, राजकुमार दास सहित शिक्षक व कर्मी उपस्थित थे।

### मुखिया ने बिरसा किसान रथ को किया रवाना

**कटकमदाग (हजारीबाग) ।** झारखंड सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आत्मा की ओर से कटकमदाग प्रखंड के सलगावां पंचायत से ₹बिरसा किसान रथ₹ का परिचालन शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया मधु रानी, उप मुखिया अवधेश प्रसाद, किसान मित्र इंद्रनारायण कुशवाहा, बालेश्वर प्रसाद ने हरि झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। रथ को रवाना करने के पूर्व कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आत्मा के बीटीएम विजय कुमार ने झारखंड सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर किसानों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सरकार की संचालित योजनाओं प्रचार-प्रसार चर दिखाया गया। साथ ही मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, टपक सिंचाई, किसान क्रेडिट कार्ड, जल प्रबंधन, पशुओं का टीकाकरण, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण व बीज उपचार की विस्तार से जानकारी दी गई।

### ईवीएम, वीवीपीएटी मशीन के माध्यम से लोगों को मतदान की दी गयी जानकारी

रामगढ़। रामगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन का संचालन किया जाना है जिसके माध्यम से जिला समाहरणालय एवं अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ में ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र स्थापित किया जाएगा।

## एक नजर

### जलडेगा लाह उत्पादक समिति पुनरुद्धार को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जलडेगा प्रखण्ड के ग्राम पतिअम्बा स्थित प्राथमिक लाह उत्पादक सहयोग समिति के पुनरुद्धार के संबंध में बैठक आयोजित कर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिष्ठापित लाह प्रोसेसिंग सेंटर को संचालित कराने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को जिले के सभी लाह प्रोसेसिंग यूनिट का संचालन सुनिश्चित कराने हेतु कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने लाह को प्रोसेसिंग करके बिक्री करने पर लाभ के संबंध में किसानों के बीच जागरूकता फैलाने की बात कहीं। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, पीपीआईए फेलो एवं अन्य उपस्थित थे।

### डिलिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों की एकता तोड़ने का किया जा रहा है प्रयास : भूषण बाड़ा

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हमारे जनजातीय समुदाय के लोग केंद्र में बैठी सरकार को चुनने के बाद अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में 28 आदिवासियों के लिए आरक्षित सीट में आदिवासियों की 26 सीट पिछला चुनाव में हमने जीत दर्ज की थी। आज सभी जगहों पर आदिवासी एकजुट हो रहे हैं और इसी एकता को कमजोर करने के लिए साजिश के तहत डीलिस्टिंग का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लाया गया है और उनका प्रयास है की एकता को तोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा की 60 की दशक से डिलिस्टिंग का मुद्दा लाया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया था।सिविल कोर्ट ,केरल हाई कोर्ट भी इसपर साफ कहा था कि कोई भी जाति का व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर लेता है तो यह विदेश का मुद्दा नहीं है। मौके पर सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### झामुमो युवा मोर्चा गठन को लेकर बैठक

**कोडरमा।** झामुमो युवा मोर्चा गठन को लेकर कोडरमा प्रखंड के मेघातरी में बैठक हुई। अध्यक्षता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीलिप गुप्ता और संचालन युवा मोर्चा जिला सचिव छोटू कुमार यादव, मालती चंद्रा ने संयुक्त रूप से किया। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कार्यशैली से झारखंड की आम जनता का विश्वास वे जीत चुके हैं। इससे घबराकर भाजपा के लोग ईडी को लगाकर उन्हें परेशान कर रही है। जिला सचिव श्यामदेव यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आमजनों के बीच में जिस प्रकार का विश्वास जगा है, आने वाला विधानसभा चुनाव में झारखंड में बहुमत के साथ झामुमो की सरकार बनेगी। केंद्रीय समिति सदस्य गंगा यादव गोपाल यादव ने कहा कि कोडरमा विधायक और सांसद के कार्यकाल में कोडरमा का विकास नहीं हो सका है।

### विधायक ने जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर साधा निशाना,कहा

# आदिवासियों को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाना चाहती है भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा कांग्रेस जिला कार्यालय में सोमवार को सिमडेगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगवाई में प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाडी उपस्थित रहे। जहां पर उन्होंने प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए झारखंड सरकार के 4 वर्षों की कार्यकाल का उपलब्धियां गिनाई, जहां पर उन्होंने सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण, 1932 खतियान ,ओल्ड पेंशन जंगल का अधिकार, महिलाओं के लिए योजनाएं सहित कई मुद्दों को लेकर सरकार द्वारा किए गए कार्य एवं 2024 को नियुक्ति वर्ष बताते हुए अधिक से अधिक बेरोजगारों को रोजगार देने से संबंधित बात कही। वहीं उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा और उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को रांची के मोहराबादी में भाजपा द्वारा साजिश के तहत डी लिस्टिंग रैली का आयोजन कर आदिवासियों को धर्म एवं जाति के नाम पर लड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को भ्रमित जानकारी देकर लोगो को बरगलाया जा रहा डिलिस्टिंग धर्म के आधार पर यह बातें कह रहे जबकि हमारा संविधान स्पष्ट करता है कि धर्म के आधार पर हमारे देश में भेदभाव नहीं किया जाएगा यह संविधान का अनुच्छेद 15 में है और नियोजन को लेकर 16 में कहा गया है उन्होंने कहा कि जाति और धर्म में आसमान और जमीन का फर्क है।जाति हमारा नश्ल से जुड़ा है और धर्म विश्वास से आधारित है। हम अपने जीवन में कई धर्म को मान सकते है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है कि 80% नौकरी आदिवासियों का है जिसे क्रिश्चियन धर्म के लोग ले रहे हैं।जबकि बैकलॉग से भर्ती करती है जबकि वैकेंसी में जो सीट खाली रह जाता है उसे भरने के लिए के बैकलॉग माध्यम से निकलती है।उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि आदिवासियों का धर्म क्या है उसे बताएं। झारखंड का आदिवासी समुदाय एवं जनगणना में अपना जानकारी दिए हैं उसका अनुसार 42.7% सरला भरा है 39.2% हिंदू और 14.4 ईसाई है एवं 1.7 अन्य है जिसमें बहुत जैन आदि है।

### आमजन को उचित दर पर उपलब्ध हो बालू: सईद नसीम

**झुमरी तिलैया।** जिले में बालू को लेकर आमजनों की समस्याओं के समाधान की दिशा में राज्य सरकार व जिला प्रशासन की कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण कई दिनों से आमजनों को बालू की खरीदारी संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।पिछले कई दिनों से बालू की कमी और महंगी दर पर इसके बिकने की लगातार आम जनों की शिकायत आ रही है। उक्त बातें कांग्रेस नेता सईद नसीम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा उन्होंने कहा कि आम लोगों तक आसानी से बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने का मकसद वर्तमान राज्य सरकार व जिला प्रशासन की होनी चाहिए थी, लेकिन जटिल नियम के कारण वर्तमान सरकार ने ही आम जनता को परेशानी में डाल दिया है। सरकारी योजना के लाभुकों के साथ साथ आम जनता के लिए निर्माण में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बालू की कालाबाजारी जगजाहिर है। ऊंचे मूल्य पर बालू खरीदी व बेची जा रही है।

## उप मुखिया ने गरीबों को बांटे कंबल



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** जयनगर प्रखंड के रूपायडीह पंचायत के उप मुखिया चंदन कुमार ने गरीब, असहाय, विधवा महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया। उस दौरान उन्होंने कहा कि ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। वहीं सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं को पंचायत के अंतिम व्यक्ति, गरीब, असहाय, विधवा महिलाओं तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। कहा, इस कड़ाके की ठंड में गरीब परिवार के बीच कंबल बहुत ही कारगर साबित होता है। इस मौके पर सुभाष राणा, भोला मोदी, राहुल कुमार, प्रदीप राणा, सुखदेव राणा, बैजनाथ यादव, दामोदर सिंह, शंकर सिंह, वासुदेव महतो, सुरेश राणा, बिंदु देवी, हेमिया देवी, कालिया देवी, रुबिया देवी, मंजू देवी, पार्वती देवी आदि कई लोग मौजूद थे।

### कोडरमा में कोहरे ने बढ़ाई कनकनी, जनजीवन बेहाल

**झुमरी तिलैया।** जिले में हल्की फुहार के बाद अब पछुआ हवा के चलने से लोग दिनभर ठिठुरन की स्थिति में समय गुजार रहे हैं। दिनभर आसमान में बादल छाये रहने से बाजारों में रौनक बहुत ही देखने को मिली। बारिश से अधिकतम तापमान में चार पांच डिग्री तक की गिरावट आयी है। दो दिन पहले जहां अधिकतम तापमान 22 डिग्री तक के आसपास था, लेकिन दो दिनों से अधिकतम तापमान 17 डिग्री के आसपास है। वहीं दूसरी ओर सुबह देर तक कुहासा छाए रहने से दुकान भी लेट से खुल रही है, जबकि कई दुकानदार दुकान को बंद घर में रहना बेहतर समझ रहे हैं। लोग भी बाजार अपने जरूरत के हिसाब से हीं निकल रहे हैं। ग्राहकों के बाजार कम आने ने दुकानदारों की दुकानदारी की काफी प्रभावित हो रही है। । इस संबंध में कपड़ा व्यवसायी बबलू वारसी ने बताया कि तीन चार दिनों से बढ़े ठंड से बाजार पूरी तरह मंदा चल रहा है। ग्राहक कम आ रहे हैं।

## शहीद शेख भिखारी को कांग्रेस कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा की अगुवाई में शहीद शेख भिखारी शहादत दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की सहित कई लोगों के द्वारा चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी।कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने शहीद शेख भिखारी के बारे में बताते हुए कहा कि 8 जनवरी 1858 को अंग्रेज सरकार के द्वारा फांसी दी गई थी हमें उनके शहादत को याद रखते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलनी है।मौके पर उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज, शमी आलम, शिशिर मिंज, कृष्णा नाग, जमीर अहमद, जमीर हसन, मो वाहिद,जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन,फुलकेरिया डांग, बिरेन तिर्की,20 सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, अशफाक आलम, अरशद हुसैन, प्रेमदास, शकील अख्तर, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,अरमान खान, जॉन लकड़ा सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा को लेकर बैठक का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2024 कक्षा 6 के आयोजन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी केंद्राधीक्षक, सीएलओ और जेएनवीएसटी प्रभारी मौजूद थे। इस परीक्षा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्राचार्य बी पी गुप्ता ने बताया कि जिला मुख्यालय में 20 जनवरी, 2024 को आयोजित होने वाली जीनवीएसटी परीक्षा के लिए छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं - संत मेरिज हाई स्कूल, उसुर्लाइन कॉन्वेन्ट गर्ल्स हाई स्कूल, संत मेरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल, संत अन्ना बॉयज स्कूल, डीएवी एवं केंद्रीय विद्यालय। इस परीक्षा में सिमडेगा जिले के कुल 1993 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षकों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय या जनवि सहायता केंद्र, कोलेबिरा से संपर्क किया जा सकता है। परीक्षा प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रवेश पत्र परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के जरिए डाउनलोड किया जा सकता है।

## केरसई के कोनजोबा में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** केरसई प्रखंड के कोनजोबा पंचायत अंतर्गत कोरकोटजोर में सोमवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन अंचल अधिकारी बलिराम माझी ,कार्यक्रम प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता एवं कोनजोबा मुखिया मुंश खेस ने किया, साथ ही अंचल अधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए शपथ दिलाया। कार्यक्रम में लोगों ने एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संवाद सुना।मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा की कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की स्टाल लगे हैं ग्रामीण आकर उसे स्टॉल का लाभ उठाएं।कार्यक्रम प्रभारी सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा जनता प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना का लाभ उठाएं इसमें 18 कैटेगरी के लोगों को ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। बिल्कुल कम ब्याज दरों पर साथ ही प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, मुद्रा लोन ,इन सभी केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण ले सकते हैं। विभागीय सांसद प्रतिनिधि प्रणव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है की 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाना है।इस लक्ष्य को प्राप्ति के लिए हम सबों को प्रधानमंत्री मोदी का सहयोग करना है ।कोनजोबा मुखिया मुंश खेस ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा जनता ले ताकि पंचायत को विकसित बनाने का सपना पूरा हो सके। मौके पर सुरेश प्रसाद ,संजय प्रसाद, वार्ड सदस्य जगरानी, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव अकील अंसारी, सहित सभी प्रखंड कर्मी एवं आमजन मौजूद थे।

## जंगली हाथी ने मकान को किया क्षतिग्रस्त पीड़ित को प्रखंड प्रमुख ने दी आर्थिक मदद




**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** क्षेत्र में इन दिनों लगातार जंगली हाथियों का आतंक जारी है, हाथियों के द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे सामानों को भी नष्ट कर रहे हैं, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर प्रखंड के दुमकी ढोड़ीबहार गांव में अहले सुबह 5:00 बजे के आसपास एक जंगली हांथी जो की झुंड से बिछड़ हुआ है उंसके द्वारा एंथोनी लुगुन नामक किसान के घर का एक हिस्सा को तोड़ते हुए घर में रखे हुए अनाज को खा गया । परिवार वाले किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई वही झुंड से बिछड़ हुआ हाथी के द्वारा घर में रखे धान को खाने के बाद एक बोरी लेकर जंगल की ओर रवाना हो गया ।ग्रामीणों ने मांग किया कि वन विभाग इस झुंड से बिछड़े हुए हाथी को इस क्षेत्र से जल्द से जल्द दूर भगा दे जिससे की जान माल के हानि होने से बचे । गांव टोला सुरक्षित रहे। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज गांव का दौरा किया एवं हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया साथ ही एक बोरा चावल भी उपलब्ध कराया जिससे कि कुच्छ दिन इनका खाने-पीने में दिक्कत ना हो मौके पर कांग्रेस प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुशील बोदरा,राजेश डुंगडुंग आदि मौजूद थे।

### होल्डिंग टैक्स व इसकी वसूली के लिए धमकी पर जताया विरोध

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा नगर पंचायत में होल्डिंग टैक्स और इसकी वसूली के लिए धमकी देने पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत के प्रथम चुनाव में विजयी मो सब्बन से सरकार द्वारा लगातार दो बार टैक्स लगाने के लिए मांगे गए मंतव्य में कोडरमा की दयनीय स्थिति का हवाला देते हुए इंकार किया गया था। जबकि दूसरे चुनाव में पंचायत के जनप्रतिनिधियों को मिलने वाला मानदेय बंद कर देने से जनप्रतिनिधियों ने अपने मानदेय के लोभ में कोडरमा नगर पंचायत की बदहाली को दरकिनार कर और बिना सर्वे कराए होल्डिंग टैक्स थोप दिया गया, जिसका यहां की जनता ने लगातार विरोध किया। नगर पंचायत के विकास के लिए सरकार से योजना मद और गैर योजना मद में प्राप्त राशि का पूरी तरह दुरुपयोग किया गया, जिसकी आवाज उठाई जाती रही, पर सरकार द्वारा कार्रवाई न करने पर लोकायुक्त के कोर्ट में वाद दाखिल किया गया।

## अज्ञात ट्रेलर की चपेट में दो हुए घायल,सिमडेगा रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाड़ा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात ट्रेलर की चपेट में आकर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां पर इलाज करने के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया ।घटना का संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बांसजोर के कोम्बकेरा पंचायत निवासी आदम लकड़ा एवम बीरबल सिंह किसी काम से बांसजोर से सिमडेगा जा रहे थे इसी दौरान बाड़ा पेट्रोल पंप ठेठईटांगर के पास अज्ञात ट्रेलर के जोरदार धक्के से गिर गए।दोनों को धक्का मार कर ट्रेलर भाग निकला, ठेठईटांगर पुलिस की मदद से घायल व्यक्ति को रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर लाया गया, जहां पर पता चला ली बिरबल सिंह का कंधा का एक हड्डी टूट गई है जिससे स्थिति नाजुक है ।सुचना मिलते ही प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं जिला परिषद सदस्य बांसजोर सामरोम पौल टोपनो रेफरल अस्पताल पहुंचे एवं प्राथमिक इलाज कराते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया।

## न्यूज बॉक्स

### बानो प्रखण्ड के सेवानिवृत्त सहायक शिक्षकों को दी गई विदाई




**बानो।** मध्य विद्यालय बानो में आयोजित सादे समारोह में प्रखण्ड के चार विद्यालयों से सेवा दे रहे सहायक अध्यापकों को शिक्षक परिवार की ओर से विदाई दी गई।बताया गया राउम विद्यालय सिजांग के बिजय चन्द्र लुगुन ,उप्रा विद्यालय सोरोलदा के शिक्षक रंगपाल सिंह, राउम विद्यालय महाबुवाग के शिक्षक सबन सुरीन तथा भूरसाबेडा के सहायक शिक्षक बावना डांग के सेवा निवृत्त होने पर सोमवार को संघ द्वारा विदाई दी गई। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने कहा कि आप संघ के अभिन्न अंग थे । आज भी हम अपनी मांगों को लेकर उतना ही सजग है हमारे मित्रो के सहयोग को भुलाया नही जा सकता है। आपका में शिक्षा के क्षेत्र बहुमूल्य योगदान रहा है। सभी सहायक शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर, गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक अपने अपने विचार व्यक्त किया।मौके पर मुरारी सिंह, विश्वम्भर सिंह, जुनुल तानी,बृंदा बड़ाईक, उषा कुमारी, नूतन लोमगा,सोफिया कोनगाडी, रीमा देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### झारखंड पार्टी के सहयोग से ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी दो किलोमीटर लंबी सड़क



कोलेबिरा। प्रखंड के जोन्हा टोली से बरसलोया तक झारखंड पार्टी एवं ग्रामीणों के सहयोग से सोमवार को श्रमदान कर 2 किलोमीटर तक जर्जर सड़क की मरम्मत की गई। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे।बताया गया सड़क की स्थिति खराब होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का व संदेश एक्का से की थी जिस पर संदेश एक्का ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या देखने के बाद श्रमदान के माध्यम से सड़क मरम्मत करने का निर्णय लिया सोमवार की अहले सुबह से ही बरसलोया ग्राम के सड़क पर स्थित गढ्ढों पर ट्रैक्टर से मिट्टी लाकर भरा गया, तत्पश्चात बरसलोया पंचायत के मुखिया संदीप मुंडा की उपस्थिति में ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर सड़क की मरम्मती की गई। सड़क की मरम्मती कर झारखण्ड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने फीता काटकर इसका उद्घाटन भी किया। उद्घाटन के बाद संदेश एक्का ने कहा कि आज जिस प्रकार आप सबों का जन समर्थन मिला, उसी प्रकार आप सबों के आशीर्वाद से विधायक बनता हूं तो पूरे सड़क को कालीकरण सड़क बनाया जाएगा। आपकी परेशानी को जरूर साझा करें यथासंभव आपकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे झारखंड पार्टी सदैव आपके साथ है। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### शहरी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की ने प्रशासक से की मुलाकात



सिमडेगा। कांग्रेस केकेसी प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की ने सोमवार को नगर से संबंधित कई समस्याओं को लेकर मिले सिमडेगा नगर परिषद के प्रशासक सुमित महतो से मुलाकात की। दिलीप ने बताया कि नगर के कई सारी समस्याओं को लेकर अधिकारी से सार्थक चर्चा किया गया। जिसमें बस स्टैंड में बने शौचालय जो बीमारी कारण बन रहा है। शहर में अवैध निर्माण हद से ज्यादा बढ़ गई है। जिसमे बिना नक्से के घर बनते ही जा रहे हैं। जिससे आदिवासियों की जमीन बे जिझक लोग सादे पट्टे पर खरीदते जा रहे। साथ ही दिलीप ने यह भी कहा कि गांधी मैदान का सीमांकन बहुत ज्यादा जरूरी है क्योंकि अवैध कब्जा के कारण मैदान दिन ब दिन छोटा होता जा रहा है। जिसपर प्रशासक सुमित महतो ने कहा कि ये सारी चीजों पर कार्यवाही काफी जरूरी हैं। बस स्टैंड में लाइट लगा दी गई है एवं शेड, कैमरा लगना, महिला शौचालय जैसे बाकी समस्या समाधान भी जल्द करने की कोशिश हो रही है। हम नक्से के लिए एवं गांधी मैदान पर भी मेले के बाद विभाग द्वारा उचित कार्यवाही करने का अस्वासन दिया है।

### बानो में शिक्षकों के पांचवें ग्रुप का एफएलएन प्रशिक्षण शुरू

बानो। बानो प्रखंड में शिक्षकों के पांचवें ग्रुप का एफएलएन प्रशिक्षण सोमवार को प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में दो बैच में 40 -40 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022, सामाजिक भावनात्मक एवं नैतिक शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी जानी है।इस प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित शिक्षण को भी जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षक के रूप में केदारनाथ सिंह, संध्या सिंह, ओम प्रकाश ओहदार ,प्रेम किशोर नायक एवं आशीष चंद्रा हैं। प्रशिक्षण का देखरेख प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निर्मला लिंडा कर रही हैं।

### दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ फाइनल में होंगे विधायक शामिल

**जलडेगा।** प्रखंड के बाड़ीबिरिंगा ईचापिड़ी खेल मैदान में सोमवार को खेल समिति द्वारा आयोजित दो दिवासीय हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन टाटी पंचायत के जनप्रतिनिधि फूलजेम्स सुरीन द्वारा किया। पहले दिन के प्रतियोगिता में कई रोमांचक मुकाबले खेले गए जिसमें बोंगेरा, महुआ टोली,कोलोमडेगा,बनजोगा की टीम ने अपने मुकाबले जीतकर अगले चक्र दौर में प्रवेश किया। जानकारी देते हुए खले समिति के सचिव मतियास डांग ने बताया की मंगलवार को प्रतियोगिता का फाइनल होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी शामिल रहेंगे। मौके पर खले समिति के सदस्यों सहित दर्शकों की उपस्थिति रही।

### गम्हारझरिया जंगल में वन रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन कर वन बचाने की ली शपथ

**सिमडेगा।** बोलबा वन प्रक्षेत्र के गम्हारझरिया जंगल में सोमवार को वन देवता की पूजा की गई। इस दौरान ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से पेड़ों को रक्षाबंधन कर इनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया।मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पर्यावरण विशेषज्ञ पारसनाथ महतो ने कहा कि वन ईश्वर का वरदान है। इसकी रक्षा करना मानव का धर्म है। कहा के पेड़ों को काटने से वन साफ हो जाएगा, जिसका असर मानव जीवन पर पड़ेगा। आज हम लोग ही पेड़ों को बचा सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से पेड़ों का रक्षाबंधन कर अपनी बहन की तरह इसकी भी सुरक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन से जुड़ा हुआ है। वनों के उजड़ने का असर मानव जीवन पर पड़ेगा। आज घर-घर में पेड़ बचाने के संदेश को पहुंचाने की जरूरत है तभी वन बचेगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जंगलों की रक्षा की, तभी आज हम वनों को देख रहे हैं। अब आनेवाली पीढ़ी के लिए पेड़ों को बचाएं, तभी हमारे बच्चे भी जंगल को देख पाएंगे।कार्यक्रम की शुरूआत के पहले जंगल में वन देवता की पूजा की। वहीं कार्यक्रम के बीच में उन्होंने सभी ग्रामीणों के सहयोग से जंगलों में लगे सखुआ, आम आदि के पेड़ों को बचाने का संकल्प के साथ रक्षाबंधन किया।

## एक नजर

### अनियंत्रण होकर पलटा बोलेरो एक की मौत



**गिरिडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र के कल्हाबार पंचायत अंतर्गत केबी रोड के तेलखारा पुल में रविवार की रात्रि अनियंत्रित होकर एक बोलेरो जेएच 11यू 4675 पलट जाने से बोलेरो में सवार दंपति घायल हो गया। जिसमें एक किशोर सागर यादव (13) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि अन्य घायलों को मुखिया नूरउद्दीन अंसारी ने रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद एक को बेहतर इलाज हेतु धनबाद रेफर कर दिया गया ।

इस संबंध में बताया जाता है कि सरिया निवासी ज्ञानचंद महतो अपनी पत्नी बेबी यादव पुत्र सागर के साथ बोलेरो से सरिया से चिरकी के चिरुडीह जा रहा था कि उक्त स्थान पर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे सागर की मौत घटना स्थल पर हो गई।जबकि अन्य दो घायल हो गये,प्राथमिक इलाज के बाद बेबी यादव को धनबाद रेफर कर दिया।मुखिया द्वारा घटना की सुचना थाना प्रभारी को दिया जिसके बाद स्थल पर एसआई लव कुमार सदलबल पहुंच वाहन को सड़क से हटाया।

### बीआरपी-सीआरपी ने दिया धरना, मानदेय बढ़ोतरी की मांग

**धनबाद।** सेवा शर्त नियमावली एवं मानदेय बढ़ोत्तरी की मांग को ले धनबाद जिला बीआरपी-सीआरपी महासंघ ने सोमवार को रणधीर वर्मा चौक पर मौन धरना दिया। मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपायुक्त कार्यायल को सौंपा। समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रखंड साधन सेवी व संकुल साधन सेवी वर्ष 2005 से कार्यरत है। विगत 6 वर्षों से बीआरपी- सीआरपी का मानदेय नहीं बढ़ा है। तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो ने नियमावली बनाने एवं सेवा शर्त लागू करने के लिए पहल की थी परंतु उनके निधन के बाद मामला खटाई में पड़ गया। आज स्थिति यह है कि पारा शिक्षकों की मॉनिटरिंग करने वाले बीआरपी-सीआरपी का मानदेय पर शिक्षकों से कम है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आश्वासन के बाद भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। धरना में जिलाध्यक्ष बासुदेव प्रसाद महतो, अब्दुल सत्तार अंसारी, अजहर हुसैन अंसारी, विराज दास, संजय रजक, भुवन चंद्र महथा, मधुकर प्रसाद, शंकर रवानी, प्रवीण गुप्ता, मधुसूदन गोराई, नीरज लाला, अभिजीत भट्टाचार्य, काशीनाथ, निभा कुमारी, लाजवंती बक्शी, चंदन मिश्रा दिनेश भट्टाचार्य, सहदेव मंडल, प्रदीप पंडित व अन्य शामिल रहे।

## हरिजन टोला में हुए नाबालिक छात्रा की हत्या मामले में पुलिस ने की प्रेस वार्ता

# दूसरे अभियुक्त को पुलिस ने हजारीबाग से किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बगोदर थाना क्षेत्र के हरिजन टोला में हुए गोली कांड को लेकर थाने परिसर में बगोदर सरिया डीएसपी नौशाद आलाम ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताये की बीते शनिवार को हरिजन टोला गोली लगने से रुकसार प्रवीण की हत्या हुई है। युवती का प्रेम गैर जाती है इसे लेकर गिरिडीह जिला अधिक्षक के निर्देश पर एक कमिटी गठित कर आगे की करवाई की गई। जिसमें मृतका की अभियुक्त मां फरजाना प्रवीण को गिरफ्तार किया गया था तथा घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल फायर गोली का अग्र भाग एवं खुन लगा हुआ कपड़ा जब्त किया गया है। अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आया कि मृतिका की शादी उसके मां बाप द्वारा तय किए गए लड़के से शादी नही करना चाहती थी।जब अभियुक्त फरजाना प्रवीण यह बात अपनी बहन के पति साबिर अंसारी को बताया तो साबिर अंसारी के द्वारा एक देशी पिस्टल साथ में एक गोली अभियुक्ता फरजान प्रवीण को दिया तथा चलाने का तरीका भी बताया और अपनी बेटी को पिस्टल दिखा कर डरा धमका कर किसी तरह से समझाने को बोला गया। और नही मानने पर दिमाग या दिल मे गोली मारना तभी मरेगी यह बात साबिर अंसारी के द्वारा बताया गया। फरजाना खातुन द्वारा अपनी बहन के पति साबीर अंसारी के बहकावे में आकर उसके द्वारा बताये अनुसार ललाट में गोली मार कर अपनी पुत्री रुखसार प्रवीण की हत्या कर दी।

इस संबंध में बगोदर थाना भा द वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया एवं गठित टीम के द्वारा पेलावल थाना जिला हजारीबाग अंतर्गत साबीर अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गठित टीम मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलाम थाना प्रभारी नितीश कुमार पुअनि संगम पाठक चंदन कु सिंह नरेश कुमार महतो सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### अधेड़ की पीट पीटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र के गेणुवामारनी गांव में सोमवार को एक अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि गांव के महेशल सोरेन दो वर्ष पूर्व गांव की एक लड़की से बलात्कार के आरोप में जेल भेजा गया था। चार महीना पहले जेल से छुटकर लौटा था। जेल से आने के बाद मनचला की तरह गांव में तांडव मचाते रहता था। वेवजह किसी से भी लड़ जाता था। सोमवार को किसी बात को लेकर गांव के ही बाबुधन मुर्मू (55) से विवाद हो गया।

जिसपर महेशल सोरेन ने बाबुधन मुर्मू को पत्थर व दावा से मारकर घायल कर दी, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना के समय मृतक की पत्नी जियामुनी मरांडी पालाजोरी हटिया गयी थी, जिसकी सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### एक साथ पति-पत्नी ने ली आखिरी सांस



**गिरीडीह।** बिरनी थाना क्षेत्र के माखमरगो पंचायत के पूर्व उप मुखिया मोहम्मद मुबारक अंसारी के 90 वर्षीय पिता कादिर अंसारी एवं 85 वर्षीय माता रबुना बीबी का शनिवार की रात एक साथ देहांत हो गया था। जिसके मिट्टी की रस्म सोमवार को पूर्ण की गई। इस बीच गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जय प्रकाश वर्मा शामिल होकर जनाजे को अंतिम विदाई दिया। आपको बता दें कि वृद्ध दंपति का शनिवार एक साथ दोनों का निधन हो गया था। मृतक अपने पीछे 4 पुत्रों एवं 5 पुत्रियों समेत पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी हाजी तैयब अली,मुस्लिम अन्सारी, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### जिप सदस्य ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण



**गिरीडीह।** बिरनी के पश्चिमी जॉन जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने दलंगी में जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस संबंध में जीप सद्स्य सरिता देवी ने बताई की बढ़ते ठंड को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद के बीच कम्बल वितरण करना है, और हम अपने ही क्षेत्र में वैसे लोगों को जो जरूरतमंद है उनको कम्बल दिया जा रहा है। इस संबंध में पश्चिमी जॉन जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने बताई की दर्जनों जरूरतमंद के बीच कमल वितरण किया गया। मौके पर जीप सदस्य प्रतिनिधि सीताराम पासवान जमीरउद्दीन अंसारी रियाज अंसारी कलीम अंसारी शमीम अंसारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के कार्यालय में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता




**गिरिडीह।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे भाषण प्रतियोगिता का विषय ₹मेरा भारत - विकसित भारत₹ था। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखण्डों से युवाओं ने भाग लिया । इधर नेहरू युवा केन्द्र के लेखापाल नैयर परवेज ने बताया कि जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्वेता कुमारी , द्वितीय स्वेता कुमारी , तृतीय राजेश टुडू ने प्राप्त किया। जिसमें सभी को प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्रापत करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर भाग लेंगे। वही राज्य स्तर में प्रथम प्राप्त करने पर एक लाख पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मोके पर निर्णयक महेश अमन, राजेश कुमार, जयशंकर अग्रवाल, एमटीएस चंचल कौशिक उपस्थित थे।

### साइकिल से घर जा रहे युवक को अज्ञात कार ने मारी ठोकर, मौत

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र में कोनबीर पालकोट मुख्य पथ पर तेतरा गांव के समीप एक अज्ञात कार की चपेट में आने से 15 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। छात्र अंकित कुल्लू तेतरा बांडुल टोली का रहने वाला था। वह सोमवार शाम को साइकिल से कोनबीर की ओर से अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह साइकिल समेत काफी दूर एक खेत में जा गिरा। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे तब तक कार चालक अपनी गाड़ी पीछे मोड़कर कोनबीर की ओर भाग गया। घटना के तुरंत बाद आनन फानन में घायल अंकित कुल्लू को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया , जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने अंकित कुल्लू को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही बसिया पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर थाना लाते हुए पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेजने की तैयारी में जुटी हैं। कार का पता लगाने के लिए बसिया पुलिस रास्ते में लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटी है।

### लोहा चोर को ग्रामीणों ने पीटा

**भौंरा।** भौंरा ओपी क्षेत्र के जहाजटांड़ नीचे बस्ती में ग्रामीणों ने एक लोहा चोर को लोहा काटते रंगेहाथ पकड़ा। जबकि कई चोर भागने में सफल रहे। खबर मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए। पकड़े गए लोहा चोर को बांध कर पिटाई शुरू कर दी। खबर पाकर भौंरा ओपी के अमरेंद्र यादव, रणधीर कुमार, मनोज यादव, उदित नारायण, सुदामडीह थाना के केपी यादव अलावा कई थाना की पुलिस पहुंची।

## सरयूपारीण ब्राह्मण महासंघ का एकदिवसीय बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सरिया सुभाष चौक स्थित एक बैंकुठ हॉल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सरयूपारीण ब्राह्मण महासंघ कार्यकारणी की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता महासंघ के सभापति अनन्त लाल शर्मा व संचालन अशोक पांडेय ने की।

इस बैठक में महासंघ का अतिशीघ्र चुनाव पर चर्चा की गई जिसे लेकर 24 जनवरी राजधनवार के मनसाडीह में बैठक की जाएगी जिसमें सरयूपारीण महासंघ चुनाव आयोग कमिटी गठन पर विचार की जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महासंघ के अध्यक्ष अनन्तलाल शर्मा,महामंत्री रामलखन पांडेय,उपमहामंत्री कामदेव पांडेय,उपसभापति नकुल पांडेय व कोषाध्यक्ष भारत भूषण पांडेय ने मुख्य रूप से सम्बोधन करते हुए कहा कि समाज मे फैली कुरीतियां,समाज की एकता एवम महासंघ के चुनाव पर चर्चा की गई। महासंघ के महामंत्री ने कहा कि सनातन धर्म के परिचायक ब्राह्मणों ने भारत को सनातन, संस्क्रति, समाजिक शिक्षा एवम राजनीतिक धर्म गुरु बनकर हमेसा समाज की अग्रणी भूमिका निभाया हैं लेकिन फिलहाल राजनीतिक रूप से हमसबों को उपेक्षित किया जा रहा हैं जो निंदनीय हैं हमारी भूमिका अब राजनीतिक में भी बढ़चढ़ कर होगी। इस कार्यक्रम में कुसमरजा केंद्र के केंद्राध्यक्ष बासुदेव पांडेय,करिहारी के हरिहर शर्मा, लखन पांडेय, राजदेव रंजन, रविन्द्र पांडेय, करुण पांडेय, धीरज पांडेय, अजय कुमार, विकास कुमार, देवाशीष बादल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए ।

## राज्यस्तरीय टीम ने तिसरी के चार उच्च विद्यालयों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी/गिरिडीह** शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय टीम ने सोमवार को तिसरी प्रखंड के चार उच्च विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें उच्च विद्यालय मनसाडीह, प्लस टू उच्च विद्यालय चंदौरी बरहमसिया,उच्च विद्यालय लोकाय नयनपुर और कस्तूरवा विद्यालय शामिल हैं।

केंद्रीय शिक्षा सचिव चरणजीत तनेजा,रीजनल डायरेक्टर विजीत सिन्हा,एपीओ कुमार राज, डीएसई विनय कुमार और बीईओ रंजीत कुमार ने सर्वप्रथम मनसाडीह उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। जहाँ पदाधिकारियों ने छात्र - छात्राओं से नियमित पठन-पाठन के विषय में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बिजली कनेक्शन नहीं होने और शौचालय में गंदगी रहने को लेकर पदाधिकारी खासे नाराज दिखे। शौचालय की हालत देखकर कहीं से भी नहीं लग रहा था कि शौचालय प्रयोग में भी लाया जाता है। इसको लेकर पदाधिकारीयों ने विद्यालय प्राचार्य को एक सप्ताह के भीतर विद्यालय में बिजली कनेक्शन करवाने और शौचालय की साफ-सफाई करवाने का आदेश दिया। जिसके बाद जांच टीम ने प्लस टू उच्च विद्यालय चंदौरी बरहमसिया, उच्च विद्यालय लोकाय नयनपुर और कस्तूरबा विद्यालय का भी निरिक्षण किया।

मौके पर बीपीओ वसीर मरांडी, बीआरपी मृत्युंजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं प्रखंड प्रशासन की संयुक्त प्रयास से चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के ग्राम भटौली में सोमवार को ग्राम प्रधान रामेश्वर बैगा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी सेविका आरती देवी, महादेव रौतीया, रामचंद्र रौतीया, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रतिनिधि तूर मोहम्मद अंसारी, सुमन कुमार टोप्पो एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। बैठक में गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के लिए संकल्प लिया गया। साथ ही बाल मजदूर बाल व्यापार, एवं बाल एवं शोषण के रोकथाम करने के करने का निर्णय लिया गया । उपस्थित सभी सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर सर्व सहमति से निम्नलिखित नियमावली तैयार किया गया।

## स्वतंत्रता संघर्ष के महासंग्रम के नायकों को किया गया याद

### घटवार-घटवाल आदिवासी महासभा ने शाहिद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह का मनाया शहादत दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** डुमरी/जी टी रोड मीना जेनरल हॉस्पिटल के सामने डुमरियाटाडं मैं 8 जनवरी को वीर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस के के मौके पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वही जिला अध्यक्ष महावीर सिंह ने शाहिद की तस्वीर पर श्रद्धांसुमन अर्पित करते हुए कहा कि इन वीर सपूतों की शहादत अतुल्य है। हम सभी को जिम्मेवारी है कि हम उनके संघर्ष आदर्श समर्पण और बलिदान व्यथा नहीं जाने दे और कहां की स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रहे अमर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह ने देश की आजादी मैं अहम भूमिका निभाई।

इस मौके में जिला परिषद सदस्य बैजनाथ महतो डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संचालक विनोद सिंह देवेंद्र सिंह राजू सिंह सुरेंद्र सिंह चेतलाल सिंह गणेश सिंह उपस्थित रहे।

## 40 पेटी पानी बोतल के पीछे शराब की थी बड़ी खेप जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सरिया से अवैध शराब को बड़ी खेप को बिहार ले जा रहे शराब से भरा पिकप वाहन को सरिया पुलिस ने जप्त कर कार्रवाई में जुट चुकी हैं। एसडीपीओ नौशाद आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गईं। इन्होंने बताया कि अहले सुबह वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन को चेक करने के दौरान पाया गया कि की वाहन के मुहाने पर 40 पेटी पानी की बोतल रखा गया था जिसके पीछे लगभग 210 शराब की अवैध शराब का पेटी में लगभग 2616 शराब की बोतलें पैक कर बिहार ले जाने की तैयारी की गई थी जिसे जप्त कर लिया गया हैं तथा एक व्यक्ति की गिरफ्तारी भी की गई हैं। साथ ही इस अवैध धंधे के पीछे जो भी संलिप्त हैं उसकी धरपकड़ जारी हैं उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## मनसाडीह और बेलवाना पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** तिसरी प्रखंड के मनसाडीह और बेलवाना पंचायत में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव, प्रभारी बिनोद विनोद कुमार सिंह,जिप सदस्य प्रमिला देवी,मनसाडीह मुखिया बसंती मरांडी, बेलवाना मुखिया नाजमा खातून,पंचायत सेवक राजन कुमार,रोजगार सेवक वीरेंद्र निराला आदि मौजूद थे।

इस दौरान मनसाडीह में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय निरीक्षण को पहुंचे केंद्रीय शिक्षा सचिव चरणजीत तनेजा, एपीओ कुमार राज, डीएसई विनय कुमार व उनकी राज्य स्तरीय टीम भी शामिल हुई।

जहां आदिवासी परंपरागत गीतों, ढ़ोल, मांदर के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर पदाधिकारीयों ने केंद्र सरकार की योजनाओं द्वारा आम लोगों को मिले लाभ के बारे में जानकारी ली साथ ही अपनी समस्याओं को लिखित रूप में उनके समक्ष रखने की भी बात कही।

**नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद लोगों की जुटी भारी भीड़, सड़क निर्माण की रखी मांग :** मनसाडीह प्रखंड का सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। हालांकि इसके बावजूद भी कार्यक्रम में लोगों, खास कर महिलाओं की भारी भीड़ जुटी थी।

इस पंचायत के लोगों द्वारा हमेशा से उठाई जा रही सड़क की समस्या इस कार्यक्रम में भी छाई रही।माले नेता लालू राय सहित अन्य लोगों ने पदाधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराते हुए इस ओर पहल करने का निवेदन किया।

मौके पर बीईओ रंजीत कुमार, बीपीओ वसीर मरांडी, जेई संजय साहू, दीपक कुमार,

### स्वयंसेवकों ने किया पूजित अक्षत का वितरण

**झरिया।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से आया पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र बस्ताकोला सोनार बस्ती के 260 घरों में वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएसएस के विभाग कार्यवाह विक्रम हिमालय उपस्थित थे। इस दौरान घर घर जाकर पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र दिया गया। साथ ही श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर पर दिया जलाने और विधिवत पूजा अर्चना करने, मंदिरों में भव्य आरती करने का अनुरोध किया गया। जिसमें प्रत्येक समाज के लोगों को आमंत्रित कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई। विक्रम हिमालय ने कहा कि कोई भी घर नहीं छुटना चाहिए। उन्होंने घरों के छतों पर झंडा लगाने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर बनना हिंदुओं के लिए गौरव का विषय है। 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा है और इस दिन हम दिवाली की तरह मनाएंगे।

## शिक्षा मंत्रालय व कौशल विकास मंत्रालय की टीम पहुंची गिरिडीह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** शिक्षा मंत्रालय एवं कौशल विकास मंत्रालय की टीम गिरिडीह पहुंची। जिले के नगर भवन में निदेशक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार जय प्रकाश पांडेय की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत अबतक किए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई तथा वंचित लाभुकों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान निदेशक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आमजनों के लिए काफी लाभकारी है, लोगों को इससे जोड़ने के उचित प्रयास किए जाने चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों इस कार्यक्रम के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया जा सकें। इस दौरान उन्होंने विशेष तौर पर आयुष्मान कार्ड योजना, उज्ज्वला योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम पोषण अभियान, पीएम जन धन योजना आदि योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को इन सभी योजनाओं के तहत अधिकाधिक संख्या में लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिह्नित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनको लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक जन भागीदारी के माध्यम से ही इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया है।

आप नकारात्मक लोगों को जितना कम जवाब देंगे आपका जीवन उतना ही ज्यादा शांतिपूर्ण रहेगा : अज्ञात

# मलद्वीप को सबक दुनिया को सीख

वसुधैव कुटुंबकम के मूल सिद्धान्त पर चलने वाले भारत की हमेशा ह्यपड़ोस प्रथम नीतिह्न को आगे रखकर चलता है लेकिन यदि पड़ोसी ही आंख दिखाने लगे तो उसे लगे हाथ जवाब भी दे दिया जाता है। कर्ज में डूब चुके मालदीव को भारत ने लगातार आर्थिक मदद देकर उबारा, वहां बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अपना पैसा लगाया, भुखमरी और महामारी के समय वहां भोजन और वैक्सीन पहुँचाई। वहां के पर्यटन क्षेत्र को खड़ा करने के लिए भारतीयों ने ऐसा योगदान दिया कि माले के सरकारी खजाने में डॉलरों का ढेर लग गया। लेकिन अब वहां जो चीन समर्थक नई सरकार आई है वह लगातार भारत को अपमानित कर अपने नए आका को खुश कर रही है। भारत ने पहले तो बेहद संयमित रुख अपनाया लेकिन जब मालदीव के तीन मंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां कर दीं और भारतीय पर्यटन क्षेत्र का मजाक उड़ाया तो बॉलीवुड सहित पूरे देश ने एक साथ खड़े होकर मालदीव को ऐसा सबक सिखाया कि वह दूसरों के लिए उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री के खिलाफ मालदीव के तीन मंत्रियों की टिप्पणियों से गुस्साये भारतीयों ने मालीदव की यात्रा रद्द करनी शुरू कर दी। होटलों और हवाई टिकटों की बुकिंग रद्द होने लगी और सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालीदव ट्रेंड होने लगा तो माले सरकार घबरा गयी और आनन-फानन में उन तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया जिन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री पर निशाना साधा था। साथ ही मालदीव सरकार ने एक बयान जारी कर यह भी कहा कि मंत्रियों के बयान मालदीव की नीति के अनुरूप नहीं हैं। यही नहीं, मालदीव की पूर्व सरकार के मंत्रियों और पूर्व राष्ट्रपतियों ने भी अपने ही देश की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और भरोसेमंद पड़ोसी भारत के खिलाफ की गयी टिप्पणियों को 'अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने' के समान बताया।

**प्रधानमंत्री के खिलाफ मालदीव के तीन मंत्रियों की टिप्पणियों से गुस्साये भारतीयों ने मालीदव की यात्रा रद्द करनी शुरू कर दी। होटलों और हवाई टिकटों की बुकिंग रद्द होने लगी और सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालीदव ट्रेंड होने लगा तो माले सरकार घबरा गयी और आनन-फानन में उन तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया जिन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री पर निशाना साधा था। साथ ही मालदीव सरकार ने एक बयान जारी कर यह भी कहा कि मंत्रियों के बयान मालदीव की नीति के अनुरूप नहीं हैं।**

पूरे प्रकरण से लक्षद्वीप के पर्यटन को भी नये पंख लगना तय हो गया है क्योंकि अधिकतर लोगों ने वहां की यात्रा की इच्छा जताई है। आने वाले दिनों में संभव है कि वहां के लिए अधिक से अधिक फ्लाइट शुरू हो जाएं ताकि लोग आसानी से वहां पहुँच सकें। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह विवाद ऐसे दिन शुरू हुआ, जब मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू एक सप्ताह की चीन यात्रा पर रवाना हुए। देखा जाये तो मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है और माले की पिछली सरकार में दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति देखी गई थी। नये राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन का करीबी माना जाता है। पदभार संभालने के तुरंत बाद मुइज्जू ने मालदीव से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी का आह्वान किया था।

इन दिनों

# लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसना शर्मनाक


प्रियंका सौरभ



**वर्तमान** परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रही है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि विदेशी/वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यू-ट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किये जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यू-ट्यूब और सोशल मीडिया पर रील्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सबमें अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते। और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर हैं। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट-कूट कर भरी होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीन का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने की होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा। अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाये कि अश्लीलता की शुरूआत तो फिल्मों व गानों के जरिये ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मर्यादा सब छिन्न-भिन्न होती जा रही है। यदि आज भी हम नहीं सचेत हुए तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार के नृत्य व गाने प्रस्तुत किये गये हैं, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत कर देते हैं। बाजार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोसी जा रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएं पहुंचाई हैं लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मर्यादा को खंडित कर दिया। इन्टरनेट ने हर चीज को अधिक बिकाऊ बनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिक मिजाज गीतकारों से देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुंची है। आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहां गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गई है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आये हैं। वर्तमान में तथा कथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है। इन अल्फाजों में गीत गाने वाले गायकों को इतनी भी शर्म नहीं है कि जिस अंदाज में वे अपने शब्दों को व्यक्त कर रहे हैं व अंदाज 'जिस डाल पर बैठे हैं उसी को काटने' जैसा है। यही अंदाज संस्कृति पर गहरी चोट कर रहा है। लोक गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाजार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतों का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिये पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेश का पैगाम देता है। आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं। विभिन्न बस स्टेशनों, जीप-कार और बसों में जो गीत बजते हैं उनमें छिछोरापन व लम्पटीकरण का अंदाज साफ झलकता है। इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है। कई अवसरों पर शादी-ब्याह आदि उत्सवों में कुछ बुजुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक-गायिकाएं, नायक-नायिकायें धीरे-धीरे सांस्कृतिक पहरुओं की नजर का कांटा बनते जा रहे हैं। ऐसा मालूम पड़ता है यदि ऐसे गीतों का दौर अश्लीलता की पराकाष्ठा लांघता रहा तो इस तरह के लोगों का सामाजिक बहिष्कार जरूरी हो सकता है। आज के गानों में बंदूक, दारू, लड़कीबाजी व अश्लीलता का आयाम देखने को मिल रहा है। यह हमारी संस्कृति के लिए और गानों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

**बाजार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोसी जा रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएं पहुंचाई हैं लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मर्यादा को खंडित कर दिया। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है।**

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## आपकी बात

### एक अखबार सारा समाचार नवीन मेल


देवेश कु. घोष

परंपरागत ओपेन सर्जरी के बजाय रांची में पहली 'हेपाटिकोजेजुनोस्टोमी' विधि द्वारा सर्जन डॉ शाहबाज आलम एवं टीम के द्वारा कोलोडोकल सिस्ट की सफल शल्यचिकित्सा फक्र की बात है। एक समाचार से पता चला कि भगवान बिरसा मुंडा के सेनापति का नाम गया मुंडा था और उन्हे तथा उनके कुछ साथियों को वर्तमान के रांची पहाड़ी पर फांसी की सजा दी गई थी। रांची पहाड़ी स्थित इस शहीद स्थल के उचित देखभाल की बात को प्रशासन एवं देश भक्त संस्थाओं को गंभीरता से लेनी चाहिए। रांची प्रेस क्लब से संबन्धित एक समाचार में श्री बलबीर दत्त जी का उल्लेख पाकर दशकों पुराने अखबार 'रांची एक्सप्रेस' की यादें ताजा हो गई । वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक पद्मश्री बलबीर दत्त जी के नमन एवं दीर्घायू होने की कामना !

**अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली।**

### मकर संक्रांति पर रवि का योग

इस बार मकर संक्रांति का त्योहार 14 की जगह 15 जनवरी को मनाया जाएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। इसी दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाते है। शास्त्रों में उत्तरायण की अवधि को देवताओं का दिन तथा दक्षिणायन को देवताओं की रात कहा गया है। ज्योतिष व अचार्यों को माने तो इस बार मकर संक्रांति के दिन रवि योग का निर्माण हो रहा है। रवि योग सुबह 07 बजकर 15 मिनट से सुबह 08 बजकर 07 मिनट तक है। रवि योग का निर्माण तब होता है, जब चंद्रमा का नक्षत्र सूर्य के नक्षत्र से चौथे, छठे, नौवें, दसवें, तेरहवें या बीसवें में होता है। कुंडली में रवि योग के कारण व्यक्ति का मान- सम्मान और प्रभाव बढ़ता है। वह उच्च पद प्राप्त कर सकता है। व्यक्ति दान और सहयोग भी करता है। रवि योग सभी दोषों को नष्ट करता है। इस योग में आप जो भी कार्य करते हैं, उसका शुभ फल प्राप्त होता है। खासकर इस दिन स्नान, दान, तप, जप, श्राद्ध तथा अनुष्ठान आदि का अत्यधिक महत्व है। कहते हैं कि इस अवसर पर किया गया दान सौ गुना होकर प्राप्त होता है। इस दिन घी व कंबल के दान का भी विशेष महत्व है। इसका दान करने वाला संपूर्ण भोगों को भोगकर मोक्ष को प्राप्त होता है। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति पर्व का बहुत महत्व है। मकर संक्रांति पर मकर राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ ही शादी, गृह प्रवेश, घर बनाना, घर खरीदना और मुंडन आदि जैसे हर प्रत्येक शुभ कार्य शुरू कर दिए जाते हैं।

**- रवि कुमार, डालटनगंज**

राजनीति

# क्यों जरुरी है बांग्लादेश में हसीना की फिर ताजपोशी?


डॉ. रमेश ठाकुर

**पड़ोसी** मुल्क बांग्लादेश के संसदीय चुनाव को प्रभावित करने में वहां के विपक्षी दलों ने जमकर राजनैतिक पैंतरेबाजियों के अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना पर चुनाव में धांधली करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और भारत के साथ बेवजह दोस्ती बढ़ाने वाले गैर-जरूरी आरोप लगाये। मगर जनता ने सभी आरोपों को नकार दिया। हसीना फिर सरकार बनायेंगी। रविवार को छिटपुट घटनाओं के साथ आम चुनाव संपन्न हो गया। हालांकि बांग्लादेश चुनाव आयोग की उम्मीद से कहीं कम मतदान हुआ है। वोटिंग प्रतिशत तकरीबन चालीस फीसदी रहा। कई संसदीय क्षेत्र में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही मतदान हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि? अब यह साफ है कि शेख हसीना पार्टी अवामी लीग ही सत्ता में वापसी करेगी। हसीना के अलावा भारत भी यही चाहता है, क्योंकि दोनों देशों के प्रमुखों की कूटनीति और सियासी केमिस्ट्री दोनों मुल्कों के हित में हैं। बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' यानी 'बीएनपी' के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का और रास्ता साफ हो गया था। बांग्लादेश में कुल 300 संसदीय सीटें हैं जिनमें 299 सीट पर फिलहाल चुनाव संपन्न हुआ है। एक सीट पर चुनाव इसलिए निरस्त किया गया, क्योंकि वहां ऐन वक्त पर एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई। पांच-सात संसदीय सीटों पर बहिष्कार के चलते भी चुनाव रोका गया। बांग्लादेश चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत से एक तीन सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षकों का दल भी पहुंचा था। उन पर भी पाकिस्तानी की सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी 'बीएनपी' ने गड़बड़ी करवाने के आरोप लगाये। बीएनपी शुरू से नहीं चाहती थी कि भारत की दखल इस बार के चुनाव में हो? जबकि, भारतीय चुनाव पर्यवेक्षक शेख हसीना के आमंत्रण पर गये थे। दरअसल, हसीना भारत से विशेष स्नेह रखने के साथ-साथ उसे अपना दूसरा घर भी मानती हैं। भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना भरोसेमंद मित्र कहती हैं। यही, बात वहां के मुख्य विपक्षी दल को अखरती है।

**कई संसदीय क्षेत्र में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही मतदान हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि? अब साफ है कि हसीना पार्टी अवामी लीग ही सत्ता में वापसी करेगी।**

बोधि वृक्ष

## समुद्र मंथन की कथा


**समुद्र मंथन से निकला विष** : समुद्र मंथन से सबसे पहले कालकूट नामक विष निकला जिसे देखकर समस्त देवता, दैत्य तथा मुनिगण चिंतित हो गये क्योंकि कालकूट विष पुरे संसार का नाश कर सकता था तब उन सब ने भगवान शिव से रक्षा की विनती की। भक्तवत्सल भगवान शिव ने संसार की रक्षा के लिए उस कालकूट विष को अपने कंठ में धारण किया। विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला पड़ गया और इसी कारण भगवान शिव का एक नाम नीलकंठ पड़ा। कहते हैं कि भगवान शिव द्वारा विष का पान करते समय उसकी कुछ बूँदें छलककर भूमि पर गिर पड़े जिसे सर्प, बिच्छू और अन्य विषैले जीवों ने ग्रहण कर लिया।

**समुद्र मंथन के 14 रत्न** : समुद्र मंथन से कुल 14 रत्न निकले जिन्हें देवता और दानवों ने आपस में बाँट लिया, इन 14 रत्नों के नाम इस प्रकार हैं :

1. कालकूट विष - समुद्र मंथन में सबसे पहले कालकूट विष निकला जिसकी ज्वाला अत्यंत तीव्र थी तब सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान शिव ने हलाहल को अपने कंठ में धारण किया।
2. कामधेनु गाय - गौ माता को कामधेनु भी कहा जाता है। कामधेनु यज्ञ में सहायक थी इसलिए इसे ऋषियों को दे दिया गया।
3. उच्चैःश्रवा - समुद्र मंथन से उच्चैःश्रवा नामक घोड़ा निकला जो मन की गति से चलता था। इसे दैत्यों के राजा बलि ने रख लिया।
4. ऐरावत हाथी - ऐरावत हाथी इन्द्र का वाहन है यह सफेद रंग का और अत्यंत सुन्दर था।
5. कल्प वृक्ष - यह स्वर्ग का वृक्ष है जो सभी इक्षाओं को पूरा करने वाला था।
6. माता लक्ष्मी - समस्त प्रकार के सुख, समृद्धि और सौभाग्य देने वाली माता लक्ष्मी का प्रादुर्भाव भी समुद्र मंथन से ही हुआ था उन्होंने भगवान विष्णु का वरण किया।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत में फिर से श्रीराम बिराजें..

## !!अंतरात्मा संग आरोहण का आमंत्रण !!


डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक


**मनुष्य** की अंतरात्मा की खोज सत्य को पाने की है। यह सत्य धर्मप्राण भारतीय के हृदय की धड़कन में बसा है। उस सत्य की, जो हमारी चेतना में सोया है। उस सत्य को, जो हमारा होकर भी हमारा नहीं है। यह शरीर मिट्टी का है, लेकिन इसके भीतर जो सोया है। उसको चैतन्य रखने का नाम राम है। जब समष्टि को यह होश आता है। हर घड़ी, हर पल सत्य के लिए प्रयत्न करता है, उसके भीतर से जब शाश्वत की आवाज उठती है, तब प्रभु का आगमन होता है। जब युवा ऋषि शरभंग जंगल में ऋषि-मुनि की अस्थियां बटोरते वृद्ध हो जाते हैं, तब करुण पुकार करते हैं। हे ईश्वर, क्या तुमको सत्य नहीं पता! तब राम आते हैं, सत्य की खोज में। राम का इंतजार ऋषि नहीं करते, उनके समक्ष देह का दान करते हैं। राम को न्याय करने के लिए आना होता है, ताकि सत्य सदैव रहे। जब ईश्वर को आदमी के भीतर प्रतिष्ठित करने की बात होती है, धरती पर लोकमंगल की अभिप्सा की जाती है, तब हमारे प्रयत्न से श्रीराम का आगमन होता है। वह हमारी चेतना में स्थित है। विराट के जागरण के साथ वह भी जागते हैं, भारतीय आत्मा के आरोहण के साथ उनका होने का स्पर्श होता है। इसके लिए श्रद्धा का अनवरत अर्चन होना चाहिए। राम नाम हमारी खोज में सहयोगी है। इस सत्य को हम हृदय में संभाल कर रखे, इसलिए प्रभु का पुनः आगमन होता है। वह कहते हैं कि जब-जब होई धरम की हानि। राम की हमारे अस्तित्व पर अनुकंपा है। यह बेशर्त है। हमारे हरेक लोकमंगल के कदम के साथ उनका स्पर्श होता है। वह हमारे भीतर श्वास लेता है। जीवन में सत्य की खोज में हमारे साथ होता है, हमें सहयोग करता है। सत्य को जानने के साथ उसको जीना होता है। हमारे जीवन में सत्य उतर जाए। केवल मस्तिष्क में उसको भरना नहीं है। सत्य को प्राणों में, अंतरंग तक पहुंचाने का माध्यम राम है। राम हमारे जीवन की जिज्ञासा नहीं प्यास है। कुतूहल नहीं काव्य है। राम के साथ असीम की तलाश है। इसके लिए राम के प्रति अहोभाव रखना होगा। पिछले पांच सौ साल से भारतीय जीवन ने राम की तलाश में स्वयं को विराट यज्ञ में न्योछावर किया है। लाखों रणबांकुरों के प्राण, करोड़ों भक्तों की अर्चना के बाद राम हमारे जीवन को धन्य बनाने आते है।

**जब ईश्वर को आदमी के भीतर प्रतिष्ठित करने की बात होती है, धरती पर लोकमंगल की अभिप्सा की जाती है, तब हमारे प्रयत्न से श्रीराम का आगमन होता है। वह हमारी चेतना में स्थित है।**

टेक वर्ल्ड

## 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

एक अन्य खोज ऑपरेटर 'मौसमः स्थान का नाम' है। किसी विशिष्ट स्थान के लिए मौसम की भविष्यवाणी देखने के लिए, बस साइट का नाम टाइप करें। उपयोगकर्ता 'पहले' या 'बाद' ऑपरेटरों का उपयोग करके किसी विशिष्ट तिथि से संबंधित रिकॉर्ड खोज सकते हैं। 'साइटः स्क्रीनरेंट.कॉम' दर्ज करने से एक स्पष्ट धारणा मिलेगी। वे सभी परिणाम जिनमें कीवर्ड 'Apple Visi of Pro After : 2023-10-10 -i Phone शामिल हैं और 10 अक्टूबर, 2023 को या उसके बाद प्रकाशित किये गये थे, वापस कर दिये गये हैं।



**5. कीबोर्ड शॉर्टकट सीखें**

कीबोर्ड शॉर्टकट एक और तकनीकी तरकीब है जो उपयोगकर्ताओं के जीवन को सरल बनाती है। विंडोज पर, सबसे आम हैं कॉपी करने के लिए "Ctrl + C", चिपकाने के लिए "Ctr' + V", और आइटम काटने के लिए "Ctr' + "। हालाँकि, उपयोगकर्ता कीबोर्ड शॉर्टकट के माध्यम से और भी बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, 'विंडोज + डी' टाइप करने से डेस्कटॉप सामने आ जाता है, 'शिफ्ट + स्पेसबार' दबाने से वेबपेज ऊपर स्क्रॉल हो जाता है, इत्यादि। "Cmd + 2," "Cmd + 3," ¹ff "Cmd + 4" दबाकर, फाइंडर में सूची, कॉलम और गैलरी दृश्यों के बीच जा सकते हैं। Google Chrome में पहले बंद किये गये टैब को फिर से खोलने के लिए, Windows उपयोगकर्ता "Ctrl + Shift + T" पर क्लिक कर सकते हैं और ्डर उपयोगकर्ता "Cmd + Shift + T" टाइप कर सकते हैं।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार में पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने की कोशिश, युवक ने थाने में लगाई आग

**एजेंसी। दरभंगा**

बिहार के दरभंगा जिले के मोरो थाना में असामाजिक तत्व ने आग लगाकर पुलिसकर्मियों को जलाने की कोशिश की। सुरक्षा गार्ड की सक्रियता के कारण समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ी घटना नहीं हो सकी। पुलिस के मुताबिक, रविवार की देर रात 12.21 से 12.54 के बीच एक संदिग्ध युवक ने मोरो थाने में आग लगा दी। थाने में तैनात रिजर्व गार्ड के प्रयास से बड़ी घटना नहीं हो सकी और आग पर तत्काल काबू पा लिया गया। सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। नगर पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने सोमवार को बताया कि सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध युवक की तस्वीर कैद हो गई है, जिसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना का जल्द ही



भंडाफोड़ किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी सुरक्षा गार्ड और अधिकारी की सतर्कता में कुछ कमी पाई जाएगी तो उस पर भी कारवाई की जाएगी।

## रेस्तरां की लिफ्ट में फंसे लोगों को तीन घंटे के ऑपरेशन के बाद बचाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक रेस्तरां-सह-बार की लिफ्ट में फंसे 10 लोगों को सोमवार को तीन घंटे के ऑपरेशन के बाद बचाया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि पूसा रोड, ओल्ड राजेंद्र नगर में इल्यूम द सोइर बार में हुई घटना के संबंध में सोमवार तड़के 2:57 बजे एक कॉल मिली। गर्ग ने कहा, लिफ्ट में कुछ लोग फंस गए थे। तीन दमकल गाड़ियों को टीमों के साथ मौके पर भेजा गया था। सभी 10 लोगों को बचा लिया गया। ऑपरेशन में लगभग तीन घंटे लगे। लिफ्ट की छत को काटा गया और लोगों को सुरक्षित बचाया गया। डीएफएस प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सुबह 6.30 बजे समाप्त हुआ। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। घटना के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

# टीएमसी विधायक ने कहा अपने ही इलाके में है ईडी अधिकारियों पर हमले का मास्टरमाइंड

**एजेंसी। पटना**



टीएमसी समर्थकों के हमले में घायल अधिकारी। (फाइल फोटो)

तृणमूल कांग्रेस विधायक सुकुमार महता के एक बयान ने इन अटकलों को हवा दे दी है कि उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ अधिकारियों पर हमले के पीछे मुख्य मास्टरमाइंड शेख शाहजहां इलाके में कहीं छिपा हो सकता है। संदेशखली विधानसभा क्षेत्र के टीएमसी विधायक सुकुमार महता ने कहा, शाहजहां भागने वाला व्यक्ति नहीं है। वह अभी भी मोहल्ले में ही है। हो सकता है कि घटना के बाद वह सामने नहीं आ रहे हों. लेकिन वह उचित समय पर सबसे आगे आएंगे। हाल के दो घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं। पहला हाल ही में एक ऑडियो क्लिप का सामने आना है। जिसमें शाहजहां को कथित तौर पर अपने अनुयायियों से अपील करते हुए सुना गया था कि वे सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों से न डरें क्योंकि वह सही समय पर सामने आएंगे। दूसरा, ईडी ने शाहजहां के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है, इसमें आशंका है कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ विदेश, विशेषकर पड़ोसी बांग्लादेश भाग सकता है, क्योंकि भारत के साथ इसकी अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ शाहजहाँ के निवास के बहुत करीब हैं। महता ने शाहजहां के खिलाफ ईडी के लुकआउट नोटिस पर भी सवाल उठाया. ईडी जो भी दावा कर रहा है वह पूरी तरह से झूठ है। वे विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के इशारे पर काम कर रहे हैं। महता ने सवाल किया, किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने का क्या मतलब है जो अभी भी अपने इलाके में है।

## एक नजर

### दिल्ली की अदालत ने लावा के एमडी की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने चीनी स्मार्टफोन निमार्ता वीवो के खिलाफ धन शोधन मामले में लावा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक हरिओम राय की जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला 12 जनवरी के लिए सुरक्षित रख लिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राय को चार अन्य लोगों - चीनी नागरिक गुआंगवेन उर्फ एंड्रयू कुआंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक - के साथ 10 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया था। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश किरण गुप्ता ने 20 दिसंबर 2023 को जांच एजेंसी द्वारा दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लिया और 19 फरवरी को न्यायिक हिरासत में बंद आरोपियों को तलब किया। गौरतलब है कि पिछले साल 19 दिसंबर को ईडी ने तीन और लोगों को गिरफ्तार किया था, जो वीवो इंडिया के शीर्ष अधिकारी हैं। तीन आरोपियों - वीवो इंडिया के अंतरिम सीईओ होंग जुक्वान, वीवो के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) हरिंदर दहिया और सलाहकार हेमंत मुंजाल को भी हाल ही में अदालत ने रिहा किया था। जांच एजेंसी ने अदालत के उस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

### केजरीवाल व भगवंत मान ने लोस चुनाव के लिए बनाई रणनीति

**वडोदरा।** आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को वडोदरा में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कर लोकसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया। दरअसल, आम आदमी पार्टी ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में 40 लाख से ज्यादा वोट हासिल कर गुजरात में अपनी मजबूत स्थिति बनाई थी। राज्य में पार्टी का सांगठनिक ढांचा मजबूत करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को बडोदरा में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में गुजरात के समीकरणों पर विस्तार से चर्चा कर एक रणनीति बनाई । इस बैठक में गुजरात के प्रदेश के पदाधिकारी, विधायक, जिला और लोकसभा प्रभारी और पदाधिकारी समेत महत्वपूर्ण सहयोगी मौजूद रहे।

# चुनावी आहट मिलते ही रूठे संगठनों को मनाने में जुटे नीतीश कुमार

**लोकसभा चुनाव को लेकर नीतीश कुमार किसी संगठन को नाराज नहीं करना चाह रहे हैं।**



**बिहार राज्य के आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के शिष्टमंडल से मुलाकात की।**

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव की आहट पाते ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रूठे संगठनों को मनाने में जुट गए हैं। पिछले दो दिनों में उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं के संगठन और मुखिया, सरपंच के संगठनों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव को लेकर नीतीश कुमार किसी संगठन को नाराज नहीं करना चाह रहे हैं। एक ओर जहां लगातार रोजगार देने को लेकर कार्य किए जा रहे हैं वहीं समस्याओं के समाधान के भी प्रयास तेज किए जा रहे हैं। शनिवार को बिहार राज्य के आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के शिष्टमंडल ने मुलाकात की। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि आंगनबाड़ी सेवाओं में बेहतरी के लिए लगातार कदम उठाए गए हैं। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में समय-समय पर वृद्धि की जाती रही है। आप सबने जो मांग की है, उसके आधार पर आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जाएगी। उन्होंने हड़ताल अवधि में चयनमुक्त आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकायें को भी फिर से वापसी का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री से रविवार को मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के शिष्टमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्य के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के सामने समस्याएं रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 में सरकार में आने के बाद पंचायती राज व्यवस्था को बेहतर किया गया। मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंच के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जायेगी।

# हाई कोर्ट ने बुनियादी चिकित्सा ढांचे की कमी पर उठाया सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को गंभीर देखभाल वाले रोगियों के इलाज के लिए राष्ट्रीय राजधानी में अपर्याप्त चिकित्सा बुनियादी ढांचे पर चिंता व्यक्त की और मांग तथा उपलब्ध संसाधनों के बीच स्पष्ट अंतर के बारे में राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार से सवाल किया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दिल्ली सरकार को पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ाने पर खर्च की गई राशि का खुलासा करने का निर्देश दिया। अदालत ने सरकारी अस्पतालों में आईसीयू बेड और वेंटिलेटर सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में 2017 में शुरू की गई एक स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए शहर की आबादी के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए चिकित्सा बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया। पिछले महीने, खंडपीठ ने दिल्ली सरकार को इस मुद्दे के समाधान के लिए अपनी योजनाओं की रूपरेखा बताते हुए एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। एमिकस क्यूरी, वकील अशोक अग्रवाल द्वारा दायर हालिया आवेदन में एक ऐसी घटना सामने आई है जहां एक व्यक्ति चलती पीसीआर वैन से कूदने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया था। कई सरकारी अस्पतालों ने उसका इलाज करने से इनकार कर दिया और अंततः उसकी मृत्यु हो गई। एक अधिकारी ने कहा कि घायल व्यक्ति को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां बिस्तर या उपकरण की अनुपलब्धता अंततः उसकी मृत्यु का कारण बनी। पूरी घटना 2 जनवरी की रात को सामने आई जब रात करीब 9 बजे एक पीसीआर कॉल मिली। उत्तरपूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में एक महिला ने नशे की हालत में एक आदमी के उसके साथ झगड़ा करने की शिकायत की। कथित तौर पर जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल, गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल और लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) द्वारा भर्ती करने से इनकार करने के बाद 47 वर्षीय प्रमोद की मृत्यु हो गई।

## तेलंगाना के पूर्व मंत्री के रिश्तेदार पर शराब पीकर लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज

**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने कथित तौर पर लापरवाही से कार चलाने और नशे की हालत में दो लोगों को घायल करने के आरोप में तेलंगाना के पूर्व मंत्री अल्लोला इंद्रकरण रेड्डी के एक रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। होंडा सिटी कार चला रहे अल्लोला अग्रज रेड्डी ने रविवार तड़के साइबराबाद



पुलिस आयुक्तालय के केपीएचबी थाने की सीमा के तहत फोरम मॉल सर्कल के पास एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से जुड़े पूर्व मंत्री का भतीजा अग्रज गलत रास्ते पर कार चला रहा था। वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ गाचीबोवली के एक पब में पार्टी करने के बाद घर लौट रहा था। कुकटपल्ली के सहायक पुलिस आयुक्त शिवा भास्कर ने कहा कि उन्होंने एक ड्राइवर रखा था, लेकिन दुर्घटना के समय वह कार नहीं चला रहा था। भास्कर ने कहा, ह्लजब पुलिस ने पूछताछ शुरू की, तो तीनों युवकों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों से प्रथम दृष्टया यह स्थापित हो गया कि अग्रज ही वाहन चला रहा था।

## 500 छात्राओं ने प्रोफेसर पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**भारत- चंडीगढ़।** हरियाणा के सिरसा में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की लगभग 500 छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर



लाल खट्टर को पत्र लिखकर वहां के एक प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने उनके निलंबन और सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच की मांग की। पत्र की प्रतियां कुलपति अजमेर सिंह मलिक, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, राज्य के गृह मंत्री अनिल विज और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा सहित अन्य को भी भेजी गई हैं। पत्र में प्रोफेसर पर ₹गंदी और अश्लील हरकतें₹ करने का आरोप लगाया गया है। उन पर लड़कियों को अपने कार्यालय में बुलाने, उन्हें बाथरूम में ले जाने और ₹निजी अंगों को छूने और हमारे साथ अश्लील हरकतें करने₹ का आरोप है। लड़कियों ने कहा कि जब उन्होंने विरोध किया तो उन्हें 'बहुत बुरे' परिणाम भुगतने की धमकी दी गई।

## वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज ने बनाया प्रभु श्रीराम की 'अंतर्ध्यान स्थली' को अयोध्या का बड़ा पर्यटन केंद्र


**अयोध्या।** गुप्तारघाट अपने उस पुरातन आध्यात्मिक और ऐतिहासिक वैभव को प्राप्त करने के साथ ही मॉडर्न सिविक एमिनिटीज से लैस टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर पहचान बनाने के लिए उठ खड़ा हुआ है। अब गुप्तारघाट बदहाली नहीं, विकास का द्योतक है और उसकी इस पहचान में इजाफा किया है वॉटर स्पोर्ट्स



एक्टिविटीज समेत विकास की तमाम परियोजनाओं ने, जिसके कारण यह अयोध्या के सबसे चहेते सेल्फी व टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर उभरा है। गुप्तारघाट रिवरबैंक रीस्टोरेशन, पक्के तटबंध निर्माण, सौंदर्यीकरण, मार्गों के चौड़ीकरण व विस्तारिकरण के साथ ही टूरिस्ट अट्रैक्शन प्वॉइंट के तौर पर परिवर्तित होने के लिए तमाम साधन-सुविधाओं से लैस होने लगा है। स्थानीय लोगों की मानें तो मुख्यमंत्री योगी के अलावा कोई भी गुप्तारघाट का ऐसा कायाकल्प नहीं कर सकता था। आज राजघाट से गुप्तारघाट को जोड़ने वाला लक्ष्मण पथ अतिक्रमण नियंत्रण व विस्तारीकरण के जरिए फोर लेन सड़क के रूप में परिवर्तित हो गया है। इसके अतिरिक्त, यहां वॉटर स्पोर्ट्स समेत तमाम अट्रैक्शन टूरिस्ट्स के लिए डेवलप किए गए हैं, जिनके कारण प्राकृतिक संपदा संपन्न सरयू का यह शांत किनारा अब यहां आने वाले लोगों को आध्यात्मिक सुकून प्रदान करने के साथ ही रोमांच और प्रसन्नता के नए तरंगों से भर देता है।

## बिहार में अब होगा अलग खेल विभाग, कैबिनेट ने दी मंजूरी


**पटना।** बिहार में अब कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से अलग



खेल विभाग होगा। बिहार मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। बिहार मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 19 प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से अलग 'खेल विभाग' के गठन की स्वीकृति दी गई। खिलाडियों के खेलकूद के विकास एवं उनके लिए कल्याणकारी कार्य खेल विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें कला संस्कृति विभाग के अधीन कार्यरत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण भी शामिल होगा तथा तमाम स्पोर्टस एक्टिविटीज का विकास होगा। इसके अलावा आंगनबाड़ी में सेविका और सहायिका के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई है। प्रदेश में अब आंगनबाड़ी सेविका को 7 हजार और सहायिका को 4 हजार मिलेगा।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस, हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब'

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से दो डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली में हल्के कोहरे और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के



आसपास रहने की भविष्यवाणी की है। पालम में सुबह 8:00 बजे सबसे कम विजिबिलिटी 800 मीटर और सफदरजंग में सुबह 5:30 से 7 बजे तक 500 मीटर दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान क्रमशः 7.9 और 5.3 डिग्री सेल्सियस रहा। भारतीय रेलवे के अनुसार, उत्तरी क्षेत्र में कोहरे से संबंधित मुद्दों सहित विभिन्न कारकों के कारण दिल्ली जाने वाली 20 ट्रेनों में देरी हो रही है। दिल्ली आने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक देरी छह घंटे 30 मिनट की है। इस बीच, शहर भर के कई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है।

# रामोत्सव 2024 : पांच लाख दीपक से रोशन होगा बुलंदशहर

**एजेंसी। बुलंदशहर**

22 जनवरी 2024 को अयोध्या स्थित श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में भगवान रामलला भव्य गर्भगृह में विराजमान होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर देश और प्रदेश भर में दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील की है। लोग 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाएंगे। देशभर में उसी प्रकार दीपक जलाए जाएंगे, जिस प्रकार भगवान राम के वनवास से लौटने पर अयोध्यावासियों ने दीप जलाए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित तमाम सामाजिक संगठन दीपोत्सव को भव्य बनाने की योजना बना रहे हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में दीपोत्सव के लिए अनोखा प्रयोग किया जा रहा है। बुलंदशहर की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया ने कहा कि अयोध्या में निर्मित श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में जब रामलला सरकार विराजेंगे तो पूरा विश्व जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठेगा। 500 वर्ष के इंतजार के बाद आए इस गौरवपूर्ण पल को दीपोत्सव के माध्यम से आनंदमय बनाना है। इसी उद्देश्य के साथ जनपद बुलंदशहर के वंचित और



जरूरतमंद परिवारों को 11-11 दीप, तेल और बाती भेजी जा रही है। पांच लाख से अधिक दीप जनपद भर में रामभक्त परिवारों तक भेजे जाएंगे, ताकि हर कोई उल्लास के साथ 22 जनवरी 2024 को रामलला के स्वागत में दीपोत्सव मनाए। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2024 को गरीबों के भी घरों को रोशन करने के लिए पांच लाख दीये तैयार किए गए हैं। उन्होंने एक दर्जन निर्धन दलित परिवारों को राम नाम के दीपक, तेल , बाती भेंटकर 5 लाख दीप वितरण कार्य का शुभारंभ किया और सभी से 22 जनवरी को अपने घरों और पास के मंदिरों में दीपक जलाकर रामोत्सव मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि माटी के 5 लाख दीपक बनवाए हैं, जिससे माटी शिल्पकारों को व्यापार भी मिला।

# यूपी में तैयार होगा शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवारों की आर्थिक स्थिति और इंडस्ट्री का इंडेक्स

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवारों की आर्थिक स्थिति और इंडस्ट्री का प्रादेशिक इंडेक्स तैयार कराएं। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों,



परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। नियोजन विभाग की बैठक में प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रीगणों की उपस्थिति रही। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और फाइनेंस सेक्टर की कंसल्टिंग कंपनी डेलॉयट के प्रतिनिधियों ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रादेशिक इंडेक्स बनने से किस जनपद की क्या स्थिति है, कहां किस प्रकार की आवश्यकता है, इस इंडेक्स से पता लग सकेगा। इस दिशा में तत्काल प्रयास शुरू करें। शहरों के नियोजित एवं सुस्थिर विकास के लिए आवास एवं उससे संबद्ध अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। विगत साढ़े पांच वर्ष में प्रदेश में सुनियोजित शहरीकरण तेजी से बढ़ा है। नए नगरीय निकाय गठित किए गए हैं। इससे रियल एस्टेट सेक्टर में बड़ा बदलाव आया है। एमएसएसई उद्योग के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। 2016-17 में जहां मात्र 28 हजार करोड़ का ऋण वितरित किया जा सका, वहीं, 2023-23 में 1.5 लाख करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया। चालू वित्तीय वर्ष में यह 1.75 लाख ऋण उपलब्ध कराने की तैयारी है। इस सेक्टर को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योगी ने कहा कि 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2 फीसद का योगदान कर रहा है। 2021-22 में प्रचलित भावों पर उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 20.1 प्रतिशत रही, जबकि देश की विकास दर 18.4 फीसद रही। जबकि स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1 फीसद रही, जबकि प्रदेश में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई।

## तैयारी: आज से शुरू हो रहा है विश्व प्रसिद्ध गंगासागर मेला

# श्रद्धालुओं के लिए सरकार ने की खास व्यवस्था

**एजेंसी। कोलकाता**

विश्व प्रसिद्ध गंगासागर मेला सोमवार से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसका उद्घाटन करेंगी। मेला 17 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान पुण्यस्नान करने के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु सागर द्वीप आएंगे। कोलकाता से करीब 130 किलोमीटर दूर गंगासागर के इस मेले में इस बार कम से कम 35-40 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। सुरक्षा के लिए करीब 10 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। यातायात नियमों को लेकर योजना बनाई गई है और जलक्षेत्र में भी गश्त लगाई जाएगी। चिकित्सा इकाइयों को भी विशेष तौर पर तैयार रखा जाएगा। लोगों की सुविधा के लिए 10 हजार शौचालय बनवाए जाएंगे और मेले में जाने वाले प्रति व्यक्ति का पांच लाख रुपये का दुर्घटना बीमा किया जाएगा। अधिक भीड़ के मद्देनजर 200 किमी की बैरिकेडिंग की जाएगी। 1150 सीसीटीवी और 20 ड्रोन से मेले पर निगरानी की जाएगी। मेले में लोगों की सुरक्षा और



सहायता के लिए 10 हजार पुलिस कर्मियों के अलावा 2400 नागरिक सुरक्षा बल, 6,500 स्वयंसेवक और 50 दमकल गाड़ियां तैनात की जाएंगी। नदी पर गश्त की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मेले के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन को कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया। तीर्थयात्रियों की चिकित्सा भी की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। बीमार लोगों के इलाज के लिए 300 बेड लगाए जाएंगे और गहन चिकित्सा इकाई की भी व्यवस्था की जाएगी। बीमार लोगों को चिकित्सा केन्द्र ले जाने के लिए वॉटर एम्बुलेंस सहित 61 एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगी।

# एम्स भोपाल ड्रोन से ग्रामीण इलाकों में पहुंचाएगा दवाईयां

**एजेंसी। इंदौर/भोपाल**

मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वालों के लिए अच्छी खबर है। भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में ड्रोन स्टेशन बनाया गया है, जहां से ग्रामीण इलाकों तक ड्रोन के माध्यम से दवाएं पहुंचाई जाएंगी। मध्य प्रदेश के प्रवास पर आए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने इंदौर के जीपीओ चौराहे पर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) उप क्षेत्रीय कार्यालय और केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। साथ ही वर्चुअल रूप से एम्स भोपाल में पांच आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण किया। इनमें सबसे प्रमुख ट्रॉमा और इमरजेंसी ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स, ड्रोन स्टेशन है। जिससे आदिवासी क्षेत्रों तक दवाईयां



पहुंचाई जा सकेंगी। उन्होंने आगे कहा कि यह स्वास्थ्य एवं कृषि क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन है। ड्रोन के माध्यम से हम न केवल दूरस्थ क्षेत्रों तक दवाईयां पहुंचा सकेंगे, आपातकालीन स्थिति में रक्त पहुंचना, ब्लड सैंपल लेना एवं ऑर्गन ट्रांसपोर्टेशन भी किया जा सकेगा। यह सब दर्शा रहा है कि मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी हो रही है। बताया गया है कि ड्रोन से दवा भेजने का प्रायोगिक तौर पर सफल परीक्षण भी किया जा चुका है।

# ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय हॉकी टीम तैयार : नवनीत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

करीब एक सप्ताह रांची में बिताने और मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ में प्रशिक्षण लेने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में चुनौती के लिए तैयार है। जहां वे 13 जनवरी से यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगी।

घरेलू मैदान के बारे में बोलते हुए अटैकिंग मिडफील्डर नवनीत ने कहा रांची में जल्दी पहुंचने से हमें मुख्य पिच पर कुछ सत्रों का लाभ उठाने में मदद मिली है और इससे हमें इस मौसम के साथ तालमेल बिठाने में भी मदद मिली है।

भारत को न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ पूल बी में रखा गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और टूर्नामेंट में शीर्ष 3 पर रहने वाली टीमें पेरिस 2024 का टिकट अर्जित करेंगी।

नवनीत ने कहा, हमें अच्छे परिणाम की उम्मीद है। जिन टीमों के साथ हमें ग्रुप में बांटा गया है, वे हमारे लिए नई नहीं हैं। हम पहले भी उनके खिलाफ खेल चुके हैं। सर्कल में हम जो मौके बनाते हैं, उन्हें गोल में बदलना हमारे अभियान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा और टूर्नामेंट में अच्छी शुरूआत करने से टीम को सही आत्मविश्वास मिलेगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टोक्यो ओलंपिक खेलों के पिछले संस्करण में भारत ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहा था।

भारत अपने शुरूआती मैच में 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका से भिड़ेगा। उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच होगा। फिर, 16 जनवरी को इटली से टक्कर होगी, जबकि, सेमीफाइनल 18 और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

मैदान में अन्य टीमों में विश्व नंबर 5 जर्मनी, पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है।

# रिफ्रेशर कोर्स का संचालन करेंगे टॉप गोल्फ प्रशिक्षक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के चार टॉप प्रोफेशनल गोल्फ प्रशिक्षक अमनदीप जोहल, इंद्रजीत भालोटिया, दीपिंदर खुल्लर और मोनिश बिंद्रा भारतीय राष्ट्रीय गोल्फ अकादमी के रिफ्रेशर कोर्स का ऑनलाइन संचालन करेंगे।

भारतीय गोल्फ यूनियन की मुख्य कार्यक्रमों में से एक इस कोर्स का लक्ष्य सभी उम्र के खिलाड़ियों के बीच गोल्फ की स्किल सिखाना और खेल को पूरे भारत में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करना है।

भारतीय राष्ट्रीय गोल्फ अकादमी का यह पाठ्यक्रम 8 से 10 जनवरी, 2024 तक ए, बी, सी और डी श्रेणियों में ऑनलाइन आयोजित किए जाएंगे।

ए और बी रिफ्रेशर कोर्स इंद्रजीत भालोटिया और अमनदीप जोहल द्वारा संचालित किए जाएंगे, जबकि श्रेणी सी और डी रिफ्रेशर पाठ्यक्रम दीपिंदर खुल्लर और मोनिश बिंद्रा द्वारा संचालित किए जाएंगे। सभी चार कोचों ने महत्वपूर्ण पेशेवर स्तर पर खेला है और भारत के पेशेवर गोल्फ टूर के अलावा एशियाई टूर पर भी खेला है।

# भारत के लिए खेलना हमेशा सम्मान की बात: अवनी प्रशांत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया की शीर्ष 50 में स्थान पाने वाली एकमात्र भारतीय महिला गोल्फ खिलाड़ी अवनी प्रशांत ने कहा कि अपने देश के लिए इंटरनेशनल टूर्नामेंटों में खेलना हमेशा सम्मान की बात है।

17 साल की उम्र में कई टूर्नामेंट जीतने वाली अवनि इस महीने प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर में चार सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं।



भारतीय टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी अवनी, जिन्होंने कुछ समय के लिए पेशेवर बनने की अपनी योजना को रोकने का फैसला किया है, हीना कांग के साथ दोनों स्पर्धाओं में भाग लेंगी जबकि संदीप यादव और रोहित पुरुष वर्ग में खेलेंगे।

महिलाओं के बीच दो बार की अखिल भारतीय एमेच्योर विजेता अवनी ने कहा, भारत के लिए खेलना हमेशा सम्मान की बात है। 2023 में मेरे कुछ अच्छे परिणाम रहे हैं और मेरा दीर्घकालिक लक्ष्य प्रो गोल्फ है, लेकिन अभी ऑस्ट्रेलिया में ये दो आयोजन, जो बहुत प्रतिष्ठित हैं, मेरा ध्यान केंद्रित हैं। 2024 में मेरे पास कई बड़े कार्यक्रम आने वाले हैं, और उम्मीद है कि परिणाम 2023 से भी बेहतर होंगे।

# पाकिस्तान टी20 टीम के उप-कप्तान बने मोहम्मद रिजवान




**ऑकलैंड।** विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को 12 जनवरी से शुरू होने वाले न्यूजीलैंड के पांच मैचों के दौरे से पहले टी20 में पाकिस्तान का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। मोहम्मद रिजवान अब टी20 टीम के नेतृत्व समूह में नए कप्तान शाहीन शाह आफरीदी के साथ मिलकर काम करेंगे, क्योंकि 2009 पुरुष टी20 विश्व कप विजेता पाकिस्तान अब वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले टूर्नामेंट के 2024 संस्करण के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रहे हैं।

## शेड्यूल

| | | |
|---|---|---|
| पहला टी20 मैच | : | 12 जनवरी, ईडन पार्क, ऑकलैंड |
| दूसरा टी20 मैच | : | 14 जनवरी, सेडॉन पार्क, हैमिल्टन |
| तीसरा टी20 मैच | : | 17 जनवरी, यूनिवर्सिटी ओवल, डुनेडिन |
| चौथा टी20 मैच | : | 19 जनवरी, हेगले ओवल, क्राइस्ट चर्च |
| पांचवां टी20 मैच | : | 21 जनवरी, हेगले ओवल, क्राइस्ट चर्च |

# ग्रांट ब्रैडबर्न ने पाक के हाई परफॉर्मेंस कोच का पद छोड़ा



**एजेंसी। लाहौर**

ग्रांट ब्रैडबर्न ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले पाकिस्तान के हाई-परफॉर्मेंस कोच के रूप में अपनी भूमिका छोड़ दी है।

एक सफल कार्यकाल के बाद मई 2023 में मुख्य कोच की भूमिका निभाने वाले ब्रैडबर्न ने पहले 2018 से 2020 तक पाकिस्तान के फील्डिंग कोच के रूप में कार्य किया और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में योगदान दिया था। पाकिस्तान के 2023 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद कोचिंग पदों में फेरबदल किया गया, जिसके कारण ब्रैडबर्न को एनसीए में स्थानांतरित कर दिया गया। एक्स पर अपने प्रस्थान की घोषणा करते हुए, ब्रैडबर्न ने अनुभव के लिए आभार व्यक्त किया और विभिन्न क्षमताओं में अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों को स्वीकार किया।

# चेक गणराज्य और अमेरिका के बीच खेला गया अभ्यास मैच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर मुकाबले 13 से 19 जनवरी तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में होंगे। क्वालिफायर मुकाबलों से पहले टीमों के बीच प्रैक्टिस मैच शुरू हो गये हैं। सोमवार को चेक गणराज्य और अमेरिका के बीच अभ्यास मैच हुआ। अब मंगलवार को प्रैक्टिस मैच जापान-यूएसए, भारत-जर्मनी और चिली और इटली के बीच खेला जायेगा ।इसके अलावा छह देशों की टीमों ने अपनी प्रैक्टिस इसी ग्राउंड में अलग-अलग समय में जारी रखी।

# नडाल नई चोट के कारण मानसिक रूप से ज्यादा प्रभावित नहीं होंगे : एलेक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी एलेक्स कोरेट्जा का मानना है कि राफेल नडाल अपनी नई चोट के कारण मानसिक रूप से ज्यादा प्रभावित नहीं होंगे, जिसके कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन से नाम वापस ले लिया है।

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में नहीं खेलेंगे। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने यह फैसला पिछले सप्ताह ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दौरान मांसपेशियों में लगी चोट के कारण लिया है।



इस नई चोट के बावजूद एलेक्स कोरेट्जा आगामी सीजन के लिए नडाल को लेकर काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं।

ब्रिस्बेन में नडाल के हालिया मैचों को ध्यान में रखते हुए एलेक्स कोरेट्जा का मानना है कि 37 वर्षीय खिलाड़ी मानसिक रूप से उबर जाएगा ।

एलेक्स कोरेट्जा ने यूरोस्पोर्ट को बताया, यह निश्चित रूप से एक झटका है। प्रतिस्पर्धा के बिना इतने महीनों के बाद मांसपेशियों में आपको कुछ असुविधा महसूस हो सकती है। यह हैरानी कि बात नहीं है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह उस स्थान पर नहीं है जहां पहले चोट लगी थी।

एलेक्स कोरेट्जा ने इस बात पर जोर दिया कि नडाल की मानसिक लचीलापन उनकी वापसी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 67वें स्कूल राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड से स्क्वैश टीम पुणे रवाना

**रांची।** 67 वें स्कूल राष्ट्रीय खेल 2024 के लिए झारखण्ड से बालक एवम बालिका स्क्वैश टीम, पुणे रवाना हुई। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 10 जनवरी से 13 जनवरी तक महाराष्ट्र स्क्वैश अकादमी उंद्री पुणे में आयोजित 67 वें स्कूल राष्ट्रीय खेल 2024 के झारखंड राज्य से 25 स्क्वैश दल भाग ले रही है। 10-13 जनवरी तक स्क्वैश प्रतियोगिता में झारखंड के बालक एवं बालिका स्क्वैश टीम में 19 खिलाड़ी एवं छह ऑफिशियल भाग ले रहे हैं। बालिका टीम में रितिका कुमारी, दशमी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, कामना कुमारी, लवली सिंह है। वहीं, बालक टीम में विराज गुप्ता, अभिनव देवघरिया, रेवांत पटेल, मंतोष महतो, दिविक केडिया, देव कुमार और शिवेश कनोई है।

# रांची में प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 10 और 11 को



**रांची।** राजधानी रांची में 10 और 11 जनवरी को प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया जायेगा। खेलकूद निदेशालय से मिले निर्देश के बाद राज्य में संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में खाली पड़े स्थानों को भरने को अलग-अलग प्रमंडलों में पहल शुरू हुई है। इसी क्रम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा) अंतर्गत रांची में चयन ट्रायल होगा। इस संबंध में रांची के जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से बताया गया है कि रांची में एथलेटिक्स (बालक), हॉकी (बालक, बालिका), तीरंदाजी (बालक, बालिका), फुटबॉल (बालक, बालिका) और बैडमिंटन (बालक) खेलों के लिए ट्रायल होगा। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, रांची में 10-11 जनवरी को सुबह 10 बजे से इसका आयोजन होगा। विभागीय प्रावधानों के अनुसार आवासीय सेंटरों के लिए होने वाले प्रतिभा चयन ट्रायल में ऐसे कैंडिडेट को मौका मिलेगा जिनकी आयु 10 वर्ष (1 अप्रैल 2024 को) से 14 वर्ष की हो। हालांकि 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं होनी चाहिये। इसके लिए मान्य जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड उन्हें प्रस्तुत करना होगा। एकलव्य (सेंटर ऑफ एक्सलेंस) के लिए एक अप्रैल 2024 को न्यूनतम आयु 16 से 22 वर्ष तक होना अनिवार्य है।

## व्यापार

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

### 72 हजार अंक के स्तर से नीचे फिसला सेंसेक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही घरेलू शेयर बाजार को आज तगड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर खरीदारी भी होती नजर आई लेकिन इसके बाद पूरे दिन बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक करीब 1 प्रतिशत तक टूट गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत और निफ्टी 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान रियल्टी को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई। मेटल, एफएमसीजी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, रियल्टी और पावर सेक्टर के शेयरों में मामूली खरीदारी होती नजर आई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स से 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।



**निवेशकों को 1 दिन में लगा 2.76 लाख करोड़ का चूना**

# कैट की अपील : व्यापारी व निर्यातक मालदीव के साथ व्यापार स्थगित करें

### प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक टिप्पणियों के प्रति कैट के कड़े तेवर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देशभर के व्यापारियों एवं निर्यातकों से मालदीव के साथ व्यापार संबंध तुरंत स्थगित करने की अपील की है। कैट ने यह अपील प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मालदीव के कुछ मंत्रियों के अपमानजनक टिप्पणियों के प्रति कड़े तेवर अपनाते हुए की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर हाल की अपमानजनक टिप्पणियों कतई स्वीकार्य नहीं है। इसके लिए मालदीव सरकार को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। खंडेलवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध बनाए रखने तथा आपसी व्यापार को जारी रखने के लिए यह जरूरी है कि संबंधों की मयार्दा रखी जाए, लेकिन मालदीव के ज़िम्मेदार लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी कर उस मर्यादा को तार-तार किया है। उन्होंने कहा कि दो देशों के बीच संबंध परस्पर विश्वास के होते हैं, जिससे दोनों के हित जुड़े होते हैं। इसलिए मालदीव के लोगों को टिप्पणी करने में सावधानी बरतनी चाहिए। कैट ने देश के व्यापारीयों से आग्रह किया है कि वे अपने व्यापार संबंधों के अंतरराष्ट्रीय प्रभावों को ध्यान में रख इस असम्मानपूर्ण आचरण के खिलाफ मालदीव के साथ व्यापारिक संबंधों को स्थगित करें।

# ई कामर्स कंपनी फ्लिपकार्ट सात प्रतिशत कर्मचारियों की कर सकता है छंटनी

### डेढ़ हजार के प्रभावित होने की आशंका




**एजेंसी। नई दिल्ली**

ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट कथित तौर पर 2024 की शुरूआत में अपने कर्मचारियों की संख्या में पाँच-सात प्रतिशत की कटौती करने की योजना बना रही है, जिससे लगभग 1,500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली कंपनी में वर्तमान में लगभग 22 हजार कर्मचारी हैं।

सूत्रों के मुताबिक, फ्लिपकार्ट ने प्रदर्शन समीक्षा के जरिए यह कवायद शुरू कर दी है और मार्च-अप्रैल तक नौकरी में कटौती लागू होने की संभावना है।

# अदाणी ग्रुप तमिलनाडु में 42,768 करोड़ रुपये का निवेश करेगा




**एजेंसी। चेन्नई**

मल्टी-बिजनेस अदाणी ग्रुप ने तमिलनाडु में ऊर्जा, सीमेंट विनिर्माण, डेटा सेंटर, सिटी गैस वितरण में 42,768 करोड़ रुपये का निवेश करने और 10,300 रोजगार के अवसर पैदा करने का फैसला किया है। ग्रुप ने सोमवार को आयोजित तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 के दौरान इस फैसले की घोषणा की। अदाणी समूह की विभिन्न कंपनियों द्वारा निवेश का विवरण अदाणी ग्रीन 24,500 करोड़ रुपये (रोजगार 4,000), अंबुजा सीमेंट्स 3,500 करोड़ रुपये (5,000), अदाणी कॉननेक्स 13,200 करोड़ रुपये (1,000) और अदाणी टोटल गैस एंड सीएनजी 1,568 करोड़ रुपये (300)।

# अडानी ग्रीन ने 750 मिलियन डॉलर का कैशबैक रिडेम्पशन प्लान पेश किया




**अहमदाबाद।** अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने सोमवार (होल्डको नोट्स) को देय 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के 4.375 नोट्स के रिडेम्पशन प्लान की घोषणा की है। होल्डको नोट्स की बकाया राशि, मैच्योरिटी से आठ महीने पहले, होल्डको नोट्स को सिक्योर करने वाले विभिन्न रिजर्व अकाउंट्स के एक हिस्से के रूप में अलग रखे गए कैश बैलेंस राशि के माध्यम से पूरी तरह से सुरक्षित की जाएगी।

**रिजर्व अकाउंट्स और इंटरनल स्त्रोतों में राशि** – 169 मिलियन अमेरिकी डॉलर (डेब्ट सर्विस रिजर्व अकाउंट, हेज रिजर्व और रिजर्व अकाउंट पर ब्याज के साथ)।

**टोटलएनर्जीज 1,050 मेगावाट जेवी कंसीड्रेशन** – 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर, लेनदेन 26 दिसंबर 2023 को समाप्त हो गया, और फंड पहले से ही होल्डको नोट्स के सीनियर डेब्ट रिडेम्पशन अकाउंट (एसडीआरए) में रखा हुआ है।

# पीयूष गोयल ने इंडस फूड 2024 प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**निर्यात बढ़ाने पर पर दिया जोर**



**वाणिज्य सचिव बोले**
**देश का कृषि निर्यात 2030 तक 100 अरब डॉलर होने की संभावना**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्रदान करने, रोजगार पैदा करने और देश की कमाई बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर खाद्य प्रसंस्करण, उत्पाद ब्रांडिंग और निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर दिया। गोयल ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित भारत के जीवंत और विविध खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी 'इंडस फूड 2024' के उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही। इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस प्रदर्शनी के उद्घाटन पर अपने संबोधन में वाणिज्य मंत्री ने भारत के विविध खाद्य उद्योग की प्रशंसा की और वैश्विक बाजारों को लुभाने की इसकी क्षमता पर जोर दिया। वाणिज्य मंत्री ने भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को लेकर कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात में 150 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि भारत का कृषि निर्यात कुल मिलाकर लगभग 53 अरब अमेरिकी डॉलर है। गोयल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारतीय खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग की पहचान की गई है। उन्होंने देश के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों, 158 खाद्य और कृषि भौगोलिक संकेतों (जीआई) और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल के तहत जिलों में 708 अद्वितीय खाद्य पदार्थों की पहचान को रेखांकित किया।

# भारत-कनाडा सहयोग के लिए व्यापार, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने वाला सेमिनार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

समर्थ संबंधों को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, भारत-कनाडा सहयोग पर सेमिनार ने भारतीय संविधान सभा, दिल्ली कांस्ट्यूटोवल क्लब में होने वाले सहयोगी पहल का आयोजन किया। इस साझेदारी पहल में, भारतीय लघु उद्योग संघ और कैनेडियन हिन्दू चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने संयुक्त रूप से आयोजन किया। महत्वपूर्ण संगठन जैसे कि इंडिया हेरिटेज कल्चर एंड आर्ट्स ट्रस्ट और इंडिया फाउंडेशन ऑफ साइट एंड एफिलिएट्स भी सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का अध्यक्ष डॉ शूलपाणि सिंह, फैसी के दिल्ली चैप्टर अध्यक्ष है, के अध्यक्ष, नरेशकुमार चावड़ा, सीएचसीसी के अध्यक्ष, और अन्य श्रेष्ठ आदर्शवादियों के साथ किया गया था।

प्रमुख पैनलिस्ट्स में कुशाग्र दत्त शर्मा, सीएचसीसी के उपाध्यक्ष; महर्षि जानी, सीएचसीसी के महासचिव; और पद्म श्री कन्वल सिंह चौहान शामिल थे। साइटफी के प्रमुख और संस्थापक अंकित प्रताप सिंह ने चचाओं में मूल्यवान दृष्टिकोण जोड़ा। कैनेडियन हिन्दू चैम्बर ऑफ कॉमर्स के 23 प्रतिनिधियों को मान्यता और सम्मान दिया गया, जो औषधिक, होटलियरी, निर्माण, शिक्षा, इमिग्रेशन, खनन, और आईटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विविध पृष्ठभूमियों को दर्शात है।

# आय असमानता कम हुई, लोगों की आय में बढ़ोतरी का रुझान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट**

एसबीआई रिसर्च के एक नए अध्ययन से पता चला है कि हाल के वर्षों में आय असमानता कम हुई है, लोगों की आमदनी बढ़ने और भारतीय मध्यम वर्ग की स्थिति मजबूत होने से ही यह संभव हो पाया है। सीबीडीटी डेटा के हवाले से कहा गया है कि आयकर का आधार साल दर साल बढ़ रहा है और आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 2021-22 के 70 मिलियन यानी सात करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 74 मिलियन हो गई है। आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 दिसंबर 2023 तक कुल 82 मिलियन आयकर रिटर्न दाखिल की गई हैं। एसबीआई की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय वाले करदाताओं द्वारा दाखिल की गई आईटीआर में मूल्यांकन वर्ष 2013-14 और 2021-22 में 295 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कुल आय की उच्च श्रेणी की ओर बढ़ने की ओर सकारात्मक रुझान दशार्ता है।

## एक नजर

### गार्डवाल निर्माण में घटिया सामग्री का किया जा रहा प्रयोग



**श्री बंशीधर नगर।** पथ विभाग द्वारा बंशीधर नगर के धुरकी मोड़ से लेकर अम्बाखोरेया तक कालीकरण पथ निर्माण में कई स्थानों पर गार्डवाल निर्माण में घटिया सामग्री तथा मिट्टी युक्त बालू प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त सड़क का निर्माण गुजरात की एनर्जी प्रोजेक्ट कंपनी के द्वारा लगभग एक सौ चौदह करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान बरडीहा सहित कई गावों में पुलिया तथा गार्डवाल का भी निर्माण कराया जा रहा जहा घटिया पत्थर तथा मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग किया जा रहा है। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण करा रहे संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कराया जा रहा है। इसमें संवेदक के साथ पथ विभाग के पदाधिकारी भी संलिप्त है। ज्ञात हो की धुरकी मोड़ से लेकर अम्बाखोरेया तक कालीकरण पथ निर्माण में लगभग दो दर्जन से अधिक पुलिया का निर्माण कराया गया है, जहां घटिया पत्थर का प्रयोग किया गया है। वहीं धुरकी प्रखंड से गुजरने वाले नदियों से मिटी युक्त बालू का प्रयोग किया गया है। सोमवार को बरडीहा गांव के समीप बन रहे गार्डवाल निर्माण में घटिया पत्थर तथा मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग किए जाने के मामले में कनीय अभियंता निलेश सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है तो कार्य बंद करा अच्छे पत्थर का प्रयोग करने का निर्देश संवेदक को दिया जाएगा।

### खरौंधी के सीओ को केतार बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार

**केतार।** उपायुक्त शेखर जमुवार ने सोमवार को खरौंधी प्रखंड के अंचलाधिकारी सुनील कुमार को केतार बीडीओ, सीओ और एमओ का प्रभारी बनाया है। इससे पुर्व भवनाथपुर प्रखंड के बीडीओ नंदजी राम दो माह से केतार प्रखंड के प्रभारी बीडीओ थे।

### कंबल का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के पिता सह पूर्वमंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के प्रथम पुण्यतिथि पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, भाजयुमो के अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह तथा सोनू गुप्ता ने गरीब, असहाय, विधवा व दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण किया। उक्त लोगों ने नगर उंटारी रेलवे स्टेशन से ब्लॉक मोड़ तक गरीब, असहाय, विधवा व दिव्यांगजनों के बीच कंबल वितरण किया।

### कल भट्ट निर्माण का किया भूमि पूजन

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रणपुरा में पंचायत समिति सदस्य सुगनी देवी ने कलवर्ट निर्माण कार्य भूमि पूजन किया। पंचायत समिति सदस्य सुगनी देवी ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर उक्त स्थल पर कल भट्ट निर्माण की स्वीकृति पंचायत समिति सदस्य मद की राशि से हुई है जिसका निर्माण कार्य को शुरू किया गया है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुगनी देवी प्रतिनिधि

---

#### एक दिन पहले दूसरे राज्यों से धन कटनी कर लाया गया सैकड़ों बोरा धान किया सफाचट

# हाथियों ने कई घरों को तोड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र के चिरका गांव में जंगली हाथियों ने रविवार की रात्रि जमकर उत्पात मचाया है। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि करीब 12 बजे 20 से 25 की संख्या में जंगली हाथी गांव में पहुंचे तथा गांव के भुनेश्वर भुईया के घर को तोड़ दिया। घर में रखे 30 बोरा धान दो बोरा चावल 2 क्विंटल गेहूं खा गया, जिंससे भुक्तभोगी को लाखों की क्षति हुई है।



वहीं वकील भुइया का घर तोड़ दिया तथा 20 बोरा धान, दो बोरा चावल, बक्सा, मकई, कपड़ा बर्तन सहित घर का अन्य सामान बर्बाद कर दिया। वहीं अकलेश भुईया का घर तोड़ दिया तथा 20 बोरा धान, 50 किलो मकई तथा डेढ़ किवंटल चावल खा गया। वहीं चावल में रखे 5000 रुपये नष्ट कर दिए। विनोद भुईया के घर को तोड़ दिया तथा 10 बोरा धान दो बोरा चावल पैसा कपड़ा बर्तन तथा घर के सामानों को नष्ट कर दिया। पिंटू भुईया के घर को तोड़फोड़ दिया। वहीं गरीबा भुईया के घर का भी नुकसान किया तथा पांच बोरा धान और चावल खा गया। वहीं मूर्ति कुवंर के घर को तोड़ दिया। तथा तीन बोरा धान खा गया। राजू भुईया के घर को तोड़फोड़ दिया तथा 20 बोरा धान सफाचट कर गया। बालदेव भुईया की फसल जौ बटुरी को काफी नुकसान पहुंचाया। वहीं अजय भुईया के इंदिरा आवास के घर को तोड़ दिया तथा रामनाथ भुईया के घर को तोड़ दिया तथा 20 बोरा धान व गेहूं खा गया। बताते चलें कि उक्त टोले के लोग एक दिन पहले ही आरा जिला से धान कटनी करके सभी लोग धान लाए थे। दो माह के बाद अपने घर वापस हुए थे। मजदूरों ने बताया कि बड़ी मेहनत से हम लोगों ने मजदूरी करके धान कटनी से बनी के रूप मे धान मिला था, जिसे सभी हाथी सफाचट कर गए। वहीं बड़ी मुश्किल से यह गरीब कुछ दिनों के अपने खाने-पीने का इंतजाम बनिहारी करके किया थ। जंगली हाथियों द्वारा सभी अनाज खा जाने के बाद उनके सामने अब भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मामले में पूछे जाने पर विभाग के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा कई घरों को नुकसान किए जाने तथा अनाजों को खाए जाने की जानकारी मिली है। जंगली हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा मिलेगा। बताते चलें कि अब खेतों में धान के फसल नहीं होने पर किसानो के घरों पर हमला बोलकर घर में रखे अनाज फसल को हाथी सफाचट कर रहे हैं, जिससे भारी जान माल के नुकसान होने की संभावना भी है। ग्रामीणों ने बताया कि गनीमत रहा कि हम लोग हाथियों के आहट तथा तोड़फोड़ की आवाज सुनकर जग गये तथा उठकर वहां से भाग गए नहीं तो घर में कई लोग दब के मर जाते। वहीं क्षेत्र में हाथियों के आतंक से ग्रामीण काफी दहशत में है तथा क्षेत्र से जंगली हाथियों को भगाने की मांग की है।

---

# वर्ष 2022 की तुलना में साइबर अपराध के मामले बढ़े, शिकंजे में आए अपराधी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** पिछले साल की तुलना में अबकी वर्ष साइबर अपराध के मामले में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में अबतक साइबर अपराध से जुड़ 23 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं 2022 में साइबर अपराध के 19 मामले दर्ज किए गए थे। वहीं साइबर अपराध के मामले में पुलिस कई अपराधियों को शिकंजे में लाने में सफल रही।

ताजा मामला पिछले 4 दिसंबर को आया था। जिलांतर्गत श्रीबंशीधर नगर पुलिस ने साइबर ठगी करने के आरोपी अखिलेश कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। वह मूलतः नगर ऊंटारी थानांतर्गत चेचरिया गांव का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर लैपटॉप और मोबाइल बरामद किया गया था। बकौल एसपी दीपक कुमार पांडेय चार वर्षों से वेबसाइट बनाने का काम कर रहा था। वह झारखंड के अलावा अन्य राज्यों में भी ठगी का

> **एसपी दीपक पांडेय ने कहा, गढ़वा में साइबर क्राइम की संख्या कम हुई है। नए प्रतिबिंब एप आने के बाद हम लोग साइबर क्राइम को पूरी तरह से खत्म कर देंगे।**

काम करता था। बिहार के शेखपुरा जिलांतर्गत चेबड़ा थाना के गड्डुआ गांव निवासी संतोष कुमार और राजस्थान के जयपुर निवासी संजय सैनी ने प्रतिबिंब एप की मदद से शिकायत दर्ज कराया था। उसके बाद अनुसंधान के क्रम में वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया था। पड़ताल में यह सामने आया था कि उसने बिहार, राजस्थान और झारखंड के 150 लोगों को ठगी का शिकार बनाया था। उसी तरह जिलांतर्गत भवनाथपुर थाना के सिंदुरिया गांव निवासी प्रवेश कुमार साइबर ठगी का शिकार बना था। उसके बैंक खाते से साइबर ठग ने 27 हजार रुपये की निकासी कर ली थी। 12 मार्च को उसके खाते से राशि की निकासी की गई थी। उसकी शिकायत उसने स्थानीय थाने में की। प्रतिबिंब अप के माध्यम से पिछले दिनों नगर ऊंटरी से एक साइबर तक को गिरफ्तार किया गया था बुक साइबर तक के द्वारा गढ़वा में ही बैठकर विभिन्न प्रदेश के लोगों को मैसेज भेज कर वेबसाइट अप बनाने की प्रलोभन दिया करता था जिसके माध्यम से वह पैसा मांगने के बाद उनका मोबाइल नंबर को ब्लैकलिस्टेड कर दिया करता था पुलिस ने प्रतिबिंब अप के माध्यम से उसकी गिरफ्तारी उसके घर से की। एसपी दीपक पाण्डेय ने कहा कि गढ़वा में साइबर क्राइम की संख्या कम हुई है। नए प्रतिबिंब एप आने के बाद हम लोग साइबर क्राइम को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। पिछले दिनों प्रतिबिंब अप के माध्यम से साइबर ठग को गिरफ्तार किया गया था।

---

#### पलामू प्रमंडलीय आयुक्त ने लातेहार उपायुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण, संचिका एवं दस्तावेजों को खंगाला

# दस्तावेजों को नियमानुसार दुरुस्त करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास ने सोमवार को प्रमंडल क्षेत्र के लातेहार जिले के उपायुक्त कार्यालय के संचिका एवं दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने नजारत शाखा के पंजियों का गहन अवलोकन कर पदस्थापित कार्यालय कर्मियों द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यों एवं कार्यालय संचालन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। साथ ही अनुक्रमणिका पंजी, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ बही, आवंटन पंजी, लॉग बुक, चपरासी बही, कर्म पुस्तिका, भंडार पंजी, कैश बुक आदि विभिन्न पंजियों एवं दस्तावेजों को देखा। नजारत द्वारा खर्च की गई राशि के विरुद्ध प्राप्त वाउचरों के अवलोकन के बाद उन्होंने सभी वाउचर को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। विभिन्न शीर्षो में पूर्व से चले आ रहे अवशेष राशि जो व्यय योग्य नहीं है, उसे चालान के द्वारा कोषागार के माध्यम से सरकार के समेकित निधि में जमा करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने निरीक्षण की गंभीरता को समझने एवं वरीय पदाधिकारी को समय-समय पर कार्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित करने, विभिन्न पंजियों एवं सभी तरह के दस्तावेजों को नियमानुसार दुरूस्त रखने के साथ अद्यतन संधारण करने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि वरीय पदाधिकारियों के निरीक्षण से कार्यालय कर्मियों की कार्यशैली में सुधार होता है। उन्होंने निरीक्षण एवं निर्देशों का सख्ती से अनुपालन का निर्देश दिया।



जांच करते आयुक्त

**आयुक्त को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

निरीक्षण के पूर्व आयुक्त के लातेहार सर्किट हाउस पहुंचने पर लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप आदि पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मो. परवेज, नजारत उप समाहर्ता संजीत कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, विधि शाखा प्रभारी सुजित सिंह, आयुक्त कार्यालय के प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, लातेहार नजारत शाखा के नाजिर विजय कुमार रजक, अशोक पासवान आदि उपस्थित थे।

---

#### श्रीराम जानकी मंदिर के शिखर का निर्माण प्रारंभ

## और निखर जायेगी मंदिर की भव्यता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ-कौड़िया पंचायत स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के शिखर का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। संरक्षक राकेश तिवारी ने सोमवार को नारियल तोड़कर शिखर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे मंदिर की भव्यता बढ़ेगी। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे से इलाका गुंजायमान हो उठा। बताते चलें कि श्रीराम जानकी मंदिर न्यास समिति की ओर से पचास फीट ऊंचे गुंबद का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य प्रसिद्ध शिल्पकार चौहान बंधु के निर्देशन में किया जा रहा है। न्यास समिति के संरक्षक राकेश तिवारी ने बताया कि शिखर निर्माण के पीछे सामाजिक, वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक हर तरह का संदेश छिपा हुआ है। जहां मंदिर का गुंबद उस क्षेत्र के लोगों की धार्मिक प्रवृत्ति का वाहक बनेगा। वहीं इसके माध्यम से संस्कृति और संस्कार का संदेश दूर-दूर तक पहुंचाया जा सकेगा। अध्यक्ष छोटेलाल सिंह ने बताया कि वर्षों से क्षेत्रीय श्रद्धालु इसका इंतजार कर रहे थे। अप्रैल माह तक निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। इस दौरान संरक्षक अजय तिवारी अकेला, रामसहाय साव, सुरेंद्र साव, उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो, अजीत जी, मनोज जी, मौजूद थे।

## अवैध ईंट भट्ठा ध्वस्त, मौके से एक लाख कच्चा ईंट जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में सोमवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा सतबरवा में अवैध ईंट भट्ठा संचालन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। डीएमओ श्री कुमार द्वारा सतबरवा थाना क्षेत्र के धमधमवा (पोलपोल)टोला में अवैध रूप से संचालित जीएमपी ब्रिक्स के चिमनी ईंट भट्ठे को ध्वस्त किया गया है। इस दौरान मौके से एक लाख कच्चा ईंट भी जब्त किया गया। ईंट भट्ठे का संचालन करने वाले चैनपुर के प्रिंस सिंह व उनके पार्टनर मेदिनीनगर निवासी ज्ञाननंदन सिंह के खिलाफ सतबरवा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने स्पष्ट कहा है कि जिले में कहीं भी किसी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण या परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

---

#### नेतरहाट आवासीय विद्यालय की परीक्षा में हो गया खेल!

## बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ के 90 बच्चों का हुआ है चयन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिले के नेतरहाट आवासीय विद्यालय देश भर में प्रसिद्ध है। यहां पर नामांकन कराने को लेकर बच्चों के अभिभावकों को कठिन परिश्रम करना पड़ता है। बच्चों के अभिभावक सुनीता देवी, पिंटू कुमार, बिजेंद्र कुमार, आमोद प्रसाद, सुप्रभा, अनिता टोप्पो ने राज्य के मुख्यमंत्री व राज्यपाल इत्यादि को आवेदन देकर नेतरहाट आवासीय विद्यालय की परीक्षा में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। अभिभावकों ने बताया कि दो साल पूर्व से ही बच्चों को इसकी तैयारी कराई जाती है, परंतु रिजल्ट सामने आने पर झारखंड के बच्चों को सिर्फ निराशा हाथ लगती है। एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बच्चों के अभिभवकों ने दावा किया है कि नेतरहाट आवसीय विद्यालय के प्राचार्य प्रसाद पासवान जो वहां बरसों से जमे हुए हैं, सभापति संतोष उरांव से मिलीभगत कर परीक्षा के परिणाम में खेल कर दिया गया है। नेतरहाट आवासीय विद्यालय में 100 बच्चों में से बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बंगाल के लगभग 90 बच्चों का चयन किया गया है। झारखंड के विभिन्न कोने से जाति, आवासीय प्रमाणपत्र बनवाकर फार्म भरवा दिया गया है। गिरोह इतना मजबूत है कि यह काम ओरिजिनल तरीके से किया जाता है इसीलिए जांच में कुछ भी नहीं निकलता है। मगर बच्चे का जब घर खोजने के लिए झारखंड में जाएंगे तो उनका घर झारखंड में कहीं नहीं मिलेगा बल्कि बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, इत्यादि राज्य में मिलेगा। सरकार के निर्देश है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में झारखंड के बच्चों का ही नामांकन लिया जाएगा। बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा के बच्चों का चयन गुरुकुल पब्लिक स्कूल धनबाद के विभिन्न स्कूलों में पढ़ाकर किया गया है। यह गोरखधंधा हरेक साल किया जाता है। इसी तरह का एक स्कूल पटना बिहटा बिहार में भी है जो अपने यहां बच्चों को पढ़ाकर झारखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों से फॉर्म भरवाते हैं। उक्त स्कूल के प्रिंसिपल का दो भाई हैं जो एक स्कूल बाल निकेतन के नाम से चलते हैं, जहां से भी इस बार 14 बच्चे पास किये हैं। दो बच्चे एक ही घर के हैं, जिनका पूरा ऑडियो अभिभावकों के पास है, जिसमें साफ बोल रहे हैं कि मेरा बिहार पटना घर है और बिहार के बच्चे को झारखंड का जाति आवासीय बनवाकर एडमिशन करवा देते हैं।

## केतार के दाल-भात केंद्र में लटका ताला, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। केतार** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित सब्जी मार्केट के समीप शेड में संचालित सरकार की महत्वाकांक्षी दाल-भात केंद्र में पिछले चार-पांच दिनों से ताला लटका हुआ है। दाल-भात केंद्र में ताला बंद होने से एक बार फिर राहगीरों, ठेले खोमचे वाले और गरीब असहाय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि सरकार द्वारा पूरे राज्य में दाल-भात केन्द्र को संचालित कर गरीबों को लाभान्वित करना है। इसमें मात्र पांच रुपये में जरूरतमंदों को दोपहर में भरपेट खाना खिलाना है। दाल-भात केंद्र संचालक संतोषी आजीविका सखी मंडल के सदस्यों ने बताया कि राशन खत्म होने की वजह से केन्द्र बंद कर दिया गया है। केंद्र चलाने के लिए कम आवंटन प्राप्त हुआ था। विदित हो कि विगत 17 दिसंबर को केतार बाजार में दाल-भात केंद्र का शुभारंभ हुआ था। लेकिन पंद्रह दिन बाद दाल-भात केंद्र में पुनः ताला लटक गया है। प्रभारी बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि दाल-भात केंद्र संचालक द्वारा राशन खत्म होने की जानकारी नहीं दी गई है, इसे पुनः संचालित कराया जायेगा।

---

### पेज एक के शेष

**बिलकिस बानो केस में...**

सरकार ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। पीठ ने 100 पन्नों से अधिक का फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य के छूट के आदेश रद्द किए जाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने एक अन्य पीठ के 13 मई, 2022 के आदेश को भी 'अमान्य' करार दिया, जिसमें गुजरात सरकार से दोषियों की सजा माफी की याचिका पर विचार करने को कहा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को अदालत के साथ धोखाधड़ी करार दिया और कहा कि इस अदालत के सामने फैक्ट छिपाए गए। 13 मई का आदेश सही नहीं था और इसे हम अमान्य मानते है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह एक क्लासिक मामला जहां इस अदालत के आदेश का इस्तेमाल छूट देकर कानून के नियम का उल्लंघन करने के लिए किया गया था। बता दें कि सभी 11 दोषियों को गुजरात सरकार द्वारा छूट दी गई और 15 अगस्त, 2022 को रिहा कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि सत्ता छीनकर कानून के शासन का उल्लंघन किया गया है और 13 मई, 2022 के आदेश का इस्तेमाल शक्तियों को हड़पने और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के लिए किया गया है। शीर्ष अदालत ने बानो द्वारा दायर याचिका सहित अन्य याचिकाओं पर 11 दिन की सुनवाई के बाद पिछले साल 12 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए केंद्र और गुजरात सरकार को 16 अक्टूबर तक 11 दोषियों की सजा माफी से संबंधित मूल रिकॉर्ड जमा करने का निर्देश दिया था। पिछले साल सितंबर में मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने पूछा था कि क्या दोषियों के पास माफी मांगने का मौलिक अधिकार है। पहले की दलीलों के दौरान, शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्य सरकारों को दोषियों को छूट देने में चयनात्मक नहीं होना चाहिए और सुधार और समाज के साथ फिर से जुड़ने का अवसर हर कैदी को मिलना चाहिए। गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को चुनौती देने वाली बानो द्वारा दायर याचिका के अलावा, सीपीआई (एम) नेता सुभाषिनी अली, स्वतंत्र पत्रकार रेवती लौल और लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा सहित कई अन्य जनहित याचिकाओं ने राहत को चुनौती दी है।

**जीतने वालों के लिए...**

अधिक तेज हैं। लीपजिग यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वीज के अनुसार जिन संस्कृतियों में बुढ़ापे को नकारात्मक नहीं समझा जाता, वहां के लिए सब्जेक्टिव उम्र के विचार से वाकिफ नहीं होते। उनके एक शोध के दौरान बुजुर्ग व्यक्ति ने जवाब दिया, 'मैं 80 साल का हूं, लेकिन आपका क्या मतलब है कि मैं खुद को कितनी उम्र का महसूस करता हूं?' वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी की डॉ ट्रेसी गेंड्रोन के अनुसार 'जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हम अधिक खुश और संतुष्ट होने लगते हैं। सब्जेक्टिव उम्र के विचार के मुताबिक एक साठ साल का व्यक्ति खुद को 45 साल का महसूस कर सकता है। लोग लगातार परिपक्व होते हैं और कोई व्यक्ति जो 45 साल में होता है, वह 60 साल में नहीं हो सकता। यह सवाल दरअसल अनैतिक है। उम्र बढ़ना कोई नकारात्मक चीज नहीं। जो लोग जिंदगी का आनंद उठाना जानते हैं, वे हर उम्र में शांति से रह सकते हैं। और जो जिंदगी जीना नहीं जानते, वे बेशक 70 के हों और 40 का महसूस करते हों, संतुष्ट फिर भी नहीं हो सकते।' ऐसे लोगों का न सिर्फ सफल इतिहास होता है वरन प्रबल आशावादी और दृढ़ निश्चयी होते हैं। इनके लिए बाधाएं रुकावट नहीं बल्कि एक चुनौती होती हैं। ऐसे लोग सामान्यतः दिए की तरह होते हैं जो अपनी धनात्मक ऊर्जा से दूसरों को भी रौशन कर देते हैं।

---

**पहल** | कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था बैठक कर लिया निर्णय

# 11 मुस्लिम कन्याओं का सामूहिक निकाह 7 को

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा आगामी 7 फरवरी को 11 मुस्लिम कन्याओं का सामूहिक विवाह करने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ एक बैठक किया। बैठक में गया जिला के संरक्षक मौलाना उमर नूरानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि संस्था अपने उद्देश्यों को लेकर लगातार जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है।



बीते 6 दिसंबर को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह करने का जो संस्था के द्वारा बीड़ा उठाया गया था। वह सभी के सहयोग से सफल रहा इसी को देखते हुए संस्था के द्वारा आगामी 7 फरवरी को छतरपुर झलवा गांव स्थित कन्या का सामूहिक विवाह करने के लिए संस्था बीड़ा उठाई है। जो संस्था के द्वारा धूमधाम से निकाह कराते हुए विदाई स्वरूप सामग्री देकर विदा कराया जाएगा। संस्था के संरक्षक उमर नूरानी ने कहा कि संस्था के द्वारा लगातार बाल विवाह दहेज प्रथा भ्रूण हत्या जैसी कुर्तियां को बंद करने के लिए संस्था लगातार जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में संस्था का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि 7 फरवरी को झलूवा छतरपुर स्थित गांव में असहाय निर्धन 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में बगदाद शरीफ के अली इवे हमूद अलअरबी शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है। जिन किन्हीं असहाय निर्धन कन्याओं की विवाह करने में असमर्थ है। वह कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के संस्था के कार्यालय में आकर संपर्क करें। संस्था उन्हें विवाह कर कर विदाई स्वरूप घरेलू सामग्री प्रदान करेगी। इस अवसर पर संस्था के सह सचिव हसीबुल्लाह अंसारी, एनुअल हक अंसारी, मोहम्मद संजर, जुबेर आगम अली, अकरम, रहमत अंसारी, हाफिज नूर आलम, नवाब अली, अकील अहमद, हाजी मौलाना, खुर्शीद अंसारी, मुतुर्जा अंसारी, रशीद अंसारी, मोहम्मद आसिफ, सिराज अहमद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत का किया गया वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ पूरे शहर का भ्रमण कर घर-घर जाकर अयोध्या नगरी से आए पूजित अक्षत का वितरण करने और निमंत्रण देने का काम शुरू किया। टोली ने बंशीधर मंदिर प्रांगण से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए अहिपुरवा मोड़, हेन्हों मोड़, हनुमान चौक से स्टेशन रोड, जंगीपुर, धमनी आदि का भ्रमण किय। मौके पर विहिप के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप देव, श्री बंशीधर नगर प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडेय, विश्व हिंदू परिषद मंत्री राहुल जायसवाल, बजरंग दल संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, सौरभ सिंह आदि उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA


" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज




CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### गृह मंत्री अमित शाह की जम्मू-कश्मीर यात्रा स्थगित




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की 9 जनवरी को प्रस्तावित जम्मू-कश्मीर यात्रा खराब मौसम के कारण स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में सोमवार को गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि मौजूदा खराब मौसम की स्थिति और उसके पूर्वानुमान को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह की 9 जनवरी को प्रस्तावित जम्मू-कश्मीर की यात्रा को स्थगित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस प्रस्तावित यात्रा के दौरान शाह जम्मू में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने, जम्मू शहर में ई-बसों सहित 1379 करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन करने व 2348 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखने के लिए जाने वाले थे। शाह का जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और विकास की समीक्षा करने का भी कार्यक्रम था।

### देश में जून तक खोले जाएंगे 100 से अधिक पीएम दिव्याशा केन्द्र

**गोवा।** दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने के मकसद से देश में जून तक 100 से अधिक प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र (पीएमडीके) खोले जाएंगे। मौजूदा समय में इनकी संख्या 45 है। गोवा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि पीएमडीके की संख्या बढ़ाने से दिव्यांग लोगों को सहूलियत होगी और उन्हें सहायक उपकरणों के लिए कई किलोमीटर की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। पहले कृत्रिम अंग के लिए कई किलोमीटर जाकर केन्द्रों पर आवेदन देना पड़ता था या फिर कैंप के आयोजन का इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब सभी कश्मीर से कन्याकुमारी, लक्ष्यद्वीप के साथ राज्यों में पीएमडीके की शुरूआत की जा चुकी है।

### जापान के भूकंप प्रभावित इशिकावा प्रान्त में 128 की मौत, 195 लापता



**टोक्यो।** अधिकारियों ने कहा कि मध्य जापानी प्रान्त इशिकावा में मरने वालों की संख्या 128 तक पहुंच गई है। छह दिन पहले 7.6 तीव्रता तक के भूकंपों ने प्रीफेक्चर और इसके आसपास के क्षेत्र को प्रभावित किया था। भूकंप के कारण इशिकावा में 560 लोगों को चोटें आईं, प्रीफेक्चर में 195 निवासियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, भूकंप प्रभावित इलाकों में बचाव अभियान जारी है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, रात करीब 8:20 बजे इशिकावा प्रान्त के सुजु शहर में एक ढहे हुए घर से मलबे में फंसी 90 साल की एक महिला को बाहर निकाला गया। एक डॉक्टर ने रविवार को कहा कि सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप के 124 घंटे बाद बचाई गई बुजुर्ग महिला अब ठीक हो गई है। आपातकालीन बचाव दल के अनुसार, भूकंप के बाद 72 घंटों से अधिक समय तक लोगों को बचाया जाना दुर्लभ है, क्योंकि पहले तीन दिनों के बाद किसी आपदा में जीवित रहने की संभावना काफी कम हो जाती है।

# रामलला के आगमन पर किन्नरों में उत्साह, सोहर और बधाईयों का दौर शुरू

**एजेंसी। अयोध्या**

500 वर्षों के पराभव काल के बाद अब प्रभु श्रीराम के त्रेतायुगीन उसी वैभव को कलियुग में एक बार फिर साकार होता देख किन्नर समाज उल्लास से भर उठा है। अयोध्या का किन्नर समाज पुलकित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दुआएं दे रहा है। उनका कहना है कि इस गौरव को लौटाने वाले दोनों नायकों पर प्रभु श्रीराम सदा सहाय हों और दसों दिशाओं में इनका यशोगान होता रहे। ये वही किन्नर समाज है, जिसने रामलला के जन्म पर बधाई गाकर नेग स्वीकार करने के चलन को प्रचलन में लाया। ये वही समाज है जब वन को निर्वासित युवराज राम से मिलकर उनके आदेश पर चरण पादुका को सिर पर सुशोभित करते हुए भरत नंदीग्राम के लिए प्रस्थान कर गए। वहीं तमसा नदी के किनारे 14 वर्ष समाज से दूर रहकर किन्नर वनवास की अवधि के दौरान निरंतर राम राजा के यशोगान के निमित्त साधना आराधना में लीन रहे। गद्दीपति व अयोध्या जिले की किन्नर समाज की अध्यक्ष पिंकी मिश्रा ने बताया कि किन्नरों ने श्रीराम को गोद में लिया, ढोलक-मजीरा बजाकर बधाई गाई, बलाइयां लीं और उस नेग को स्वीकार किया जिसे राजा दशरथ के लाख अनुरोध के बाद भी कोई नहीं स्वीकार कर रहा था। वहीं, जब वनवास से राम जी लौटकर आए तो किन्नरों ने बताया कि प्रभु हमने अयोध्या से दूर रहकर आपका इंतजार करते हुए साधना-आराधना और यशोगान किया। प्रभु श्रीराम ने उनके इस अप्रतिम समर्पण को शीश झुकाकर प्रणाम किया और आशीर्वाद दिया कि जिस भी घर में दो से तीन प्राणी होंगे, मांगलिक कार्य होगा तो आप उनको बधाइयां व आशीर्वाद देंगे तथा बदले में नेग लेंगे। तब से यह परंपरा आज के दिन तक निरंतर कायम है। अहो भाग्य, राम जी फिर पधार रहे हैं। अपार खुशी है राम जी अपने राजमहल में विराजमान हो रहे हैं तो हम किन्नर झोली फैलाकर यह मांग कर रहे हैं कि भले एक पैसा ही सही, हमें राम जी का नेग दिया जाए क्योंकि हम राम जी का ही दिया खाते हैं और उन्हीं के गुण गाते हैं। किन्नर लवली ने कहा कि जन्मभूमि के लिए संघर्ष करने में गोरक्षपीठ की बड़ी भूमिका रही है। महंत दिग्विजयनाथ हों या महंत अवेद्यनाथ, जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में जब भी कुछ नया घटनाक्रम हुआ, गोरक्षनाथ महत्वपूर्ण भूमिका में रहा।

यहां आकर राम मंदिर के लिए चिंता और चिंतन करने वाले योगी आदित्यनाथ को जब मौका मिला तो उन्होंने पूर्वजों की उस साधना को सिद्धि में परिवर्तित करके दिखा दिया। सीएम योगी बार-बार कहते हैं कि मेरे एक ही राजा हैं-वो हैं राजा राम। राजा राम की नगरी के विकास को लेकर उन्होंने इस बात को साबित भी किया है। किन्नर नरगिस ने कहा कि सप्तपुरियों में प्रथम अयोध्या धाम विकास और विरासत के संरक्षण की मानक नगरी बनेगी।





बिहार के सिवान की बेटी स्वाती मिश्रा के राम आयेंगे तो अंगना... के बाद अब मोतिहारी की चार मुस्लिम बहनों के गाये राम भजन की धूम मची हुई है। इनके गाये भजन सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। रक्सौल प्रखंड के तुमड़िया टोला के ऑटो ड्राइवर हाजी हुसैन की चारों बेटियां शिव तांडव, हनुमान चालीसा, शिव भजन और श्लोक ऐसे गाती हैं मानो इनके कंठ में मां सरस्वती विराजमान हों... चारों बहनें जब भजन गाती हैं तो सामने वाला मंत्रमुग्ध हो जाता है...

# 'गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के भविष्य पर फोकस कर रही है सरकार'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को अपनी सबसे प्रिय चार जाति बताते हुए कहा है कि उनकी सरकार इन चारों जातियों के भविष्य पर फोकस कर रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज देशभर में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में 'मोदी की गारंटी' की चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी सरकार यह नहीं चाहती है कि जिन परेशानियों का सामना बुजुर्गों को करना पड़ा, उसका सामना वर्तमान या भविष्य की पीढ़ियों को करना पड़े, इसलिए उनकी सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के भविष्य पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि हम देश की एक बहुत बड़ी आबादी को रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए होने वाले संघर्षों से बाहर निकालना चाहते हैं। हम गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के भविष्य पर फोकस कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर उनकी प्रिय ये चारों बड़ी जातियां विकसित हो जाएगी तो विकसित भारत बनने का सपना साकार हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने देश के गांवों और शहरों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए हर जगह उमंग और उत्साह होने की बात कहते हुए कहा कि आज देश के कोने-कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। यह सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2-3 दिन पहले ही विकसित भारत संकल्प यात्रा ने अपने 50 दिन पूरे किए हैं। इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है। यात्रा के मकसद को स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही है।

उन्होंने कहा कि जबसे ये यात्रा शुरू हुई है, तबसे लगभग 12 लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 2 करोड़ से ज्यादा गरीबों के स्वास्थ्य की जांच हुई है। इसी समय में 1 करोड़ लोगों की टीबी की बीमारी की भी जांच हुई है। 22 लाख लोगों की एनीमिया की जांच हुई है। ये सारे लोग गांव, गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोग हैं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को होने वाले फायदे को गिनाते हुए यह भी बताया कि कैसे इस यात्रा से देश के किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को लाभ हो रहा है। अपने संबोधन से पहले प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अर्जुन मुंडा और ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित मोदी सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी देश के विभिन्न शहरों से इस कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए।

# बिलकिस मामला : एससी के फैसले के बाद विपक्ष ने भाजपा पर साधा निशाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिलकिस बानो मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के आदेश को पलट दिया। 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा से छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को यह कहकर रद्द कर दिया। इस मामले में विपक्षी नेताओं ने जमकर भाजपा पर निशाना साधा है।

### प्रियंका गांधी ने फैसले का किया स्वागत



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि अंततः न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक दुष्कर्म की शिकार बिलकिस के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है। उन्होंने एक्स पर कहा, अंततः न्याय की जीत हुई है।

### चुनावी फायदे के लिए न्याय की हत्या : राहुल



वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि चुनावी फायदे के लिए न्याय की हत्या की गई। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर देश को बता दिया कि अपराधियों का संरक्षक कौन है।

### बीजेपी ने दोषियों को रिहा करवाया : ओवैशी



हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद बीजेपी और तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, मैं शुरू से कह रहा हूं कि बिलकिस बानो मामले में जब गुजरात में नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री थे। उस समय उनकी सरकार ने इस मामले के दोषियों का साथ दिया था।

# न्यूजीलैंड की युवा सांसद हाना राविती का 'माओरी हाका' हुआ वायरल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

170 साल में न्यूजीलैंड की सबसे कम उम्र की सांसद हाना-राविती माईपी-क्लार्क ने संसद में अपनी स्वदेशी जड़ों का सम्मान करने के लिए अपना पहला भाषण 'माओरी हाका' का प्रदर्शन किया। अब ये वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने अपने मतदाताओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि मैं आपके लिए मर जाऊंगी... लेकिन मैं आपके लिए जीऊंगी।



न्यूजीलैंड के सांसद ने ते पेतिहाना की 50वीं वर्षगांठ (जो उस याचिका का प्रतीक है जहां माओरी समूहों ने राष्ट्रीय मान्यता और ते रेओ माओरी के पुनरुद्धार की वकालत की थी) पर संसद के बाहर अपने पहले के भाषण को भी याद किया। माईपी-क्लार्क ने कहा, केवल कुछ हफ्तों में, इस सरकार ने मेरी पूरी दुनिया पर हमला कर दिया है। स्वास्थ्य, ताइओ (पर्यावरण), वाई (पानी), व्हेनुआ (भूमि), प्राकृतिक संसाधन, माओरी वार्ड, रेओ (भाषा), तामारिकी, और अधिकार का हनन किया।

### अमेरिकी रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन अस्पताल में भर्ती



**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन के कई दिनों से अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी राष्ट्रपति जो बाइडेन से छुपाने के लिए पेंटागन को तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि लॉयड ने इसके लिए माफी मांगकर इस विवाद का पटाक्षेप करने की कोशिश की है।

# बांग्लादेश में शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग को फिर मिला जनादेश

**12वें संसदीय चुनाव में जनता ने विपक्ष से ज्यादा स्वतंत्र उम्मीदवारों पर जताया भरोसा**

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का पांचवीं बार सत्ता संभालने का रास्ता साफ हो गया। रविवार को हुए 12वें संसदीय आम चुनाव में उनकी पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग को जनादेश मिला है। बांग्लादेश निर्वाचन आयोग ने मतगणना के नतीजों की घोषणा कर दी। स्थानीय समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, अवामी लीग ने 223 सीटों पर जीत हासिल की है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गोपालगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र में भारी जीत हासिल की।



संसद सदस्य के रूप में यह उनका आठवां कार्यकाल होगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जनता ने किसी भी राजनीतिक दल के बजाय स्वतंत्र उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है। 63 स्वतंत्र उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। आयोग के अनुसार, जातीय पार्टी 300 सीटों में से केवल 11 सीटें हासिल करने में सफल रही।

## निर्णय

**'राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी' के उद्घाटन में बोले अमित शाह**

# अब गांव के लोगों को भी मिलेगी सस्ती दवाएं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी सस्ती दवा उपलब्ध कराई जाएगी। मोदी सरकार ने पैक्स के माध्यम से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण भारत को भी सस्ती दवा उपलब्ध कराई जा सकेगी। सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित 'राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से लोगों को रियायती दरों पर जेनेरिक दवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। जन औषधि केन्द्र की वजह से अभी तक लोगों की 26 हजार करोड़ रुपये बचत हो चुकी है।

शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय आने वाले समय में दो लाख पैक्स बनाने की दिशा में काम कर रहा है। पैक्स सहकारिता आंदोलन की रीढ़ की तरह है। पैक्स के माध्यम से पेट्रोल पंप खोलने से लेकर रेलवे की टिकट करने तक और राशन की दुकान से लेकर रासायनिक खाद बेचने का कार्य किया जा रहा है। पैक्स को अभी तक कुल 22 सेवाओं के लिए चुना गया है। पैक्स अनाज भंडारण से लेकर किसानों को रासायनिक खाद छिड़काव के लिए ड्रोन उपलब्ध कराने का कार्य भी करेंगे। देशभर में 28 हजार पैक्स कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बन चुकी हैं। ये पैक्स राज्य और केन्द्र की लगभग 300 से अधिक सेवाओं को लोगों तक पहुंचा रही हैं।

### गरीबों के लिए वरदान है प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र : डॉ. मांडविया



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इन केन्द्रों पर 50 से 90 फीसदी रियायती दरों पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हैं। मांडविया ने सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित 'राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी' को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर से 4400 से भी अधिक पैक्स की तरफ से भारत सरकार के औषधि विभाग के पोर्टल पर जन औषधि केन्द्र खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं। जिनमें से 2300 से अधिक समितियों को जन औषधि केन्द्र खोलने की मान्यता दी गई है और लगभग 500 पैक्स प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का संचालन शुरू कर चुके हैं। मांडविया ने कहा कि पैक्स के माध्यम से जन औषधि केन्द्र के संचालन से देश के गरीब तबके को बहुत राहत मिलेगी।

### पाक में पुलिस वैन में विस्फोट, पांच की मौत, 27 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले की मामुंड तहसील में सोमवार को एक पुलिस वैन के पास हुए विस्फोट में पांच पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी काशिफ जुल्फिकार ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की। स्थानीय समाचार पत्र डान ने अपनी रिपोर्ट में बाजौर पुलिस प्रवक्ता इसरार अहमद के हवाले से कहा है कि इस इलाके में पोलियो टीकाकरण अभियान चल रहा है। पुलिस अधिकारी और जवान पोलियो टीमों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनकी वैन को निशाना बनाया गया। जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ वजीर खान सफी ने कहा कि 12 घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल 10 अन्य को पेशावर रेफर किया गया है।

## फिल्म जगत

### 9 फरवरी को आर्या के रूप में 'अंतिम वार' के लिए तैयार सुष्मिता सेन





**मुंबई।** एक्ट्रेस सुष्मिता सेन आर्या सरीन के रूप में अपने 'अंतिम वार' के लिए पूरी तरह तैयार हैं, निर्माताओं ने 'आर्या अंतिम वार' की घोषणा की है। यह 9 फरवरी, 2024 से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है। सुष्मिता सेन, जो आर्या सरीन की मुख्य भूमिका निभाती हैं, ने कहाः आर्या मेरे दिल में एक गहरी जगह रखती है, सीजन 3 जारी है। आर्या का प्रत्येक एपिसोड एक ऐसी दुनिया की यात्रा है जो मेरे अस्तित्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है।" उन्होंने कहा कि आर्या अंतिम वार के आगमन के साथ, दर्शकों को आर्या का एक ऐसा पक्ष देखने को मिलेगा जो पहले देखी गई किसी भी चीज से परे है। सुष्मिता ने कहा, "गहराई, सघनता, नए घाव और वह उदासी जो संभवतः उसकी कहानी के निष्कर्ष को प्रेरित करती है। इस किरदार को निभाने से मुझे जितना सोचा था, उससे कहीं अधिक मिला है। मैं इस किरदार के गहन विकास और उस कहानी का अनुभव करने के लिए रोमांचित हूं जिसने मेरे दिल को इतनी गहराई से छू लिया है।" राम माधवानी द्वारा निर्मित और सह-निर्देशित, 'आर्या' सीजन 3 में प्रतिभाशाली कलाकारों की टोली है, जिसमें सुष्मिता सेन, इला अरुण, सिकंदर खेर, इंद्रनील सेनगुप्ता, विकास कुमार, माया सराओ, गीतांजलि कुलकर्णी, श्वेता पसरीचा, वीरेन वजीरानी, प्रत्यक्ष पंवार, आरुषि बजाज, भूपेन्द्र जाड़ावत और विश्वजीत प्रधान सहित अन्य शामिल हैं।